नई दिल्ली

गुरुवार, 25 जनवरी 2024

पौष मास शुक्ल पक्ष,
पूर्णिमा वर्ष : 27, अंक : 291
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 15
न्यून. 08

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


### 3000 प्रतिभागी पीएम के साथ बातचीत करेंगे

## रिकॉर्ड 2.26 करोड़ रजिस्ट्रेशन 29 को मंडपम में छात्रों से 'रूबरू' होंगे प्रधानमंत्री मोदी

एकलव्य से पहली बार 100 छात्र हिस्सा लेंगे




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हर साल की तरह इस बार भी पीएम मोदी परीक्षा से पहले छात्रों के साथ संवाद करेंगे। 'परीक्षा पे चर्चा-2024' का कार्यक्रम 29 जनवरी को प्रातः 11 बजे भारत मंडपम प्रगति मैदान नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है।

वहीं, इस बार पीएम मोदी के स्कूली छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत कार्यक्रम के 7वें संस्करण, परीक्षा पे चर्चा 2024 के लिए माईगॉव पोर्टल पर रिकॉर्ड 2.26 करोड़ ▶▶ शेष पेज 7 पर

### इससे पहले हुई देश भर में पेंटिंग प्रतियोगिता

प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से दो छात्रों और एक शिक्षक और कला उत्सव के विजेताओं को मुख्य कार्यक्रम के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। देश के विभिन्न हिस्सों से एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) के 100 छात्र स्थापना के बाद पहली बार इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। छात्रों के बीच परीक्षा के तनाव से निपटने के लिए एक ▶▶ शेष पेज 7 पर

### पीएम मोदी ने एनसीसी व एनएसएस कैडेट्स से मुलाकात की और संवाद किया, कहा

# आपकी जनरेशन जेन- जेड, पर मैं आपको अमृत पीढ़ी ही कहूंगा

*युवाओं को कर्पूरी ठाकुर के बारे में पढ़ना चाहिए। आज भी उनकी ईमानदारी की मिसाल दी जाती है।*

*पीएम ने कहा कि इस साल की गणतंत्र दिवस परेड दो कारणों से खास है। पहला- यह 75वां गणतंत्र दिवस होगा और दूसरा- यह देश की नारी शक्ति को समर्पित है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को एनसीसी व एनएसएस कैडेट्स के एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस साल की गणतंत्र दिवस परेड दो कारणों से खास है। पहला- यह 75वां गणतंत्र दिवस होगा और दूसरा- यह देश की नारी शक्ति को समर्पित है। पीएम मोदी ने वहां मौजूद कैडेट्स ▶▶ शेष पेज 7 पर

जनरेशन जेड (जेन-जेड), बोलचाल की भाषा में ज़ूमर्स के रूप में जाना जाता है, यह मिलेनियल्स और पूर्ववर्ती पीढ़ी अल्फा के बाद का जनसांख्यिकीय समूह है। जेन जेड 1995 से 2012 के बीच पैदा हुए लोगों को कहा जाता है।



### जो करना है वो देश के लिए करना है

मोदी ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि आपने यहां पर जो सांस्कृतिक प्रस्तुति दी उसे देखकर गर्व की अनुभूति हो रही है। आप गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा बनने जा रहे हैं हमारा संकल्प है कि अमृत पीढ़ी का हर सपना पूरा हो, आपके सामने अवसरों की भरमार हो, अमृत पीढ़ी के रास्ते हर बाधा दूर हो। अमृतकाल की इस यात्रा में आप मेरी एक बात हमेशा याद रखिएगा कि जो करना है वो देश के लिए करना है।

### जननायक कर्पूरी ठाकुर के जीवन से सीखें

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी के लिए कर्पूरी ठाकुर जी के बारे में जानना, उनके जीवन से सीखना बहुत जरूरी है। वे अत्यधिक गरीबी और सामाजिक असमानता की चुनौतियों का सामना करते हुए उच्च पद तक पहुंचे। वह दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे, लेकिन उन्होंने समाज के लिए काम करना और अपने विनम्र स्वभाव को कभी नहीं छोड़ा।





inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### खबर संक्षेप

#### लखनऊ से सपा के उम्मीदवार का ऐलान

**लखनऊ।** समाजवादी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ लोकसभा सीट से रविदास मेहरोत्रा को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। इससे पहले समाजवादी पार्टी ने लखनऊ के नेताओं की बैठक बुलाई।



जिसमें लखनऊ के बूथ स्तर से लेकर के जिला स्तर तक के सभी नेता मौजूद थे। इसी में मेहरोत्रा के नाम पर सहमति बनी। अखिलेश यादव ने कहा कि रविदास मेहरोत्रा सबसे संघर्षशील नेता हैं। वे कई बार जेल जा चुके हैं और अलग-अलग आंदोलन से जुड़े रहे हैं।

#### आज 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**नई दिल्ली।** भारत आज 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने जा रहा है। इसके लिए चुनाव आयोग ने तमाम राज्यों और जिलों में तैयारियां की हैं। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में चुनावी जागरुकता पैदा करना और उन्हें चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। खासतौर पर नए युवा मतदाताओं के नामांकन की सुविधा भी इसी दिन की जाती है। तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने पहली बार 2011 में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया।



### पूर्व सीएम दिग्विजय ने फिर उठाए ईवीएम पर सवाल, 'कथित हैकिंग' का दिया डेमोंस्ट्रेशन

# दिग्विजय : 40 प्रतिशत वोटों में हेर-फेर संभव भाजपा : क्या हैकिंग से कांग्रेसी सरकारें बनाई ?

डेमोंस्ट्रेशन में कथित तौर पर दावा किया गया कि प्रतीकात्मक रूप से 'केले' पर ज्यादा वोट डाले लेकिन 'सेब' पर गिरे

भाजपा ने पूछा- क्या कर्नाटक, हिमाचल और तेलंगाना में ईवीएम हैक कर कांग्रेसी सरकारें बनाई हैं, दिग्विजय सिंह इसे स्पष्ट करें?



*गुजरात के ईवीएम एक्सपर्ट अतुल पटेल से पूरी मतदान प्रक्रिया का डेमो कराया गया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डेढ़ महीने पहले मप्र समेत तीन राज्यों में भाजपा ने पूर्ण बहुमत से सरकार बनाई है। अब इसे लेकर कांग्रेस ने एक बार फिर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लेकर सवाल उठाए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने गुजरात से आए अतुल पटेल के साथ ईवीएम को हैक कर दिखाया। बचते-बचाते यह दावा भी कर दिया कि ईवीएम हैकिंग से 30 से 40 ▶▶ शेष पेज 7 पर

### निर्वाचन आयोग से भी पूछे सवाल...

#### ईवीएम के सॉफ्टवेयर को पब्लिक डोमेन में क्यों नहीं डाला

*दिग्विजय सिंह ने कहा कि 2003 से लेकर आज तक निर्वाचन आयोग ने ईवीएम के सॉफ्टवेयर को पब्लिक डोमेन में क्यों नहीं डाला है? मशीन के पाट्‌र्स अलग-अलग जगह से आते हैं। पहले इसमें लगने वाला चिप सिंगल प्रोग्रामेबल था, जिसे अब मल्टीपल प्रोग्रामेबल चिप में तब्दील कर दिया है। ऐसा क्यों है चुनाव आयोग इन सवालों का जवाब नहीं दे रहा है। सॉफ्टवेयर कौन डाल रहा है। इसका कोई जवाब नहीं है। भाजपा को जनता का नहीं मशीन* ▶▶ शेष पेज 7 पर

*भाजपा ने किया पलटवार, कहा- अपने नकारा नेतृत्व की नाकामी छिपा रहे हैं दिग्विजय*

## कांग्रेस ने लोकसभा में हार के बहानों की अभी से तलाश शुरु कर दी : वीडी शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के ईवीएम पर सवाल उठाने के मुद्दे पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उनके नेता अपने नेतृत्व की नाकामी छिपाने के लिए हर बार चुनावी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ते रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की नीतियों के प्रति देश में जो लहर दिखाई दे रही है, उससे यह स्पष्ट हो गया है कि लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस और सहयोगी दलों की करारी हार होने वाली है। इसलिए कांग्रेस नेता सिंह ने इस हार के लिए अभी से बहानों की तलाश शुरू कर दी है। अध्यक्ष शर्मा ने ईवीएम को लेकर सिंह के बयान को दुष्प्रचार का हथकंडा करार दिया। ▶▶ शेष पेज 7 पर

**सिंह का बयान दुष्प्रचार का एक हथकंडा**

### चुनाव आयोग के सामने क्यों नहीं किया हैकिंग का प्रदर्शन?



प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस और दिग्विजय सिंह जैसे नेताओं की हमेशा कोशिश रही है कि ईवीएम के नाम पर मतदाताओं को गुमराह किया जाता रहे। आज जो दिग्विजय सिंह यह रोना रो रहे हैं कि चुनाव आयोग ईवीएम को लेकर उनकी बात सुनने को तैयार नहीं है, उन्हें मिलने का समय नहीं दिया जा रहा है, वो उस समय कहां थे, जब चुनाव आयोग ने उन्हें ईवीएम हैक करके दिखाने की चुनौती दी थी? तब उन्होंने क्यों नहीं आयोग के दफ्तर में ईवीएम को हैक करके दिखाया? सिंह यह अच्छे से जानते थे कि यदि वे चुनाव आयोग के इस चैलेंज को स्वीकार करते हैं, तो उनके झूठ का भांडा फूट जाएगा। फिर कभी वो जनता को गुमराह करने के लिए ईवीएम की आड़ नहीं ले सकेंगे।

#### ईवीएम कांग्रेस की ही देन, तब खोट क्यों नजर नहीं आई?

शर्मा ने कहा कि दिग्विजय सिंह आखिर यह बात क्यों भूल जाते हैं कि ईवीएम कांग्रेस की ही देन है। कांग्रेस सरकार के समय ही 2003 के चुनाव में लाई गई थी, तब सोनिया सेना ने 2004 के चुनाव ईवीएम से ही कराए थे। इसके बाद यूपीए गठबंधन ने जीत दर्ज की थी। तब दिग्विजय को ईवीएम में खोट क्यों नजर नहीं आई? 2009 में कैसे यूपीए गठबंधन ने ईवीएम हैक कर ली थी, इसका जिक्र दिग्विजय सिंह क्यों नहीं करते? अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल हमेशा हार पर ईवीएम को ▶▶ शेष पेज 7 पर

### हमारी पार्टी ने अब बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है : ममता

# 'माया' मिली न 'ममता'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/कोलकाता

विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) को बड़ा झटका देते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बेनर्जी ने बुधवार को घोषणा की है कि उनकी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव राज्य में अकेले लड़ने का फैसला किया है। बेनर्जी ने कांग्रेस और टीएमसी के बीच सीटों के बंटवारे पर चल रहे टकराव के बीच कहा, मैंने उन्हें (कांग्रेस) सीटों के बंटवारे पर एक प्रस्ताव दिया था, लेकिन उन्होंने शुरू में ही इसे नकार दिया। हमारी पार्टी ने अब बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने सीटों के बंटवारे पर चर्चा को लेकर मीडिया में आ रही खबरों का भी खंडन किया और कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर कांग्रेस में किसी से भी बात नहीं की है। उन्होंने ▶▶ शेष पेज 7 पर



#### 'इंडिया' की बैठक से बनाई थी दूरी

तृणमूल कांग्रेस हाल में 'इंडिया' गठबंधन की एक डिजिटल माध्यम से आयोजित बैठक से दूर रही थी। कांग्रेस के लिए बंगाल में अपनी सीमाओं को पहचानने की आवश्यकता और राज्य की राजनीतिक लड़ाई का नेतृत्व टीएमसी को करने देने की अनुमति देने की आवश्यकता पर जोर दिया था। टीएमसी ने 2001 के विधानसभा चुनाव, 2009 के लोकसभा चुनाव और 2011 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस से गठबंधन किया था। गठबंधन ने 2011 के चुनाव में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की अगुवाई वाले वाम मोर्चा की 34 साल पुरानी सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया था।

#### पंजाब में आप भी अकेले लड़ेगी चुनाव



पंजाब में कांग्रेस के साथ गठबंधन पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को कहा कि देश में पंजाब हीरो बनेगा। लोकसभा चुनाव में पंजाब में आप सभी 13 सीटें जीतेगी। सीएम ने कहा हम सभी 13 सीटों पर लड़ रहे हैं पंजाब में कांग्रेस से हमारा कोई समझौता नहीं। मान ने कहा कि पंजाब में 13 लोकसभा सीट के लिए करीब 40 उम्मीदवार शार्ट लिस्ट किए गए हैं। पार्टी लोकसभा की 13 सीटों के लिए सर्वे करा रही है। मान का यह बयान संकेत देता है कि केजरीवाल की पार्टी पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने का मन बना चुकी है।

### डीजीसीए ने की कार्रवाई

## नियमों का उल्लंघन, एयर इंडिया पर ठोका 1.10 करोड़ का जुर्माना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने उड़ानों में अनियमितता की कई घटनाओं के बीच सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के आरोप में एयर इंडिया पर 1.10 करोड़ रुपए का भारी जुर्माना लगाया है। रेग्यूलेटरी बॉडी को एयरलाइन्स के एक कर्मचारी द्वारा कुछ मार्गों पर सुरक्षा उल्लंघनों का आरोप लगाते हुए एक सुरक्षा रिपोर्ट मिली थी, जिस पर कार्रवाई की गई है।



डीजीसीए ने कहा, एक एयरलाइन कर्मचारी से एक स्वैच्छिक सुरक्षा रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद, जिसमें एयर इंडिया द्वारा कुछ लंबी दूरी के महत्वपूर्ण मार्गों पर संचालित उड़ानों में सुरक्षा उल्लंघन का आरोप लगाया गया है, कथित उल्लंघनों ▶▶ शेष पेज 7 पर

### दिल्ली पुलिस ने पेश की सीलबंद रिपोर्ट

## रेप पीड़िता की पहचान उजागर की राहुल के खिलाफ एफआईआर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को दिल्ली हाई कोर्ट को सूचित किया कि उन्होंने 2021 का एक विवादास्पद पोस्ट डिलीट कर दिया है, जिसमें कथित तौर पर 9 वर्षीय बलात्कार पीड़िता की पहचान उजागर किया गया था।

यह खुलासा गांधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने वाली एक जनहित याचिका (पीआईएल) की सुनवाई के दौरान किया गया।



दिल्ली पुलिस ने अदालत को बताया कि कथित बलात्कार पीड़िता की पहचान उजागर करने वाले ट्वीट को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। राहुल गांधी के वकील ▶▶ शेष पेज 7 पर

### अंतरिम बजट में हो सकती है 'बड़ी घोषणा'

## पुरानी पेंशन भूल जाइए, एनपीएस में केंद्र सरकार करेगी बड़ा बदलाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

1 फरवरी 2024 को देश का नया बजट पेश होगा। इस बार अंतरिम बजट है यानी चुनाव से पहले आने वाला बजट। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया जाने वाला यह छठा बजट होगा। सरकार इस बजट में नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) को और आकर्षक बनाने से जुड़ी बड़ी घोषणा कर सकती है। 75 साल से ज्यादा के वरिष्ठ नागरिकों के योगदान और निकासी पर टैक्स रियायतें बढ़ाने का ▶▶ शेष पेज 7 पर



#### अपेक्षा : एनपीएस का सालाना योगदान टैक्स फ्री हो

*बजट अपेक्षाओं के मुताबिक, बता दें कि एनपीएस के जरिए लॉन्ग-टर्म सेविंग्स को बढ़ावा देने और 75 साल से ज्यादा के सीनियर सिटीजन का टैक्स बोझ कम करने के लिए 75 साल ज्यादा के नागरिकों के लिए एनपीएस का सालाना योगदान टैक्स फ्री होना चाहिए। गौर करने वाली बात है कि सरकार ने पिछले साल (2023) में फाइनेंस सेक्रेटरी टीवी सोमनाथन की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की। इस कमेटी को पेंशन सिस्टम को रिव्यू करने और बेहतर करने के सुझाव देने के लिए बनाया गया था। अभी तक इस कमेटी की रिपोर्ट आना बाकी है।*

### रामलला के दर्शन के लिए भक्तों का तांता, सीएम योगी खुद देख रहे व्यवस्था

# राम मंदिर में एक ही दिन में आया 3 करोड़ 17 लाख का चढ़ावा

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

राम मंदिर के उद्घाटन होते ही भक्तों की भीड़ रामलला के दर्शन को उमड़ पड़ी। पहले दिन मंगलवार को भीड़ को काबू करने में पुलिस-प्रशासन के पसीने छूट गए। खुद योगी आदित्यनाथ को मोर्चा संभालना पड़ा। अयोध्या पहुंची सीएम योगी ने अधिकारियों के साथ बैठक की और सख्त निर्देश दिए। श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को रामभक्तों ने 3 करोड़ 17 लाख रुपए का दान देकर एक रिकॉर्ड कायम किया है। इधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में एक उच्चस्तरीय बैठक में अयोध्या में रामलला के दर्शनार्थियों की भारी भीड़ को देखते हुए परिवहन विभाग, नगर विकास ▶▶ शेष पेज 7 पर

- सीएम योगी ने वीवीआईपी से की अपील, कहा- आने से सात दिन पहले बताएं



गर्भगृह में विराजमान



रामलला की दूसरी प्रतिमा



रामलला की तीसरी प्रतिमा

#### रामलला की तीसरी मूर्ति आई सामने

**अयोध्या/लखनऊ।** राम मंदिर में स्थापित होने वाली भगवान राम की दो और मूर्तियां सामने आ गई हैं। रामलला के दूसरे विग्रह की तस्वीर भी अब सामने आ चुकी है। इसे प्रथम तल पर लगाया जा सकता है. इस मूर्ति को सत्य नारायण पांडे ने बनाया है। दूसरी मूर्ति की सामने आई तस्वीर में दिख रहा है कि वह श्वेत वर्ण की है. इसमें ▶▶ शेष पेज 7 पर

#### पीएम की मंत्रियों को सलाह अभी न जाएं अयोध्या

रामलला प्राण प्रतिष्ठान के बाद से भक्तों की भारी भीड़ अयोध्या में उमड़ रही है। लोग भगवान राम का दर्शन करने को आतुर हैं। इसी बीच कैबिनेट मीटिंग के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सहयोगियों से अपील की है कि कम से कम मार्च तक अयोध्या में राम मंदिर का दौरा न करें। पीएम ने मंत्रियों को सुझाव दिया कि भारी भीड़ और प्रोटोकॉल वाले वीआईपी के कारण जनता को होने वाली असुविधा को रोकने के लिए, सभी केंद्रीय मंत्रियों को मार्च में अयोध्या जाने की अपनी यात्रा की योजना बनानी चाहिए ताकि भक्तों को दिक्कत न आए।




## आनंद पर्वत : बहस के बाद पड़ोसी ने चाकू मार उतारा मौत के घाट



**नई दिल्ली।** राजधानी में लोग छोटी छोटी बातों पर मरने मारने को उतारू हो जाते हैं। ताजा मामला आनंद पर्वत इलाके का है जहां बहस के बाद एक पड़ोसी ने युवक को चाकू मारकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने कुछ ही घंटों के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम सूरज और मृतक का कमल बताया गया है। शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस के अनुसार कमल और सूरज दोनों पटेल नगर के पंजाबी बस्ती में पड़ोसी थे। मंगलवार को दोनों में किसी बात को लेकर बहस इतनी बढ़ गई की पहले गाली गलौज हुआ और फिर बात मारपीट तक पहुंच गई। इसी दौरान गुस्से में आकर सूरज ने कमल पर चाकू से हमला कर दिया। मृतक और आरोपी की उम्र लगभग 22 वर्ष के आसपास है। मामले में पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया है।

### कर्तव्य पथ पर 77 हजार लोगों के आने की संभावना

# गणतंत्र दिवस परेड की सुरक्षा में तैनात होंगे 14 हजार कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में कर्तव्य पथ और उसके आसपास के इलाकों में करीब 14000 सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया जाएगा जहां से 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड शुरू होगी। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि इस साल परेड देखने के लिए कर्तव्य पथ पर करीब 77,000 लोगों के आने की संभावना है जिसके मद्देनजर सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। दिल्ली पुलिस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन के दौरान विशेष पुलिस आयुक्त (सुरक्षा) दीपेंद्र पाठक ने कहा कि गणतंत्र दिवस के लिए दिल्ली के चारों ओर चाक चौबंद




सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पुलिस ने यह सुनिश्चित किया है कि अयोध्या के राम मंदिर में सोमवार को हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद दिल्ली के संवेदनशील इलाकों में शांति बनी रहे। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों के बीच आपसी सहयोग की मदद से सीमावर्ती इलाकों में शांति कायम रखी जा रही है। विशेष पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था, जोन दो) मधुप तिवारी ने कहा कि परेड में कम से कम 77,000 लोगों के आने की संभावना है। तिवारी ने कहा कि सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमने नयी दिल्ली जिले को 28 जोन में बांटा है। इन जोन का नेतृत्व वरिष्ठ अधिकारी करेंगे। परेड नई दिल्ली जिले से शुरू होगी।

उन्होंने कहा कि गुमशुदा व्यक्ति बूथ, हेल्पडेस्क, प्राथमिक चिकित्सा कियोस्क और सुविधा बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां आगंतुक परेड स्थल पर जाने से पहले अपने वाहनों की चाबियां जमा कर सकते हैं। तिवारी ने लोगों से समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने और गहन जांच के दौरान सुरक्षा कर्मियों के साथ सहयोग करने का भी अनुरोध किया।

## कल सुबह चार बजे से चलेगी मेट्रो, यात्रियों की सुविधा के लिए डीएमआरसी जारी करेगा कूपन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर सुबह चार बजे से चलेगी। गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए कर्तव्य पथ जाने वाले लोगों की सहूलियत के लिए यह सुविधा दी जा रही है। इस बारे में दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के प्रवक्ता ने बताया कि गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की सुबह चार बजे से सुबह छह बजे तक प्रत्येक 30 मिनट के अंतराल पर मेट्रो रेल सुविधा मिलेगी। जबकि छह बजे के बाद सामान्य सेवाएं पहले की तरह चलेगी। प्रवक्ता के अनुसार जिन लोगों के पास गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने के लिए हार्ड वास्तविक ई-



निमंत्रण कार्ड या ई-टिकट होंगे, उन्हें स्टेशनों पर सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र दिखाने पर कूपन जारी किए जाएंगे जो कर्तव्य पथ पर पहुंचने के लिए केवल केंद्रीय सचिवालय और उद्योग भवन स्टेशन से बाहर निकलने के लिए मान्य होंगे। उन्होंने बताया कि यही कूपन इन दोनों स्टेशन के रास्ते वापसी की यात्रा के लिए भी मान्य होंगे। प्रवक्ता का कहना है कि जिन यात्रियों को निमंत्रण कार्ड पर 1 से 9 और वी1 और वी2 संख्या के इन्क्लोजर में सीट चिन्हित की गई है, उन्हें उद्योग भवन स्टेशन पर उतरना चाहिए। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार, 10 से 24 और वी एन इन्क्लोजर में चिह्नित (निमंत्रण कार्ड के साथ) सीट के लिए लोगों को केंद्रीय सचिवालय स्टेशन पर उतरने की सलाह दी जाती है। यात्रियों को इसके बारे में सूचित करने के लिए ट्रेन के अंदर नियमित घोषणाएं भी की जाएंगी ताकि वे अपने इनक्लोजर तक आसानी से पहुंचने के लिए निर्धारित स्टेशन पर उतरें।

## डीटीसी ने रूटों में किए बदलाव, यात्रियों की सुविधा के लिए उठाए कदम

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के मौके पर यात्रियों की सुविधा के लिए कई रूटों के परिचालन में बदलाव किया है। डीटीसी के सीजीएम, प्रवक्ता संजय सक्सेना के अनुसार शुक्रवार 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर लिए यात्रियों के लिए सुगम यातायात व्यवस्था के लिए कई कदम उठाए गए है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर बसों को विजय चौक, राजपथ, इंडिया गेट, तिलक मार्ग पर



किसी यातायात की अनुमति नहीं होगी। इसलिए कई रूटों के मार्ग सुबह चार बजे से ही बदल जाएगें। उन्होंने बताया कि बस रूट नंबर 604, 620, 47 ए, 522, 522ए, 502, 433, 460, 505, 615, 680, 610, 781 440,335, 375, 623, 623बी,375, 419 के परिचालन में बदलाव किया गया है। यात्रियों से अपील है कि सपुर शुरू करने से पहले पूरी जानकारी प्राप्त कर लें। यात्री डीटीसी की हेल्पलाइन पर पूछताछ कर सकते है।

## महिला और उसके बच्चे पर पालतू कुत्तों के हमले को लेकर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शाहदरा जिले के विश्वास नगर इलाके में दो पालतू कुत्तों का कहर देखने को मिला। कुत्तों ने दो साल के मासूम पर हमला कर दिया। बच्चा उस वक्त मां की गोद में था। किसी तरह महिला ने हिम्मत दिखा बच्चे को कुत्तों से बचाया। इस घटना के दौरान महिला भी सड़क पर गिर घायल हो गई। शोर मचाने पर लोग मौके पर इकट्ठा हुये तब कहीं जाकर कुत्तों को काबू में किया गया।

पुलिस ने इस घटना को लेकर कुत्ते की मालकिन और उसके पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस

### विश्वास नगर की घटना

घटना वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस के मुताबिक यह घटना गली नंबर 4, विश्वास नगर, शाहदरा में सामने आई। बच्चे के पिता तनुज नांरग के बयान पर पड़ोसी दंपति के खिलाफ आईपीसी की धारा 289 व 337 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। तनुज नारंग ने बताया कि 22 जनवरी की शाम करीब साढ़े सात बजे उनकी पत्नी बेटे के साथ मंदिर से घर लौट रही थी। इस दौरान पड़ोसी महिला आशा गौड़ ने अपने घर का दरवाजा खोला और उनके दो कुत्ते एकदम से बाहर निकल आए। एक कुत्ता उनकी पत्नी की गोद में मौजूद बच्चे की ओर झपटा, उसके पैर को मुंह में दबा खींचने की कोशिश करने लगा। पत्नी ने किसी तरह बेटे को बचाया। कुत्ते के अचानक हमले में उनकी पत्नी भी सड़क पर गिर गई। लेकिन इसके बाद उसने बच्चे को अपनी गोद से नहीं छोड़ा। इस पूरी घटना के दौरान दूसरा कुत्ता भी तनुज की पत्नी के ऊपर झपटने लगा। आखिर में उनकी पत्नी ने घर के अंदर भागकर अपनी जान बचायी। तनुज का परिवार विश्वास नगर एरिया में ही रहता है। इस घटना के बाद घायल बच्चे को हॉस्पिटल में उपचार के लिये ले जाया गया गया।

## कालिंदी कुंज में झड़प को लेकर मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** कालिंदी कुंज इलाके में सोमवार को मोटर साइकिलों पर भगवा झंडे लिए एक समूह द्वारा मस्जिद के पास नारे लगाने और झड़प के मामले में पुलिस ने कार्रवाई स्वरूप सात लोगों को हिरासत में लिया है। नौ बाइक भी पुलिस द्वारा जब्त की गई है। इस घटना से जुड़े कुछ वीडियो भी वायरल हैं। पुलिस ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक घटना 22 जनवरी की शाम करीब साढ़े चार बजे की है। कुछ बाइक सवार लोग भगवा झंडे के साथ डी ब्लॉक खड्डा कॉलोनी, कालंदी कुंज जा रहे थे। रास्ते में एक मस्जिद के पास उन्होंने नारे लगाए। वहां पहुंचे दूसरे समूह के लोगों ने इसका विरोध किया। इस बात पर दोनों पक्ष के बीच कहासुनी व झड़प हुई। बात बढ़ जाने पर कुछ लोग मौके पर ही अपनी बाइक छोड़कर भाग निकले थे।

## टिल्लू ताजपुरिया गैंग का कुख्यात शूटर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने कुख्यात टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के एक शातिर शूटर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल और चार कारतूस बरामद हुये हैं। आरोपी प्रतिद्वंद्वी गोगी गिरोह के एक सदस्य की हत्या के अलावा वाहन चोरी, डकैती, रंगदारी, आर्म्स एक्ट के करीब आधा दर्जन मामलों में गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार शूटर का नाम शिवम उर्फ नितेश उर्फ भूमि (25) निवासी नरेला है। वह पहले भी दिल्ली और हरियाणा के विभिन्न आपराधिक मामले में शामिल रहा है। तारीखों पर उपस्थित न होने के कारण कोर्ट द्वारा इनके

### पिस्टल बरामद

खिलाफ नॉन बेलेबल वारंट (एनबीडब्ल्यू) भी जारी कर चुकी है। आरोपी जमानत पर छूटे अपने पुराने सहयोगियों और जेल में बंद कैदियों के साथ मिलकर दिल्ली-एनसीआर में बड़ी डकैती को अंजाम देने लिए गिरोह बनाने की फिराक में था। इसी मकसद को पूरा करने के लिये उसे हथियार भी खरीदे थे। इसे जीटी करना रोड, संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर से पकड़ा गया है। आरोपी मूलरूप से गांव अनखपुर, एटा, यूपी का रहने वाला है। स्कूल छोड़ने के बाद वह बुरी संगत में पड़ गया और 2012 में नरेला पुलिस ने किशोर के रूप में चोरी के एक मामले में इसे पकड़ा था।

## जहांगीरपुरीः वर्चस्व की लड़ाई में फायरिंग करने वाले भोला गैंग के तीन बदमाश धरे

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने जहांगीरपुरी इलाके में फायरिंग कर एक बच्चे को घायल करने वाले भोला गिरोह के तीन बदमाशों को अरेस्ट किया है। इलाके में गैंग का वर्चस्व दिखाने के मकसद से फायरिंग की गई थी। पकड़े गये बदमाशों के नाम सूरज, संजू और सनी हैं। डीसीपी संजय भाटिया के अनुसार 4 जनवरी को शिकायतकर्ता अपने दोस्तों के साथ जहांगीरपुरी के एक पार्क में घूम रहा था। तभी वहां मुकेश उर्फ भोला, आकाश उर्फ अक्कू अपने साथी सूरज उर्फ सूरी, संजू और सनी के साथ पार्क में दाखिल हुआ। अचानक आकाश उर्फ अक्कू और सूरज उर्फ सूरी ने शिकायतकर्ता पर गोली चला दी, लेकिन गोलियां उनसे चूक गई और वहीं घूम रहे एक 13 साल के लड़के को जा लगी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को यह भी बताया कि गत वर्ष आकाश ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके घर पर फायरिंग और पथराव किया था। वह उसके चचेरे भाई की शादी के अवसर पर निमंत्रण नहीं मिलने से नाराज थे। मामला जहांगीरपुरी थाने में दर्ज किया गया था। पुलिस को दो बदमाशों के जेजे कॉलोनी, सावदा में आने की सूचना मिली थी। टीम ने जाल बिछाया और संजू और सनी को दबोच लिया। इनकी निशानदेही पर सूरज उर्फ ऋषभ को भी पकड़ लिया गया।



### 72 प्रतिशत से अधिक छात्रों ने हासिल की प्लेसमेंट

# दिल्ली सरकार के आईटीआई छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट (आईटीआई) में छात्रों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए केजरीवाल सरकार द्वारा की गई प्रयासों के शानदार परिणाम देखने को मिले है। नई प्लेसमेंट रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में सरकार द्वारा संचालित आईटीआई में इस साल 72.3 प्रतिशत प्लेसमेंट दर्ज किया गया है। आईटीआई छात्रों की इस सफलता पर ख़ुशी जाहिर करते हुए, तकनीकी शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि हमारे आईटीआई में छात्रों द्वारा इतनी बड़ी संख्या में प्लेसमेंट हासिल करना बेहद ख़ुशी और गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार अपने आईटीआई में वर्ल्ड क्लास टेक्निकल एजुकेशन और शानदार प्लेसमेंट इकोसिस्टम के साथ छात्रों को रोजगार के बेहतरीन अवसरों के लिए तैयार कर रही है और आईटीआई की प्लेसमेंट में हुआ शानदार इजाफ़ा इन संस्थानों के लिए केजरीवाल सरकार के फोकस्ड प्लेसमेंट स्ट्रेटेजी का परिणाम है।

### दिल्ली सरकार स्किल्ड वर्कफोर्स तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध

आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार टेक्निकल एजुकेशन को इंडस्ट्री की मांग के साथ जोड़कर एक स्किल्ड वर्कफोर्स तैयार



करने के लिए प्रतिबद्ध है। और देश के भविष्य के लिए स्किल्ड वर्कफोर्स तैयार करने की दिशा में केजरीवाल सरकार इंडस्ट्री की मांग के अनुसार छात्रों को स्किल ट्रेनिंग दे रही है। हमारा लक्ष्य एक ऐसा इकोसिस्टम बनाना है जहां छात्र बिना किसी रुकावट के अपने स्किल के जरिए पढ़ाई पूरी होते ही करियर के अच्छे मौके हासिल कर सके।

तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि बता दें कि दिल्ली सरकार द्वारा संचालित 19 आईटीआई में से, आईटीआई विवेक विहार और आईटीआई धीरपुर प्लेसमेंट में मामले में अव्वल साबित हुई हैं। दोनों में क्रमशः 97 प्रतिशत व 94 प्रतिशत छात्रों ने प्लेसमेंट हासिल किया है। धीरपुर आईटीआई में 1950 में 1800 से अधिक छात्रों ने भारत भर की प्रसिद्ध कंपनियों में प्लेसमेंट हासिल किया है। इनमें हीरो, एलजी, एलएनटी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाटा ग्रुप आदि शामिल हैं। दिल्ली सरकार द्वारा संचालित 19 आईटीआई में 13 को-एड और 6 महिला आईटीआई है।

### प्लेसमेंट के लिए एक शानदार रणनीति अपनाई

तकनीकी शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि आईटीआई में सेंट्रलाइज्ड प्लेसमेंट एंड इंडस्ट्री आउटरीच सेल के जरिए केजरीवाल सरकार छात्रों के लिए प्लेसमेंट के बेहतरीन अवसर और इंडस्ट्री एक्सपोजर सुनिश्चित कर रही है। इस सेल ने प्लेसमेंट के लिए एक शानदार रणनीति अपनाई है, जिसका लक्ष्य शिक्षा-इंडस्ट्री कोलाबोरेशन, कैरियर सर्विसेज़, सीखने के मौक़े, एंत्रप्रेन्योरशिप सपोर्ट के साथ छात्रों को प्लेसमेंट के लिए तैयार करना है।

## क्लास रूम घोटाला : सिसोदिया और जैन को नोटिस जारी होने का दिल्ली भाजपा ने किया स्वागत




नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और सांसद मनोज तिवारी ने दिल्ली के पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को दिल्ली के लोकायुक्त हरीश चन्द्र मिश्रा द्वारा नोटिस जारी करने का बुधवार को स्वागत किया है। सांसद मनोज तिवारी द्वारा दिल्ली सरकार में क्लास रूम घोटाले का आरोप लगाने वाली शिकायत के मामले में न्यायमूर्ति हरीश चंद्र मिश्रा ने बुधवार को नोटिस जारी करने आदेश ओपेन कोर्ट में जारी किये हैं। अध्यक्ष सचदेवा ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा है कि तिवारी की शिकायत के मामले में लोकायुक्त ने अपने आदेश में प्रथम दृष्टया सिसोदिया और जैन के खिलाफ मामला पाया है और इसलिए उन्हें नोटिस जारी किए हैं। मनोज तिवारी का प्रतिनिधित्व उनके वकील अमित तिवारी कर रहे हैं। सचदेवा ने कहा कि क्लास रूम घोटाले में पूर्व मंत्री सिसोदिया और जैन को जल्द ही मुकदमे और जेल का सामना करना पड़ेगा। सांसद मनोज तिवारी ने कहा है कि यह मेरे लिए एक लंबा मामला रहा है और दिल्ली सरकार ने इसे बीच में ही खत्म करने की पूरी कोशिश की, लेकिन हमारे वकील ने इसे अच्छी तरह से आगे बढ़ाया और इसे 2 मुख्य दोषियों सिसोदिया और जैन को नोटिस दिलाने की परिणति तक पहुंचाया। दिल्ली भाजपा नेताओं ने कहा है कि केजरीवाल सरकार के सभी घोटालों की कार्यप्रणाली एक जैसी है, यानी प्रॉपर टेंडरिंग से बचना। इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि बब्बर और बब्बर एसोसिएट्स एक सलाहकार थे और उनके हस्तक्षेप पर, बीच में ही बेहतर विशिष्टताओं को बदल दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप लागत में वृद्धि हुई।

## शिक्षा विभाग एक फरवरी को शैक्षणिक सत्र 2024-25 की प्रवेश प्रक्रिया पर करेगा चर्चा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली अपर शिक्षा निदेशालय की अध्यक्षता में एक फरवरी को एक बैठक होगी जिसमें शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया के नियम-कायदों पर चर्चा की जाएगी। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बैठक में दिल्ली नगर निगम के शिक्षा निदेशक और सभी उप शिक्षा निदेशक भी हिस्सा लेंगे। शिक्षा निदेशालय के परिपत्र में कहा गया कि प्रक्रिया को सुगम बनाने और अभिभावकों की सुविधा के मद्देनजर आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया की समीक्षा की जाएगी। परिपत्र में कहा गया कि अपर शिक्षा निदेशालय की अध्यक्षता में एक बैठक एक फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे न्यू कॉन्फ्रेंस हॉल, शिक्षा निदेशालय, पुराना सचिवालय दिल्ली में बुलाई जाएगी जिसमें प्रवेश के तौर-तरीकों पर चर्चा की जाएगी।

## 'परीक्षा पे चर्चा' के अंतर्गत आयोजित हुई चित्रकला प्रतियोगिता

नई दिल्ली। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती 'पराक्रम दिवस' के अवसर पर 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के अन्तर्गत केन्द्रीय विद्यालय नरेला में अंतर विद्यालय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में केन्द्रीय विद्यालय नरेला के साथ नरेला शहर के कुल दस सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों के 100 बच्चों ने हिस्सा लिया। चित्रकला प्रतियोगिता का विषय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पुस्तक 'एग्जाम वॉरियर्स' में 'चन्द्रयान', 'भारत की खेल कूद सफलता', 'विकसित भारत', 'सांस्कृतिक विरास्त' आदि पर आधारित रहे। विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में पूरे उत्साह से हिस्सा लिया।

## दिल्ली की सफाई निगम का मूल कर्तव्य : महापौर

नई दिल्ली। दिल्ली की सफाई दिल्ली नगर निगम का मूल कर्तव्य है लेकिन जनता को भी अपनी जिम्मेदारी समझकर पूर्ण सहयोग देना होगा। दिल्ली की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने बुधवार को अब दिल्ली होगी साफ़ अभियान के अंतर्गत बवाना विधानसभा क्षेत्र का निरीक्षण करने के दौरान उक्त संबोधन दिया। महापौर डॉ. ओबरॉय ने दिल्ली की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने के लिए निगम की आप सरकार द्वारा चलाए जा रहे मैराथन निरीक्षण अभियान के अंतर्गत लगभग 12 किलोमीटर चलकर बवाना विधानसभा के वार्ड नं 26 पूठ कलां, वार्ड नंबर 28 शाहबाद डेयरी एवं वार्ड नंबर 30 बवाना का दौरा किया। महापौर डॉ. ओबरॉय ने सफाई कर्मियों का धन्यवाद किया तथा कहा कि आप लोगों के प्रयासों के कारण दिल्ली की सफाई व्यवस्था पहले से बेहतर हुई है तथा आगे और भी बेहतर होगी। निरीक्षण के दौरान विधायक जय भगवान उपकार, निगम पार्षद रितु मुकेश कुमार, रामचंद्र, पवन कुमार सहरावत और क्षेत्रीय उपायुक्त वीर सिंह यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। डॉ ओबरॉय ने कहा कि हमने दिल्ली की जनता से सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने का वादा किया है। अब दिल्ली हो रही है साफ के ध्येय के साथ कार्य कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र की जनता भी हमारे साथ है तथा जनता की भी समस्याएं हैं उनको आज ही निस्तारित करने के लिए उपायुक्त को कहा गया है। आने वाले समय में मैराथन निरीक्षण को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली को साफ सुथरा बनाएंगे।

## एक निजी विद्यालय का प्रबंधन अपने हाथ में लेने से पहले उपराज्यपाल उसका भी पक्ष सुनें : हाईकोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना से कहा है कि कथित प्रशासकीय और वित्तीय अनियमितताओं के कारण एक गैर-वित्त पोषित निजी स्कूल का प्रबंधन अपने हाथ में लेने से पहले उसका (विद्यालय का) भी पक्ष जरूर सुनें। न्यायमूर्ति सी. हरि शंकर ने कहा कि चूंकि कानून के तहत किसी स्कूल पर नियंत्रण की शक्ति प्रशासक के तौर पर उपराज्यपाल में निहित है, इसलिए स्कूल का पक्ष सुनने की अनुमति सक्सेना की ओर से ही दी जानी चाहिए, न कि शिक्षा निदेशालय द्वारा, जिसने स्कूल को 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया है। अदालत ने इस सप्ताह पारित एक आदेश में कहा कि यह भी कहने की आवश्यकता नहीं है कि व्यक्तिगत सुनवाई की अनुमति केवल उस प्राधिकारी द्वारा दी जा सकती है जिसे निर्णय लेना है। आदेश में कहा गया है कि इस अदालत की एक खंडपीठ ने व्यवस्था दी है कि किसी स्कूल के प्रबंधन को अपने नियंत्रण में लेने की शक्ति केवल प्रशासक के तौर पर उपराज्यपाल में निहित है, न कि शिक्षा निदेशालय (डीओई) में। अदालत ने कहा कि उपराज्यपाल की सुविधानुसार निजी विद्यालय का पक्ष सुनने की अनुमति दी जाए। अदालत ने कहा कि यह याचिकाकर्ता पर निर्भर करेगा कि वह हाजिर हो और किसी स्थगन की मांग न करे। याचिकाकर्ता विद्यालय को 13 सितंबर, 2021 को शिक्षा निदेशालय द्वारा 'कारण बताओ नोटिस जारी' किया गया था। इसमें कहा गया था कि दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम के तहत स्कूल का प्रबंधन अपने हाथ में लेने की कार्रवाई क्यों न शुरू की जाए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि तदनुसार, माननीय उपराज्यपाल से अनुरोध है कि 13 सितंबर 2021 के कारण बताओ नोटिस पर निर्णय लेने से पहले याचिकाकर्ता को व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर दिया जाए।

## भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जन्म जयंती पर की पुष्पांजलि अर्पित

नई दिल्ली। गरीबों व वंचितों की सशक्त आवाज, सामाजिक समरसता के प्रतीक एवं कुशल राजनीतिज्ञ, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जन नायक स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर की 100 वीं जन्म जयंती और उन्हें भारत रत्न मिलने के अवसर पर भाजपा दिल्ली प्रदेश ओबीसी मोर्चा ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और ओ.बी.सी. मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुनील यादव ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ओबीसी समाज की ओर से हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। सचदेवा ने कहा कि स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर भारत रत्न के हकदार थे और प्रधानमंत्री ने इस बात को स्वीकार कर उनकी 100 वीं जन्म जयंती पर भारत रत्न देकर सच्ची श्रद्धांजलि दी है। सचदेवा ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ और बिहार राज्य के दो बार मुख्यमंत्री और एक बार उपमुख्यमंत्री रह चुके है।

## भाजपा सांसदों से 10 वर्ष का जवाब मांगने का आ गया समय : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने बुधवार को कहा है कि अब समय आ गया है कि जनता भाजपा सांसदों से उनके 10 साल के कार्यकाल में किए कार्यों का हिसाब मांगे। उन्होंने कहा कि जनता की तरफ से कांग्रेस भाजपा सांसदों से जवाब मांगती है। लवली ने यह बातें चांदनी चौक में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कही। वहीं दूसरी तरफ प्रदेश प्रभारी दीपक बावरिया की अगुवाई में प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में प्रतिज्ञा रैली को लेकर की गई बैठक में कई तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। इसके अलावा दिल्ली कांग्रेस की तरफ से अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की नव नियुक्त अध्यक्ष अलका लांबा के सम्मान में स्वागत समारोह आयोजित किया। लवली ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनावों में देश व दिल्ली से लोग भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए तैयार बैठी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस कार्यकर्ता घर घर जाकर भाजपा के 10 साल की अनदेखी की पोल खोलेंगे।

## डिजिटल लर्निंग के लिए 8766 टैबलेट किए जाएंगे वितरित : उपाध्याय

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के अंतर्गत आने वाले कक्षा 9 से 12 वीं तक के विद्यार्थियों को डिजिटल लर्निंग के लिए 8766 प्री-लोडेड टैबलेट वितरित किए जाएंगे। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने बुधवार को आयोजित परिषद बैठक के बाद यह जानकारी दी। वहीं, प्रशासन ने बताया कि एनडीएमसी की बुधवार को आयोजित परिषद बैठक की अध्यक्षता पालिका परिषद अध्यक्ष अमित यादव ने की। इस बैठक में उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय, विधायक और सदस्य वीरेंद्र सिंह कादियान, परिषद के सदस्य कुलजीत सिंह चहल, विशाखा शैलानी और गिरीश सचदेवा की उपस्थिति में विभिन्न नागरिक केंद्रित, बुनियादी ढांचे और कर्मचारी कल्याण संबंधी प्रस्तावों पर विचार किया और उन्हें मंजूरी भी दी गई। एनडीएमसी उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने बैठक के बाद यह जानकारी देते हुए बताया कि इनमें से महत्वपूर्ण नागरिक केंद्रित, बुनियादी ढांचे और कर्मचारी कल्याण से संबंधित प्रस्तावों में एनडीएमसी और नवयुग स्कूलों में कक्षा-9वीं से कक्षा 12वीं तक के छात्रों और शिक्षकों को डिजिटल लर्निंग के लिए 8766 प्री-लोडेड टैबलेट का वितरण करना शामिल है। वहीं, एनडीएमसी और नवयुग स्कूलों में 29 कंप्यूटर लैब का उन्नयन, एनडीएमसी के कनिष्ठ सहायक के पदों के लिए भर्ती नियमों (आरआर) की अधिसूचना और उसका शुद्धिपत्र और भारतीय औषधि प्रणाली और होम्योपैथी के चिकित्सकों के लिए डायनेमिक एश्योर्ड करियर प्रोग्रेस (डीएसीपी) के विस्तार के संबंध में भारत सरकार के कार्यालय ज्ञापन को अपनाना शामिल है। वहीं, उपाध्याय ने गणतंत्र दिवस 2024 की तैयारियों के बारे में भी जानकारी दी।






## यातायात व्यवस्था – गणतंत्र दिवस समारोह – 26 जनवरी, 2024

**परेड का मार्गः विजय चौक–कर्तव्यपथ–'सी'–हेक्सागन–R/A नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा–तिलक मार्ग–बहादुर शाह ज़फर मार्ग–नेताजी सुभाष मार्ग–लाल किला**

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 2024 को मनाया जाएगा। परेड 1030 बजे विजय चौक से प्रारंभ होगी और लाल किला मैदान पर समाप्त होगी। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, इंडिया गेट पर 0930 बजे इससे संबंधित कार्यक्रम होगा। मार्ग पर परेड के सुचारू संचालन के लिए विस्तृत यातायात व्यवस्था और प्रतिबंध होंगे।




### परेड का मार्ग

परेड के सुचारू संचालन के लिए परेड मार्ग से जुड़ी कुछ सड़कों पर यातायात का आवागमन निम्नानुसार प्रतिबंधित रहेगाः

(1) विजय चौक से इंडिया गेट तक कर्तव्यपथ पर 25.01.2024 को 1800 बजे से परेड की समाप्ति तक यातायात प्रतिबंधित रहेगा।
(2) रफी मार्ग, जनपथ, मान सिंह रोड पर 25.01.2024 को 2200 बजे से परेड की समाप्ति तक कर्तव्यपथ की ओर यातायात की अनुमति नहीं होगी।
(3) 'सी'–हेक्सागन–इंडिया गेट 26.01.2024 को 0915 बजे से परेड के तिलक मार्ग पार करने तक यातायात के लिए बंद रहेगा।
(4) 26.01.2024 को 1030 बजे से तिलक मार्ग, बीएसजेड मार्ग और सुभाष मार्ग पर दोनों दिशाओं में यातायात की अनुमति नहीं होगी। परेड के आवागमन के आधार पर ही यातायात को मुड़ने की अनुमति दी जाएगी।

सड़क उपयोगकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपनी सुविधा के लिए पहले ही अपनी यात्रा की योजना बना लें और 0930 बजे से 1300 बजे तक परेड मार्ग पर जाने से बचें।

### सुझाए गए मार्ग

तथापि, यदि यात्रा करना जरूरी हो तो सड़क उपयोगकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे निम्नलिखित मार्गों का उपयोग करें:

### उत्तर–दक्षिण कॉरिडोर

- रिंग रोड–आश्रम चौक–सराय काले खां–आई.पी. फ्लाईओवर–राजघाट–रिंग रोड।
- मदरसा से–लोधी रोड 'टी' प्वाइंट–अरबिन्दो मार्ग–एम्स चौक–रिंग रोड–धौला कुआं–वंदे मातरम मार्ग–शंकर रोड–पार्क स्ट्रीट या मंदिर मार्ग।

### पूर्व–पश्चिम कॉरिडोर

- रिंग रोड–भैरों रोड–मथुरा रोड–सुब्रमण्यम भारती मार्ग–राजेश पायलट मार्ग–पृथ्वी राज रोड–सफदरजंग रोड–कमल अतातुर्क मार्ग–पंचशील मार्ग–सिमोन बॉलीवर मार्ग–अपर रिज रोड/वंदे मातरम मार्ग।

या

- रिंग रोड–आईएसबीटी–चंदगी राम अखाड़ा–माल रोड–आजादपुर–रिंग रोड।
- रिंग रोड–भैंरो रोड–मथुरा रोड–लोधी रोड–अरबिन्दो मार्ग–सफदरजंग रोड–तीन मूर्ति मार्ग–मदर टेरेसा क्रीसेंट–पार्क स्ट्रीट–शंकर रोड–वंदे मातरम मार्ग।

### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए

- **दक्षिण दिल्ली से** : धौला कुआं–वंदे मातरम मार्ग–पंचकुईया रोड–आउटर सर्किल कनॉट प्लेस–चेल्मस्फोर्ड रोड पहाड़गंज की तरफ या मिन्टो रोड–भवभूति मार्ग अजमेरी गेट की तरफ।
- **पूर्वी दिल्ली से** : आईएसबीटी ब्रिज होते हुए बुलेवार्ड रोड–रानी झांसी फ्लाईओवर–R/A झंडेवालान–डी. बी. गुप्ता रोड– शीला सिनेमा रोड–पहाड़गंज ब्रिज होते हुए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचें।

### पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए

- **दक्षिण दिल्ली से** : रिंग रोड–आश्रम चौक–सराय काले खां–रिंग रोड–राजघाट–रिंग रोड–चौक यमुना बाजार–एस.पी. मुखर्जी मार्ग–छत्ता रेल–कोड़िया पुल होते हुए पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचें।

हालांकि, उत्तरी दिल्ली के लोगों के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन या पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन की ओर जाने पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा फिर भी यह सलाह दी जाती है कि वे अपनी यात्रा की योजना पहले से बना लें और संभावित देरी से बचने एवं अपने गंतव्य पर समय पर पहुंचने के लिए पर्याप्त समय लेकर चलें।

### बस समाप्ति स्थान

सिटी बस सेवाओं का आवागमन निम्नलिखित स्थानों पर समाप्त हो जाएगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पार्क स्ट्रीट/उद्यान मार्ग | 2. | आराम बाग रोड (पहाड़गंज) |
| 3. | R/A कमला मार्केट | 4. | दिल्ली सचिवालय (आईजी स्टेडियम) |
| 5. | प्रगति मैदान (भैरों रोड) | 6. | हनुमान मंदिर (यमुना बाजार) |
| 7. | मोरी गेट | 8. | आईएसबीटी कश्मीरी गेट |
| 9. | आईएसबीटी सराय काले खां | 10. | तीस हजारी कोर्ट |

**अंतर्राज्यीय बसें**

(I) गाजियाबाद से शिवाजी स्टेडियम आने वाली बसें एनएच–24, रिंग रोड होते हुए आयेंगी और भैरों रोड पर समाप्त होंगी।
(II) एनएच–24 से आने वाली बसें रोड नं. 56 पर दाई ओर मुड़ेंगी और आईएसबीटी आनन्द विहार पर समाप्त होंगी।
(III) गाजियाबाद की तरफ से आने वाली बसें मोहन नगर पर वजीराबाद पुल के लिए भोपुरा चुंगी की तरफ मोड़ दी जाएंगी।
(IV) धौलाकुआं की तरफ से आने वाली सभी अंतर्राज्यीय बसें धौलाकुआं में समाप्त होंगी।

### एचटीवी/एलजीवी

25.01.2024 को 2300 बजे से परेड समाप्त होने तक बार्डर से किसी भी एचटीवी/एलजीवी को दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

26.01.2024 को 0730 बजे से 1330 बजे तक रिंग रोड पर आई.एस.बी.टी. सराय काले खां और आई.एस.बी.टी. कश्मीरी गेट के बीच किसी भी एचटीवी/एलजीवी को चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### आम जनता के लिए निर्देश

किसी भी लावारिस वस्तु या संदिग्ध व्यक्ति को देखने पर तुरंत अपने नजदीक ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी को सूचित करें।

15.02.2024 तक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के क्षेत्राधिकार के ऊपर उप पारंपरिक एरियल प्लेटफार्म जैसे पैरा–ग्लाइडर्स, पैरा मोटर्स, हैंग ग्लाइडर्स, यूएवी, यूएएस, माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट, रिमोट द्वारा चालित एयरक्राफ्ट, हॉट एयर बैलून, छोटे आकार के संचालित एयरक्राफ्ट, क्वाडकॉप्टर्स उड़ाना या एयरक्राफ्ट आदि से पैरा जम्पिंग करना प्रतिबंधित है।

आम जनता और वाहन चालकों से अनुरोध है कि संयम बनाए रखें और यातायात के नियमों का पालन करें तथा सड़क पर अनुशासन बनाए रखें एवं सभी चौराहों पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के निर्देषों का पालन करें और ट्रैफिक पुलिस फेसबुक पेज, ट्विटर हैंडल और यातायात पुलिस हेल्पलाइन के माध्यम से नवीनतम जानकारी प्राप्त करें। आम जनता से अनुरोध है कि किसी भी असुविधा से बचने के लिए वे अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाएं और पर्याप्त समय लेकर चलें।

आम जनता और वाहन चालक दिल्ली यातायात पुलिस वेबसाइट https://traffic.delhipolice.gov.in, फेसबुक पेज https://www.facebook.com/dtptraffic, ट्वेटर हैंडल https://twitter.com/dtptraffic, इंस्टाग्राम पेज https://www. instagram.com/dtptraffic, व्हट्सअप नम्बर 8750871493 एवं हेल्पलाइन नम्बर 1095/011–25844444 के माध्यम से नवीनतम जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### टीएसआर/टैक्सी

26.01.2024 को 0700 बजे के बाद किसी भी टीएसआर एवं टैक्सी को सीमाबद्ध क्षेत्र में प्रवेश या चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी :

**मदर टेरेसा क्रीसेंट–बाबा खड़क सिंह मार्ग–अशोका रोड R/A पटेल चौक तक–संसद मार्ग टॉलस्टॉय मार्ग तक–टॉलस्टॉय मार्ग कस्तूरबा गांधी मार्ग तक–कस्तूरबा गांधी मार्ग फिरोजशाह रोड तक–फिरोजशाह रोड R/A मंडी हाउस तक–भगवान दास रोड–मथुरा रोड–सुब्रमण्यम भारती मार्ग–हुमांयू रोड–ए.पी.जे. अब्दुल कलाम मार्ग–कमल अतातुर्क मार्ग–कौटिल्य मार्ग और सरदार पटेल रोड (छोड़कर)।**

DP/9628/2024

ट्रैफिक प्रहरी बनें | Google play | App Store | से एप डाउनलोड करें | 24 घंटे ट्रैफिक हेल्पलाइन : 011-25844444/1095 | पुलिस को सूचना देने के लिए कॉल करें 14547 | तुरंत पुलिस सहायता पाने के लिए 112 पर कॉल करें

# गणतंत्र दिवस परेड 2024 में आकर्षण का केंद्र बनेगी नमो भारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नमो भारत, इस वर्ष आयोजित होने वाले 75 वें गणतंत्र दिवस समारोह की परेड में आकर्षण का केंद्र बनने जा रही हैं। उत्तर-प्रदेश की झांकी में इसकी झलक दिखेगी। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि 'विकसित भारतः समृद्ध विरासत' की थीम पर बनी उत्तर प्रदेश की झांकी में देश का गौरव बढ़ाने वाली परियोजनाओं व उपलब्धियों को दर्शाया गया है। इसमें आरआरटीएस के साहिबाबाद स्टेशन और इस स्टेशन से निकलती नमो भारत ट्रेन को प्रदर्शित किया जाएगा। यह एक बेहद मनोरम और दिलों को छू जाने वाला क्षण होगा, जब दुनिया के अलग-अलग कोनों से हिंदुस्तानी इस झांकी के जरिए देश की पहली नमो भारत ट्रेन द्वारा परिवहन के क्षेत्र में लाई जाने वाली क्रांति को महसूस करेंगे।





### पीएम ने नमो ट्रेन समर्पित की थी

उल्लेखनीय है कि देश का पहला आरआरटीएस कॉरिडोर दिल्ली को पश्चमी उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले से तीव्र रफ्तार पर जोड़ने की दिशा में तेजी से विकसित किया जा रहा है। इस कॉरिडोर की लंबाई 82 किमी है, जिसे नमो भारत ट्रेन महज एक घंटे से भी कम समय में तय करेगी। प्रधानमंत्री ने अक्तूबर 2023 में आरआरटीएस के प्राथमिक खंड (साहिबाबाद से दुहाई) पर नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर जनता को सौंपा था। दुहाई से आगे मेरठ साउथ आरआरटीएस स्टेशन तक अतिरिक्त 25 किमी के हिस्से में ट्रायल रन जारी है और जल्द ही इस सेक्शन में भी नमो भारत ट्रेनों का संचालन आरंभ होगा। आरआरटीएस निर्माण के पहले फेज में दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर के साथ ही दिल्ली-अलवर और दिल्ली-पानीपत कॉरिडोर भी बनाए जाने हैं। इस महत्वकांक्षी परियोजना की तर्ज पर देश के अन्य हिस्सों में भी रीजनल रैपिड ट्रांसिट सिस्टम को लाने की कवायदें शुरू हो गई हैं।

## खबर संक्षेप

### शराब पीने से रोकने पर लाठी से किया हमला

**गुरुग्राम।** सेक्टर-10 थाना एरिया में शराब पीने से मना करने पर युवक पर लाठी-डंडों से हमला कर



जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित को उपचार के लिए सिविल अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां उसे उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। पुलिस से शिकायत में बिहार के सीमा मढ़ी निवासी ओमप्रकाश ने की है।

### पार्किंग विवाद में फायरिंग, दो गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** सोहना क्राइम ब्रांच ने सोहना एरिया में निजी अस्पताल में फायरिंग करने के मामले में पुलिस



ने दो आरोपियों को काबू कर लिया है। आरोपियों ने कॉलेज की पार्किंग को लेकर विवाद के चलते वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। दरअसल, सोहना में भारत हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर है। मंगलवार की रात करीब ढाई बजे बदमाश भारत हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर पर पहुंचे और फायरिंग करनी शुरू कर दी। गोलियों की तड़तड़ाहट से मौजूद कर्मचारियों की नींद खुल गई। कर्मचारी श्रवण सैनी ने कहा कि गोलियां चलने से अस्पताल में हडकंप मच गया।

### 15 क्विंटल प्लास्टिक जब्त 25 हजार का जुर्माना

**गाजियाबाद।** प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध नगर निगम, स्वास्थ विभाग व प्रदूषण नियंत्रण



बोर्ड की सयुंक्त की टीम वसुंधरा जोन में सनराइज पैकिंग फैक्ट्री स्टील कंपाउंड साहिबाबाद पहुंची और फैक्टरी में छापा मारकर 25 माइक्रोन से नीचे की 15 क्विंटल प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त की। साथ ही 25 हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला। नगर निगम आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने लोगों से अपील की है कि वह प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें इससे हर नुकसान होता है। टीम का नेतृत्व मदन गोपाल कर रहे थे।

### एसोसिएशन ने किया राजीव जेटली का स्वागत

**फरीदाबाद।** समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थाओं में शामिल बन्नूवाल वैलफेयर एसोसिएशन के



पदाधिकारियों और सदस्यों ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में पहुंच कर मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मीडिया सलाहकार एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव जेटली का स्वागत किया। इस मौके पर एसोसिएशन के प्रधान राकेश भाटिया ने राजीव जेटली को माला पहना कर उनके प्रति संस्था की तरफ से सम्मान प्रकट किया। जेटली पार्टी के लिए निष्ठावान होकर काम कर रहे हैं।

### 19 हजार रुपए रिश्वत ले रहा वन रक्षक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने नहर पार स्थित वन विभाग के कार्यालय से एक वन रक्षक को



करीब 19 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी लकड़ी के एक ठेकेदार से उसके ट्रैक्टर को छोड़ने के एवज में पैसे ले रहा था। एसीबी मामले की जांच कर रही है। आरोपी वन रक्षक राजीव कॉलोनी निवासी राहुल है। वह साल 2014 से वन विभाग में कार्यरत है। बल्लभगढ़ निवासी पीड़ित हाकिम ने एसीबी को बताया कि 21 जनवरी को उसका एक ट्रैक्टर सफेदा की लकड़ी लादकर कहीं पहुंचाने जा रहा था। नहर पार में वन रक्षी राहुल ने उसे पकड़ लिया। साथ ही उसे छोड़ने के एवज में 30 हजार रुपए की मांग की।

---

फरीदाबाद के विकास को लगेंगे पंख, 1 करोड़ 90 लाख रुपए से बदलेगी वेंटो नाइट ट्रीटमेंट प्लांट की सूरत

# सीएम मनोहर ने दी फरीदाबाद जिले में वीडियो कांफ्रेंस के द्वारा 270 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को जिला फरीदाबाद के लिए लाइव वीडियो के माध्यम से कुल 15 परियोजनाओं में 7 का उद्घाटन व 8 शिलान्यास किया। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया।

लाइव वीडियो कॉन्फ्रेंस का आयोजन सेक्टर-12 लघु सचिवालय के बैठक कक्ष कमरा नंबर 603 में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां हरियाणा के उच्चतर शिक्षा एवं परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर रहे थे और साथ ही विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, डीसी विक्रम सिंह और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण फरीदाबाद प्रशासक श्रीमती गरिमा मित्तल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।




### 15 परियोजनाओं में से 7 विकास कार्यों का उद्घाटन व 8 का शिलान्यास

वर्चुअल कार्यक्रम के बाद हरियाणा के उच्चतर शिक्षा एवं परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश के सीएम मनोहर लाल ने फरीदाबाद सहित हरियाणा को 2034 करोड़ रुपए की धनराशि की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात दी है। 270 करोड़ रुपए की धनराशि की इन 7 परियोजनाओं का सीएम मनोहर लाल ने किया। जिनमें बड़खल झील पर 2092 लाख, वेंटो नाइट ट्रीटमेंट प्लांट पर 190 लाख, मल्टीग्रेटिड पार्किंग पर 1673, बराही तालाब का नवीनीकरण पर 1059 लाख, मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल तिगांव पर 485 लाख, आरएमसी रोड गुरुग्राम कैनाल पर 1100 लाख और 66 केवी सब स्टेशन सेक्टर-37 पर 1650 लाख की धनराशि खर्च कर पूरा किया गया है। वहीं शिलान्यास परियोजनाओं में एफएमडीए के 51 करोड़ 48 लाख रुपए की धनराशि के तीन रैनीवैल, 2750 लाख रुपए की धनराशि के सूरजकुण्ड और 1320 लाख रुपए की धनराशि के ग्रीन फील्ड कॉलोनी में एक-एक 66 केवी सबस्टेशन, 1700 लाख रूपये की धनराशि का राजकीय महाविद्यालय खेड़ी गुजरान में 500 सीटों का ऑडिटोरियम तथा टीचिंग ब्लाक का निर्माण, 1600 लाख रुपए की धनराशि का बल्लभगढ़-तिगांव-मंझावली रोड़, 2280 लाख रुपए की धनराशि से सेक्टर-16 में व्यवसायिक कम्लैक्स और 504 लाख रुपए की धनराशि से फतेहपुर चंदीला गांव फरीदाबाद ओल्ड में चौपाल रोड, हाई मास्क लाइटिंग और गार्डनिंग के कार्य शामिल हैं।

---

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों के साथ की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

# सीएम की घोषणा के कार्य समय सीमा में पूरे करें, दिए सख्त निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के उच्चतर शिक्षा एवं परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को लेकर एसडीएम कार्यालय में नगर निगम फरीदाबाद के अधिकारियों के साथ आज विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की।

मंत्री मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों को सीएम मनोहर लाल के द्वारा की गई घोषणा के तहत चल रहे कार्यों को गति देने और समय पर पूरा करने व अभी तक शुरू न होने वाले कार्यों को जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए है। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने नगर निगम अधिकारियों से कहा कि पथवारी माता मंदिर के जीर्णोधार जोकि लगभग 5 करोड़ 68 लाख की लागत से होना है उसे भी जल्द से जल्द शुरू करें। अधिकारियों ने बताया कि पथवारी मंदिर जीर्णोद्धार की टेंडर प्रक्रिया जल्द ही पूरी होने वाली है उसके बाद कार्य शुरू किया जाएगा। परिवहन मंत्री ने की कहा कि मुजेसर गांव में महाभारत काल से जुड़े धार्मिक तालाब बाबा हृदयराम के जीर्णोद्धार कार्य को जल्द से जल्द शुरू करने के बारे में दिशा निर्देश दिए। इस बैठक में बल्लभगढ़ एसडीएम त्रिलोक चंद, जॉइंट कमिश्नर एमसीएफ करण भदोरिया, चीफ इंजीनियर वीरेंद्र कर्दम, एक्सईएन ओपी कर्दम, एससी ओमबीर सिंह, भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य पारस जैन सहित निगम के जेई और एसडीओ मौजूद रहे।

---

75वें गणतंत्र दिवस समारोह की हुई फुल ड्रेस रिहर्सल

# डीसी विक्रम सिंह ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

डीसी विक्रम सिंह ने 75 वें जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल में बुधवार को ध्वजारोहण किया व परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। आपको बता दें आज अंतिम रिहर्सल में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम क्रमवार आयोजित किए गए। गणतंत्र समारोह की सम्पूर्ण तैयारियों को पूरा करने को लेकर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए गए।

गौरतलब है कि सेक्टर-12 हेलीपैड ग्राउंड में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश के परिवहन और उच्चतर



शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा होंगे।

डीसी विक्रम सिंह ने जिला स्तरीय समारोह के फाइनल रिहर्सल के दौरान सुबह 9.58 पर ध्वजारोहण किया। उन्होंने ध्वजारोहण के बाद एसीपी मोनिका के साथ खुली जीप में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। कार्यक्रम की सम्पूर्ण तैयारियों को पूरा करने को लेकर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए गए।

# भारत संकल्प यात्रा के दौरान विधायक नागर ने लोगों की जानी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

विधायक राजेश नागर ने गांव पलवली में भारत संकल्प विकास यात्रा में पहुंचे और उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वह जनता को सरकारी सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने की कोशिश करें।

विधायक नागर ने लोगों से कहा कि वह अपने विभिन्न विभागों से संबंधित काम यहां करवाएं। केंद्र सरकार ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के जीवन स्तर बेहतर करने की गारंटी दी है। नागर ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा गरीब लोगों के जीवन स्तर को



ऊंचा उठाने को लेकर अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं और अंत्योदय की भावना से लोगों तक पहुंचाई जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के जरिये लोगों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर मिल रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियों के बारे में जागरूकता पैदा करना और उनकी शत-प्रतिशत परिपूर्णता सुनिश्चित करना है। यह यात्रा प्रदेश के कोने-कोने में समाज के सभी वर्गों विशेषकर वंचित वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है।

# नॉन एनर्जी चार्ज के नाम पर 1500 रुपए लूट रही सरकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर भड़ाना व उनकी टीम ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के बिलों में नॉन एनर्जी चार्ज के नाम पर चल रही लूट का खुलासा करते हुए जनता से इसका पुरजोर विरोध करने की अपील की है।

आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने बताया कि पहले तो सरकार ने आनन-फानन नई तकनीक के मीटर बदलकर भोली-भाली जनता को बेवकूफ बनाया, अब अपने बिलों में नॉन एनर्जी चार्ज के नाम पर 1000 से लेकर 1500 तो रुपए के चार्ज जिनका कोई नाम नहीं है लगाकर भेज रही है।

धर्मवीर भड़ाना ने यह भी कहा कि अगर जल्द ही इस लूट को ना रोका गया तो आम आदमी पार्टी जिले के एसई कार्यालय के बाहर बड़ा विरोध प्रदर्शन करेगी। इस कांफ्रेंस में जिला सचिव मेहरचंद हरसाना, प्रदेश के प्रवक्ता नरेश शर्मा, राम गौर, राजा भैया, सचिन चौधरी, सत्येंद्र शर्मा, सुभाष बघेल, सतपाल पांचाल सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गुरुग्राम से छंटनी किए गए 3480 कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापस लिया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के घोषित आंदोलन के तहत आज नगर निगम के कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा को प्रातः10 बजे व बडख़ल विधानसभा की विधायक सीमा त्रिखा को दोपहर 2 बजे ज्ञापन प्रेषित कर संघ व सरकार के बीच 29 अक्टूबर 2022 व 5 अप्रैल 2023 के समझौते को लागू करने नगर निगम गुरुग्राम से छंटनी किए गए 3480 कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापस लेने, सभी भत्तों सहित समान काम-समान वेतन देने पालिका परिषद, नगर निगमों में अनुबंधित आधार व एचकेआरएन, वर्क आउटसोर्सिंग एवं अन्य सभी प्रकार के कच्चे सफाई कर्मचारी व सीवरमैन तथा तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को नीति बनाकर पक्का किया जाए।

### निगम कर्मचारियों ने विधायक सीमा त्रिखा व नीरज शर्मा को सौंपा ज्ञापन



24 सूत्रीय मांगों का बातचीत से समाधान करने 8 फरवरी 2023 के पत्र अनुसार 4298 सफाई कर्मचारी व 68 सीवरमैनो के रिक्त पदों पर नियमित भर्ती के माध्यम से अनुबंध आधार पर लगे सफाई कर्मचारी व सीवरमैनो को नियमित किया जाए तथा दिमिनीसिंग कैडर से पदों को भार किया जाए 1327 अनुबंध एवम 212 एचकेआरएन पर लगे। फायरमैन व फायर चालको को स्वीकृति पदों पर समायोजित किया जाए। बिना शर्त एसीपी का लाभ दिया जाए। फायर विभाग को पुनः निकाय विभाग में शामिल करने की मांग की। पर्दशन का नेतृत्व संघ के राज्य उपमहासचिव सुनील चिंडालिया, राज्य सचिव अनूप वाल्मीकि, जिला प्रधान दलीप बोहत, जिला कार्यकारी प्रधान सुदेश जैनवाल, जिला कैशियर अनिल चिंडालिया, सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरुचरण खण्डिया, वरिष्ठ उपप्रधान बलबीर बालगुहेर, बेलदार यूनियन प्रधान शाहबुद्दीन खान, वाटर सप्लाई यूनियन प्रधान देवीचरण शर्मा, सचिव रामरतन ने किया। उपमहासचिव चिंडालिया ने कहा कि सरकार पालिका परिषद व निगमों की मांगों को अनदेखा व अनसुना कर रही है, सरकार आंदोलन के दबाब में संघ से बातचीत करती व बातचीत में मानी गई। मांगों के समझौते को लागू नहीं करती जिससे कर्मचारियों को बार-बार आंदोलन करना पड़ रहा है।

# गोपाल किराना से नकली घी के बाद कॉफी पाउच भी नकली मिले



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मुख्यमंत्री उडऩ दस्ता फरीदाबाद को 20 जनवरी को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि बल्लबगढ़ शहर में अग्रसेन चौक के नजदीक सीही रोड पर गोपाल किराना स्टोर में मिलावटी देशी घी, नेस्कैफे कॉफी व अन्य खाद्य सामग्री बेची जाती हैं।

जो असल कंपनी से निर्मित नही है उसके बावजूद असल प्रोडक्ट के रेट में बेची जा रही है। इस प्रकार के मिलावटी व नकली खाद्य पदार्थों के सेवन से आमजन की सेहत खराब हो रही है और केंसर जैसी गंभीर बीमारिया हो रही है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद कैथल | एम.सी. कैथल के वार्ड नं. 20 में चंदाना रोड से खनौरी रोड तक राधा स्वामी सत्संग भवन-II के साथ-साथ गली का निर्माण + 7 कार्य। | 19.01.2024 31.01.2024 | 1.10 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9896000527 tbmckaithal@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24422/I/88/7 दि. 24.01.24

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा राज्य सड़क एवं पुल विकास निगम रोहतक | जिला रोहतक में सुखपुरा चौक पर पुराने एनएच 71ए पर फ्लाई ओवर का निर्माण। | बंद होने की तिथि 09.02.2024 | 5248.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8053857200 hsrdcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24425/I/88/7 दि. 24.01.24

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली – 110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई – निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र.स. | निविदा स. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82240454 | कैप/टैब ओमेप्राज़ोल 20 मिलीग्राम | 50,70,000 | 14.02.2024 |
| 02 | 82240045 | 10 एमएल शीशी में एमोक्सिसिलिन इंजेक्शन 1000 मिलीग्राम और क्लैवुलैनिक एसिड 200 मिलीग्राम सूखा पाउडर | 52,445 | 12.02.2024 |

निविदा शर्तें : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। टेंडर नोटिस स. 82240351 & 82240045/MED/PART-1 दिनांक: 23.01.2024
263/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## गुमशुदा की तलाश



अन्नु प्रिया

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **अन्नु प्रिया, पुत्रीः अशोक कुमार कुशवाह, पताः ए–389, फेस–2, जेजे कॉलोनी, मदनपुर, खादर, नई दिल्ली जोकि दिनांक 17.01.2024 को दोपहर 02:00 बजे से अपने घर से गुमशुदा है।** इस सन्दर्भ में **DD No. 46 A, dated 18.01.2024** पुलिस थाना, कालंदी कुंज, नई दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा लड़की की पहचान दी गई है:

**नामः अन्नु प्रिया, उम्रः 19 वर्ष, कदः 5', रंगः गोरा, चेहराः गोल, शरीरः पतला, पहनावाः सफेद रंग का स्वेटर व सफेद रंग का जींस और पैरों में काले व सफेद रंग के जूते।**

अगर किसी को इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया थाना प्रभारी, कालंदी कुंज, नई दिल्ली को संपर्क करें।

वेबसाइटः http://cbi.nic.in, ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फोनः 011–24368638 / 24368641, फैक्सः 011–24368639

थाना प्रभारी
पुलिस थाना कालंदी कुंज, नई दिल्ली
फोनः 011-28945322, 8750870922

DP/930/SE/2024

### सीएम योगी ने अवध शिल्पग्राम से सातवें यूपी दिवस का शुभारंभ किया

# भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का केंद्र बिंदु बन रहा उत्तर प्रदेश

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



यूपी का स्थापना दिवस समारोह 24 से 26 जनवरी तक पूरे प्रदेश में धूमधाम से मनाया जा रहा है। सीएम योगी ने अवध शिल्पग्राम से सातवें यूपी दिवस का शुभारंभ किया। उन्होंने यूपी गौरव सम्मान 2023-24 का वितरण और ओडीओपी उत्पादों की ई-मार्केटिंग के लिए 'ओडीओपी मार्ट पोर्टल' की लॉन्चिंग भी की। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश का सातवां स्थापना दिवस हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि सप्तपुरियों में से एक अयोध्यापुरी में प्रभु राम 500 वर्षों के लंबे वनवास को तोड़ते हुए स्वयं अपने धाम में विराजमान हुए हैं। उन्होंने स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यूपी आज भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का केंद्र बिंदु बन रहा है। प्रदेश दुनिया में विशेष स्थान बना रहा है।

**खास बातें**

- पीएम नरेंद्र मोदी के विजन को धरातल पर उतार रहे
- 2 लाख करोड़ रुपए का ओडीओपी निर्यात



## अब पहचान का संकट नहीं

सीएम योगी ने कहा कि यूपी का सातवां स्थापना दिवस ऐसे समय में मनाया जा रहा है जब अयोध्या में 500 साल बाद भगवान राम अपने घर में विराजमान हो चुके हैं। प्रदेश के सामने अब पहचान का संकट नहीं है। उन्होंने कहा कि 1937 से 1950 तक यूपी को संयुक्त प्रांत के नाम से जाना जाता था। 24 जनवरी 1950 को यूपी के रूप में नोटिफिकेशन जारी हुआ। इसके बाद भी प्रदेश को प्रश्नवाचक के रूप में देखा जाता रहा।

## सुरक्षा का बेहतर वातावरण बना

सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले यूपी की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी, वेतन देने के लाले थे। पूरे प्रदेश में अव्यवस्था का तांडव था। प्रदेश के सामने पहचान का संकट था। यहां का युवा अपनी पहचान छुपाने के लिए मजबूर होता था। उन्होंने कहा कि 2017 के बाद जब डबल इंजन की सरकार ने काम करना प्रारंभ किया तो प्रदेश में सुरक्षा का एक बेहतर वातावरण बना। आज परिणाम हमारे सामने है। आज यूपी के नौजवानों, उद्यमियों और व्यापारियों को देश के अंदर अपनी पहचान छुपाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है बल्कि गर्व से खुद को यूपी का बताते हैं।

## आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया

सीएम योगी ने कहा कि पिछले सात वर्षों में यूपी ने अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया है। इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी के मामले में भी प्रदेश की स्थिति बेहतर हुई है। उन्होंने कहा कि नोएडा में पिछले वर्ष आयोजित हुए इंटरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से दुनिया ने यूपी के पोटेंशियल को देखा। उस ट्रेड शो में 500 से अधिक विदेशी खरीददार आए थे। तीसरे स्थापना दिवस पर हमारी सरकार ने अप्रेंटिसशिप की नई स्कीम लागू की थी, जिससे लाखों युवा जुड़ रहे हैं।

## ओडीओपी से मिली नई पहचान

योगी ने कहा कि यूपी में पीएम नरेंद्र मोदी के विजन को धरातल पर उतार रहे हैं। वर्ष 2018 में आज ही के दिन हमारी सरकार ने एक जिला एक उत्पाद योजना का शुभारंभ किया था, जो आज यूपी को एक नई पहचान दिला रहा है। इस कार्यक्रम को शुरु करने का परिणाम है कि पहले की सरकारों में यूपी का निर्यात जहां 86 हजार करोड़ रुपए का था। वहीं आज यूपी 2 लाख करोड़ रुपए का ओडीओपी निर्यात कर रहा है।

## विकसित भारत की संकल्प यात्रा में अग्रणी भूमिका निभाएगा यूपी




यूपी दिवस के अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अध्यात्म, ज्ञान और शिक्षा की तपोभूमि यूपी के अपने सभी परिवारजनों को राज्य के स्थापना दिवस की अनेकानेक शुभकामनाएं। बीते सात वर्षों में प्रदेश ने प्रगति की एक नई गाथा लिखी है, जिसमें राज्य सरकार के साथ जनता-जनार्दन ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की है। मुझे विश्वास है कि विकसित भारत की संकल्प यात्रा में यूपी अग्रणी भूमिका निभाएगा।

## प्रदर्शनी का शुभांरभ और विभिन्न

अपने संबोधन से पहले सीएम योगी ने दीप प्रज्वलित कर यूपी दिवस के अवसर पर शिल्प मेला एवं विभिन्न विभागों की विकास योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी लगाए उद्यमियों से बातचीत की और उनका हाल जाना। साथ ही उन्होंने राज्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम पुरस्कार, विशिष्ट हस्तशिल्प प्रादेशिक पुरस्कार, संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार, यूपी संस्कृति उत्सव के विजेता और पर्यटन पुरस्कार के तहत कई लोगों को पुरस्कृत किया। इसके अलावा सीएम योगी ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान के अंतर्गत टूलकिट और ओडीओपी टूलकिट का भी वितरण किया।

### इन्हें मिला यूपी गौरव सम्मान

कार्यक्रम में सीएम योगी ने लखनऊ की रहने वाली वैज्ञानिक डॉ. ऋतु करीधल श्रीवास्तव और कानुपर के नवीन तिवारी को यूपी गौरव सम्मान सम्मानित किया। डॉ. ऋतु ने भारत के मार्स से ऑर्बिटर मिशन और चंद्रायन के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वह इस मिशन की उप संचालन निदेशक भी थीं। डॉ. ऋतु 1997 से इसरो के लिए काम कर रही हैं। नवीन तिवारी ने दुनिया में सबसे बड़ा स्वतंत्र मोबाइल एडटेक प्लेटफॉर्म स्थापित किया है, जो यूपी और भारत के स्थानीय व्यवसायों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय दर्शकों से जोड़ता है। उनका लॉक स्क्रीन सॉफ़्टवेयर वैश्विक स्तर पर 40 करोड़ से अधिक स्मार्टफोन पर मौजूद है। वीन ने भारत को विश्व मंच पर स्थापित करने के साथ ही 26 देशों में उपस्थिति दर्ज की है। 3000 लोगों को रोजगार दिया।








# विंटर सीजन के 10 सुपर फूड्स

सर्दियों में शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाए रखने और अन्य बीमारियों से बचाव में सुपर फूड्स का सेवन बहुत कारगर है। यहां हम आपको 10 सुपर फूड्स और उनके फायदों के बारे में बता रहे हैं।

डाइट सजेशन
विनीता

सर्दी के मौसम में ठंड से बचाव और शरीर सक्रिय बनाए रखने के लिए कुछ खाद्य पदार्थ मौजूद होते हैं, जिनका नियमित सेवन स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद साबित होता है। इनके सेवन से इम्यूनिटी बढ़ती है। साथ ही इनमें कई ऐसे माइक्रोन्यूट्रिएंट्स भी मौजूद होते हैं, जो कई बीमारियों से बचाव में मददगार होते हैं। आइए जानते हैं, ऐसे ही कुछ सुपर फूड्स के बारे में।

**आंवला:** विटामिन सी, डायटरी फाइबर, कैल्शियम, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट तत्वों से भरपूर आंवला शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है। आंवला का नियमित सेवन सर्दी, जुकाम, खांसी और बुखार से बचाव में मददगार होता है। इसके लिए प्रतिदिन दो या तीन आंवले का सेवन करें।



**चुकंदर:** एंटीऑक्सीडेंट तत्वों और आयरन से भरपूर चुकंदर एनीमिया दूर करने में मददगार साबित होता है। साथ ही यह हाई ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखता है। इसमें कैंसररोधी तत्व भी पाए जाते हैं। इसलिए प्रतिदिन सुबह चुकंदर का जूस पीना बहुत फायदेमंद साबित होता है।



**गुड़:** इसमें मौजूद आयरन, हीमोग्लोबिन बढ़ाने के साथ एनीमिया से बचाव में मददगार होते हैं। गुड़ में पर्याप्त मात्रा में मैग्नीशियम और पोटैशियम जैसे पोषक तत्व भी मौजूद होते हैं, जो हड्डियों और मांसपेशियों को मजबूत बनाने, ब्लडप्रेशर को संतुलित रखने और ब्रेन को दुरुस्त रखने में मददगार होते हैं। अगर आपको डायबिटीज की समस्या ना हो तो नियमित रूप से गुड़ का सेवन करें।

**बाजरा:** इसमें पर्याप्त मात्रा में कार्बोहाइड्रेट पाया जाता है, जो ठंड से बचाव में मददगार होता है। इसमें आयरन, मैग्नीशियम, फास्फोरस और विटमिन बी-12 पाया जाता है। इसका नियमित सेवन हड्डियों, मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। साथ ही स्मरण शक्ति को बढ़ाने में भी मददगार होता है। बाजरे के आटे से बनी रोटियां सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होती हैं।

**गाजर:** प्रोटीन और विटामिन ए से युक्त गाजर आंखों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें कई पौष्टिक प्लांट कंपाउंड्स होते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल को घटाकर दिल को भी स्वस्थ रखते हैं। इसलिए सर्दियों में दो या तीन गाजर का सेवन नियमित रूप से करें।

**पालक:** सर्दियों में भरपूर मात्रा में पालक का सेवन करें, क्योंकि पालक में अल्फा लिपिक एसिड नामक एंटीऑक्सीडेंट तत्व पाया जाता है, जो शरीर के शुगर लेवल को नियंत्रित रखता है। इसमें मौजूद पोटैशियम हाई ब्लडप्रेशर को नियंत्रित रखने में मददगार होता है। इसीलए प्रतिदिन 100 ग्राम पालक का सेवन किया जा सकता है, इसका सूप भी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

**मूंगफली:** इसमें रेसवेराट्रॉल नामक बायोएक्टिव तत्व पाया जाता है, जो ब्रेन को दुरुस्त बनाए रखने में मददगार होता है। इसमें मौजूद मैगनीज, फॉस्फोरस और अन्य विटमिंस हड्डियों को मजबूत बनाने में मददगार साबित होते हैं। प्रतिदिन मुट्ठी भर मूंगफली का सेवन सेहत के लिए बहुत फायदेमंद साबित होता है।

**टमाटर:** टमाटर में लाइकोपिन नामक तत्व पाया जाता है, जो बैड कोलेस्ट्रॉल एलडीएल (लो डेंसिटी लिपोप्रोटीन) को बढ़ने से रोककर दिल की बीमारियों से बचाव में मददगार होता है। यह शुगर लेवल को नियंत्रित करता है। हड्डियों और त्वचा के लिए भी फायदेमंद होता है। इसलिए इन सर्दियों में प्रतिदिन टमाटर का सेवन जरूर करें।

**मूली:** मूली में एंथोसायनिन नामक फ्लेवोनॉयड पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है, जो दिल को स्वस्थ बनाए रखने में मददगार होता है। इसमें मौजूद फाइबर पाचन तंत्र को दुरुस्त रखता है। विटामिन सी से भरपूर मूली इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मददगार साबित होती है।

**शकरकंद:** बीटा कैरोटिन और कई एंटीऑक्सीडेंट तत्वों से भरपूर शकरकंद का सेवन दिल और आंखों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद डायटरी फाइबर्स, कब्ज को दूर करने में मददगार होता है। अपनी डाइट में उबले हुए शकरकंद को जरूर शामिल करें। *

**(मणिपाल हॉस्पिटल, गाजियाबाद के डाइटिटिक्स एंड न्यूट्रिशन डिपार्टमेंट की एचओडी, डॉ. अदिति शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

मेंटल हेल्थ / रजनी अरोड़ा

अस्त-व्यस्त जीवनशैली, ओवर वर्कप्रेशर, टेंशनफुल शेड्यूल या डिजिटल वर्ल्ड में जरूरत से ज्यादा बिजी रहने की वजह से आजकल हर उम्र के लोग अकेलेपन का शिकार होने लगे हैं। समय रहते इस पर ध्यान ना दिया जाए तो शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। इससे बचने के लिए आपको यहां बताई जा रही बातों पर जरूर ध्यान देना चाहिए।



# शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य बिगाड़ सकता है अकेलापन

अकेलापन एक मौलिक मानवीय भाव है। जैसे हम भूख-प्यास का अनुभव करते हैं, वैसे ही कभी-कभी अकेलेपन का भी अनुभव करते हैं। अकेलापन तब होता है, जब भीड़ का हिस्सा होने के बावजूद व्यक्ति का दूसरों के साथ कोई सार्थक संबंध नहीं हो पाता। जिसकी प्रतिक्रिया स्वरूप मस्तिष्क की कोशिकाओं में अलगाव महसूस होने लगता है। इस वजह से तनाव या अवसाद से घिर जाता है।

## अकेलेपन के प्रकार

अकेलापन कई प्रकार का हो सकता है। सामाजिक रिश्तों में सामंजस्य की कमी होने से भावनात्मक अकेलापन उत्पन्न होता है। ऐसा व्यक्ति समाज के बीच, लोगों से घिरे होने के बावजूद अपने को अकेला महसूस करता है। कुछ व्यक्ति परिवार, समाज से कटकर अपनी इच्छा से अकेले रहने लगते हैं। एक-दूसरे से मिलने-जुलने का सिलसिला खत्म हो जाता है। इसे स्वैच्छिक अकेलापन कहते हैं। जीवन की चुनौतियों या समस्याओं में उलझने से कई बार तनावपूर्ण अकेलापन उत्पन्ना हो जाता है।



## अकेलेपन के दुष्प्रभाव

'द हीलिंग पॉवर ऑफ ह्यूमन कनेक्शन इन वर्ल्ड' के लेखक डॉ. विवेक एच मूर्ति का मानना है कि अकेलापन साइलेंट किलर की तरह व्यक्ति को कई प्रकार की शारीरिक-मानसिक बीमारियों का शिकार बनाता है। अकेलेपन के शिकार व्यक्ति की जीवनशैली और खान-पान में बदलाव आ जाते हैं। व्यक्ति अनियमित दिनचर्या, जंक या फास्ट फूड का सेवन, आरामपरस्ती, तंबाकू-एल्कोहल का सेवन जैसी गलत आदतों का आदी हो जाता है। अकेलापन शरीर में कॉर्टिसोल हार्मोन को ट्रिगर करता है, जिसकी वजह से इम्यून सिस्टम कमजोर होने लगता है। व्यक्ति को कम उम्र में ही मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक, लकवा जैसी बीमारियां होने का खतरा रहता है। अकेले होने पर व्यक्ति अपने मन की बात या समस्याएं किसी से शेयर नहीं कर पाते। इससे उनमें भावनात्मक असंतुलन और नकारात्मकता देखने को मिलती है। ब्रेन में न्यूरांस की सक्रियता कम हो जाती है। ब्रेन की कोशिकाएं मृत होने लगती हैं। शुरुआत में व्यक्ति को अनिद्रा, तनाव, डिप्रेशन, एंग्जाइटी भूलने की बीमारी या अन्य मानसिक समस्याएं हो सकती हैं। अकेलापन बढ़ने पर व्यक्ति में साइकोटिक सिंप्टंप्स दिखने लगते हैं। कई व्यक्ति आत्महत्या जैसे कदम भी उठा लेते हैं।



## उपचार के तरीके

व्यक्ति की स्थिति के आधार पर उपचार किया जाता है। अकेलापन महसूस होने पर व्यक्ति को अपने दायरे से बाहर आने, दूसरों से बात करने, मिलने-जुलने की खुद कदम उठाने चाहिए। बिना देर किए मनोचिकित्सक से संपर्क करें। वे व्यक्ति की काउंसलिंग करके समस्या की जड़ का पता लगाते हैं और समुचित उपचार करते हैं। जरूरत पड़ने पर उसके करीबियों और दोस्तों की मदद ली जाती है।

## ऐसे करें अपना बचाव

अकेलेपन से बचने के लिए जरूरी है कि व्यक्ति अपने में बदलाव लाए।

- खुद से प्यार करें। अपने चीयरलीडर बनें, आत्मविश्वास विकसित करें, तभी अंतर्मुखी व्यक्तित्व से बाहर आ पाएंगे और दूसरों के साथ तालमेल बिठा पाएंगे।
- स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। सरकेडियम रिदम का अनुपालन करें यानी सोना-जागना, खाना, व्यायाम और काम नियत समय पर करें।
- इम्यूनिटी बूस्ट करने के लिए पौष्टिक और संतुलित आहार का सेवन करें। स्वस्थ आहार अकेलापन दूर कर 'फील गुड' का एहसास कराने में भी सहायक है।
- इमोशनल हेल्थ पर ध्यान दें। अपने विचार और भावनाओं को समझें। सकारात्मक रवैया अपनाएं। अपने जीवन में बदलाव लाने के लिए निरंतर सक्रिय रहें।
- सपोर्टिव-सोशल नेटवर्क कायम करें। परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताएं। निजी या सामाजिक सरोकारों के लिए एक-दूसरे का सहयोग और भावनात्मक समर्थन लें। संबंधों में मजबूती बनाने और अकेलापन कम करने के लिए लगातार कोशिश करते रहें।
- सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाने के बजाय नए दोस्त बनाएं, समय निकाल कर नए-पुराने दोस्तों के साथ मिलते-जुलते रहें।
- खुद को मनपसंद एक्टिविटी में बिजी रखने की कोशिश करें। व्यस्त दिनचर्या के बावजूद रोजाना ना सही, सप्ताहांत में कुछ समय ऐसे कामों के लिए जरूर निकालें, जो आपकी पसंद के हों।
- मानसिक डिटॉक्सीफिकेशन भी जरूरी है। रोज रात 9 बजे के बाद और सप्ताह में कम से कम एक दिन मोबाइल से दूरी बनाएं। म्यूजिक, डांस, पेंटिंग, कुकिंग, पढ़ना-लिखना, घूमना, मेडिटेशन जैसे दूसरे कार्यों में खुद को व्यस्त करें।
- रोजाना रात को सोने से पहले आत्ममंथन करें। दिन भर का लेखा-जोखा बनाएं। अच्छे कामों के लिए खुद को सराहें।
- रात को अपनी परेशानियों, दूसरों से मन-मुटाव या मानसिक उधेड़बुन को पेपर पर लिखें। बिना पढ़े पेपर को फाड़ दें या जला दें। इससे मन शांत होगा, नींद अच्छी आएगी और अगली सुबह नई स्फूर्ति से दिन की शुरुआत कर पाएंगे। *





**(फोर्टिस एस्कॉर्ट हार्ट इंस्टीट्यूट, दिल्ली की मनोचिकित्सक डॉ. भावना बर्मी और स्वास्तिक क्लीनिक दिल्ली के मनोचिकित्सक डॉ. रोहित शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

### क्या बताते हैं आंकड़े

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार दुनिया भर में 5 से 15 प्रतिशत युवा और किशोर अकेलेपन से उपजी गंभीर मानसिक समस्याओं से ग्रसित हैं। स्कॉटलैंड की ग्लासगो यूनिवर्सिटी की रिसर्च के मुताबिक अकेलेपन के कारण लोगों में समय से पहले मौत का खतरा 39 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। परिवार या दोस्तों से मेल-जोल ना रखने से दिल की बीमारी का खतरा 53 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। जबकि ब्रिटेन में हुई स्टडी यह दावा करती है कि तकरीबन 77 फीसदी अकेले रहने वाले लोगों को असमय मौत का सामना करना पड़ता है। भारत में युवाओं की अपेक्षा उम्रदराज लोगों में अकेलेपन का खतरा ज्यादा होता है। 45 साल या बड़ी उम्र के 20 प्रतिशत लोग महसूस करते हैं कि वे अकेले हैं। भारत में तकरीबन 1.5 करोड़ बुजुर्ग अकेले हैं। *

न्यू स्टडी

# डायबिटीज पेशेंट्स को लिवर फाइब्रोसिस का रिस्क



आज के दौर में डायबिटीज के मरीजों की बढ़ती संख्या से स्वास्थ्य विभाग चिंतित है। इसकी वजह यह है कि लाइफस्टाइल से जुड़ी इस बीमारी के कारण कई दूसरी बीमारियों के होने का खतरा भी बढ़ जाता है। हाल ही में दिल्ली स्थित सफदरजंग अस्पताल में हुए एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि डायबिटीज से पीड़ित करीब एक-तिहाई मरीजों के लीवर में फाइब्रोसिस बीमारी होने का रिस्क बढ़ जाता है। सफदरजंग अस्पताल के डॉक्टरों ने डायबिटीज पेशेंट्स के फाइब्रोसिस स्कोर टूल की जांच के दौरान देखा कि जिन मरीजों का शुगर लेवल नियंत्रित नहीं था, उनके शरीर में लिवर फाइब्रोसिस का खतरा अधिक था। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि कुल डायबिटीज मरीजों में करीब तीस प्रतिशत मरीजों के शरीर में फाइब्रोसिस का मिड रिस्क था। इनमें करीब पांच प्रतिशत मरीज लिवर फाइब्रोसिस के हाई लेवल रिस्क की जद में थे। लिवर फाइब्रोसिस उस स्थिति को कहते हैं, जब लिवर को नुकसान होना शुरू होता है। ये लिवर की बीमारी की पहली स्टेज कही जाती है। इस मेडिकल कंडीशन में लिवर के हेल्दी टिश्यूज पर कई तरह के घाव बन जाते हैं, जो धीरे-धीरे लिवर को खराब करना शुरू कर देते हैं। लिवर फाइब्रोसिस होने पर लिवर सही ढंग से काम नहीं करता और इसके घाव वाले टिश्यूज, लिवर के अंदर ब्लड फ्लो को डिस्टर्ब करते हैं। विशेषज्ञ अध्ययनकर्ताओं का कहना है कि लिवर फाइब्रोसिस पर ध्यान ना दिया जाए तो ये यह लिवर सिरोसिस में बदल सकता है, जिसमें लिवर पूरी तरह से खराब हो सकता है। लिवर सिरोसिस एक जानलेवा बीमारी है, लेकिन लिवर फाइब्रोसिस पर ध्यान दिया जाए तो इसका उपचार हो सकता है और मरीज लिवर सिरोसिस की चपेट में आने से बच सकता है। ऐसे में डायबिटीज पेशेंट्स को पूरी तरह कॉन्शस रहने की जरूरत होती है। *

**प्रस्तुति: अजेश कुमार**

अवेयरनेस
रेखा देशराज

# क्या आप भी अकसर खाते रहते हैं पेनकिलर

सामान्य से गंभीर प्रकार के दर्द से तुरंत राहत के लिए लोग अकसर पेनकिलर खाते रहते हैं। लेकिन इनका ज्यादा सेवन आपको कई गंभीर हेल्थ प्रॉब्लम्स दे सकता है। ऐसे में सावधान रहना जरूरी है।



अमेरिका जैसे मजबूत मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर वाले देश में लगातार निगरानी के बाद यह बात सामने आई कि साल 2000 से 2017 तक हर दिन 91 लोगों की मौत पेनकिलर यानी दर्द निवारक दवा खाने से हो रही थी। जबकि अमेरिका में दवाओं की गुणवत्ता और दवाओं के इस्तेमाल की मात्रा पर कड़ाई से नजर रखी जाती है, तब यह हालत थी। इससे यह आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि दुनिया के बाकी हिस्सों में पेनकिलर से हर दिन कितने लोगों की मौत होती होगी।

**कोरोना के बाद बढ़ी मांग:** साल 2018 में डब्ल्यूएचओ का एक अनुमान था कि हर दिन करीब 1.5 करोड़ खुराक दर्द निवारक दवाएं खाई जा रही थीं। अगर इनके 2010 से 2018 तक के इस्तेमाल में हुई वृद्धि के ट्रेंड को ही ध्यान में रखें, तो इस समय दुनिया में करीब हर रोज 2.5 करोड़ डोज दर्द निवारक दवाएं खाई जाती होंगी। हालांकि 2020-21 में जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी से ग्रस्त थी, उस दौरान तो सामान्य आंकड़ों के मुताबिक दर्द निवारक दवाओं की खपत में 2,000 फीसदी से भी ज्यादा की बढ़ोत्तरी हो गई थी।

**पूरी दुनिया में बढ़ रही खपत:** लब्बोलुआब यह कि आधुनिक मेडिकल चिकित्सा के नाम पर दर्द निवारक दवाओं का जानलेवा फंदा पूरी दुनिया पर मंडरा रहा है। हालांकि ऐसा कोई देश नहीं है, जहां पेनकिलर के इस्तेमाल के खतरनाक दुष्परिणामों को बार-बार डॉक्टरों द्वारा या विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसी वैश्विक स्वास्थ्य संगठनों द्वारा ना बताया जाता हो। लेकिन विभिन्न तरह के तात्कालिक दर्दों जैसे कान के दर्द, दांतों के दर्द, मांसपेशियों के दर्द, यहां तक कि सिर दर्द और चोट लगने से होने वाले दर्दों के साथ-साथ, हर महीने महिलाओं को होने वाले मासिक धर्म में भी तुरंत राहत के लिए पेनकिलर लोग लेते हैं।



**मांग बढ़ने की वजहें:** दुनिया में हर साल 13.5 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। जबकि करीब 40 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं। इन सड़क दुर्घटनाओं के शिकार होने वाले लोग महीनों तक हर दिन कई-कई पेनकिलर खाते हैं। कम से कम 5 से 7 करोड़ पेनकिलर हर साल सड़क दुर्घटनाओं से शिकार लोग ही खा जाते हैं। इससे इनकी खपत का अंदाजा लगता है। हालांकि देसी दवाओं या जड़ी बूटियों में भी दर्द निवारण की क्षमता है, बावजूद इसके इस्तेमाल में आसान होने के कारण और तात्कालिक रूप से फायदा पहुंचाने के कारण ज्यादातर लोग ऐलोपैथी की पेनकिलर दवाओं का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। यूरोप और अमेरिका में हजारों ऐसी संस्थाएं और संगठन काम कर रहे हैं, जो लोगों को दर्द निवारक दवाओं के इस्तेमाल से सचेत रहने के लिए आगाह कर रहे हैं।

**पेनकिलर के साइडइफेक्ट्स :** माना जा रहा है कि हर साल दर्द निवारक दवाओं के साइडइफेक्ट के कारण 15 से 16 लाख लोगों की मौत हो जाती है। वास्तव में लगातार पेनकिलर का उपयोग करने से लिवर, किडनी, हृदय और रक्त परिसंचरण में कई तरह की समस्याएं आ जाती हैं। पेनकिलर लेने से पेट खराब होना आम बात है। पेनकिलर लगातार खाने से बहुत सारी चीजें रिएक्शन कर जाती हैं। पेट में अल्सर बनना इसके दुष्प्रभावों में बहुत आम है। यह सब जानने के बावजूद भी लोग हर दिन कई-कई पेनकिलर खाते हैं। बहुत से लोग तो निश्चित रूप से इनके दुष्प्रभावों के बारे में नहीं जानते हैं। कई बार दर्द से बचने के कारण इन्हें खाते हैं। क्योंकि तेज से तेज पेनकिलर महज 4 से 6 घंटे तक ही आपको दर्द से राहत देता है।

**अन्य विकल्प खोजें:** पिछले दिनों न्यूयॉर्क टाइम्स में छपे एक लेख में एक व्यक्ति ने बताया कि डॉक्टर हर दिन मुझे दर्द से बचने के लिए पेनकिलर खाने के लिए कहते रहे। हालांकि इस व्यक्ति को लगातार पेनकिलर खाने से हिचक थी। सो उसने पेनकिलर का विकल्प ढूंढ़ा तो उसे जल्द ही न्यूरोपैथी में ऐसा विकल्प मिल गया। हर देसी चिकित्सा पद्धति में बिना साइडइफेक्ट वाली पेनकिलर मौजूद हैं। आप अनुभवी विशेषज्ञ से सलाह लेकर इनका यूज कर सकते हैं। *



# हरियाणा में साढ़े नौ साल में 30 लाख नौकरियां दीं : सीएम

## हिसार से 2024 करोड़ की 153 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को प्रदेशवासियों को करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी है। हिसार के लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री ने 2024 करोड़ रुपये की 153 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में 686 करोड़ की 76 परियोजनाओं का उद्घाटन व 1338 करोड़ रुपये की लागत की 77 परियाजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इस मौके पर सीएम ने कहा कि हमने साढ़े 9 साल में 30 लाख लोगों को रोजगार दिया है। स्वरोजगार के लिए लोन दिए जा रहे हैं। हर किसी को सरकारी पक्की नौकरी मिलना संभव नहीं है। इसलिए हम अन्य रोजगार देने पर भी जोर दे रहे हैं। युवाओं को स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रशिक्षण दे रहे हैं। हमने भर्तियों के सिस्टम में बदलाव किया, भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए कई पोर्टल बनाए गए हैं। विपक्ष बेरोजगारी को लेकर 35 प्रतिशत तक का आंकड़ा बोलते हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि परिवार पहचान पत्र में जिन लोगों ने स्वयं को बेरोजगार घोषित किया है, ऐसे केवल 8.5% हैं, लेकिन विपक्ष द्वारा 34-35% तक की बात कहना केवल राजनीतिक प्रोपेगेंडा है।



### इन बड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

- 333 करोड़ से सेक्टर-78, फरीदाबाद में अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर के नए भवन का निर्माण।
- 185 करोड़ से पंजाब सीमा से रतिया-फतेहाबाद-भट्टू-भादरा से राजस्थान सीमा तक बुढ़लाडा सड़क का सुदृढ़ीकरण व चौड़ीकरण।
- 87 करोड़ से पानीपत टाउन में 15 एमएलडी और 25 एमएलडी क्षमता के दो एसटीपी।
- 62 करोड़ से सोनीपत शहर में ट्रीटेड वेस्ट वाटर के पुनः उपयोग के लिए सीवरेज नेटवर्क का विस्तार।
- 86 करोड़ से रेवाड़ी-नारनौल रेलवे लाइन पर 4 लेन आरओबी का निर्माण।
- 76 करोड़ से सनौली-पानीपत रोड (जीटी रोड एनएच-44) तक का सुधार कार्य।
- 60 करोड़ से चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद में टीचिंग ब्लॉक-III का निर्माण।
- 55 करोड़ से रतिया शहर में नहर आधारित जल घर का निर्माण।
- 58 करोड़ से सोनीपत में 10 गांव के लिए जलापूर्ति योजना का विस्तार सहित अमृत योजना के तहत सोनीपत शहर के शेष क्षेत्रों में जल वितरण प्रणाली का उद्घाटन।

## खबर संक्षेप

### चना, मसूर एवं सरसों का उपार्जन 25 मार्च से

**भोपाल।** कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना ने बताया कि विभाग ने प्रदेश में रबी मौसम वर्ष 2023-24 में प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत चना मसूर एवं सरसों की उपज की उचित दर प्राप्त करने के लिए वार्षिक कैलेण्डर घोषित किया है। इससे किसानों को फसल का बेहतर दाम मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि चना मसूर एवं सरसों का उपार्जन 25 मार्च से 31 मई 2024 तक किया जाएगा।

### आज मनाया जाएगा 14वां मतदाता दिवस

**भोपाल।** 25 जनवरी को प्रदेश के सभी 64 हजार 523 मतदान केंद्रों पर 14 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह सुबह 11 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में राज्य निर्वाचन आयुक्त बीपी सिंह, पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग ओपी रावत, कमिश्नर भोपाल डॉ. पवन शर्मा, स्टेट आईकॉन राजीव वर्मा और गोविंद नामदेव शामिल होंगे।

### 16 हजार लोगों के कटेंगे वोटर लिस्ट से नाम

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव के लिए वोटर लिस्ट का काम जारी है। जिसके तहत 22 जनवरी को नाम जोड़ने के आखिरी दिन तक 50 हजार 883 लोगों ने आवेदन किए। जिसमें नाम जुड़वाने के लिए 18 हजार 669 और नाम कटवाने के 16 हजार 83 आवेदन मिले। वोटर कार्ड में पता और अन्य संशोधन कराने के लिए 16 हजार 109 आवेदन मिले हैं। आठ फरवरी के पहले इनका निराकरण किया जाएगा, जिसके बाद वोटर लिस्ट में मतदाताओं की तादाद बढ़ जाएगी।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले शिवराज

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री निवास पर सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री चौहान को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्र से चौहान ने प्रदेश के विकास से संबंधित योजनाओं पर चर्चा की।

## केंद्रीय मंत्री गोयल ने भारत मंडपम प्रगति मैदान में प्रदान किया सम्मान

# मप्र को स्टार्टअप रैंकिंग में मिला लीडर अवॉर्ड, सीएम ने दी बधाई

**केंद्र सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने सीएम डॉ. यादव को दी जानकारी**

**स्टार्टअप नीति के कारण सफलता** | **स्टार्टअप की संख्या दो वर्ष में 108 प्रतिशत से अधिक बढ़ी** | **जागरुकता कार्यक्रम हुए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से मप्र को स्टार्टअप रैंकिंग में लीडर के रूप में पुरस्कृत किए जाने की जानकारी दी गई।

सूक्ष्म,लघु, मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, विभाग के सचिव पी नरहरि और निदेशक एसएमएनई रोहित सिंह ने प्राप्त अवार्ड का विस्तृत विवरण मुख्यमंत्री को दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश को यह अवार्ड प्राप्त होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए विभागीय टीम को बधाई दी। मप्र को यह अवार्ड हाल ही में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सावर्जनिक वितरण तथा कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल ने भारत मंडपम प्रगति मैदान, नई दिल्ली में प्रदान किया। मप्र की स्टार्टअप नीति के कारण राज्य में उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या दो वर्ष से कम अवधि में 108 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई है।




### मध्यप्रदेश को लीडर अवॉर्ड इन वजहों से मिला

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बताया गया कि भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग ने राज्यों की स्टार्टअप रैंकिंग 2022 और राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार 2023 के अंतर्गत मप्र को लीडर के रूप में पुरस्कृत किया है। मप्र के सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम विभाग ने ऐसा सशक्त तंत्र विकसित किया, जिसके फलस्वरूप प्रदेश के उच्च शिक्षा संस्थानों में स्टार्टअप जागरूकता का कार्य हो सका। इसके साथ ही इंटरैक्टिव पोर्टल के निर्माण और स्टार्टअप एवं निवेशकों के मध्य बैठकों का आयोजन भी किया गया। मप्र की नई स्टार्टअप नीति एवं कार्यान्वयन योजना 2022 लागू की गई जिसका प्रधानमंत्री ने वर्चुअली उद्घाटन किया था।

### *मुख्यमंत्री डॉ. यादव पीएससी में चयनित 686 अधिकारियों को कल देंगे नियुक्ति पत्र, सुशासन पर करेंगे सीधा संवाद*

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 25 जनवरी को रवीन्द्र भवन में मध्यप्रदेश सिविल सेवा के वर्ष 2019 और वर्ष 2020 के लिए चयनित 686 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। वे नवागत अधिकारियों के साथ सीधा संवाद करेंगे। नियुक्ति पत्र प्रदान करने के अतिरिक्त मध्यप्रदेश सरकार के विजन से अवगत कराया जाएगा। सरकार के इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी में जुटे अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन एवं नवागत अधिकारियों को गुड गवर्नेंस, सतत विकास का लक्ष्य एवं मध्यप्रदेश शासन के विजन से अवगत कराना है। कुल 686 चयनित अभ्यर्थियों में 187 अनारक्षित, 157 अन्य पिछड़ा वर्ग, 110 अनुसूचित जाति, 150 अनुसूचित जनजाति एवं 82 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थी हैं।*

**20 वर्षों की यात्रा होगी प्रस्तुत**

*कार्यक्रम में प्रदेश की विगत 20 वर्षों की प्रगति यात्रा एवं प्रमुख सामाजिक एवं आर्थिक संकेतकों का प्रस्तुतिकरण होगा। मुख्यमंत्री द्वारा चयनित अभ्यर्थियों से सीधे संवाद के अलावा अभ्यर्थी अपनी सफलता और लक्ष्य प्राप्ति में आई कठिनाईयों की जानकारी देंगे। कार्यक्रम के तहत सुशासन के आयाम विषय पर विशेषज्ञ द्वारा अपना वक्तव्य प्रदान किया जाएगा। गुड गर्वनेंस के साथ टेक्नॉलाजी इन गर्वनेंस, सीएम हेल्पलाइन एवं अन्य तकनीकी इंटरवेंशन के विषय पर भी उद्बोधन होगा, जो कि नवागत अधिकारियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।*

**इन विभागों में होगी नियुक्ति**

नवागत अधिकारी वाणिज्यिक कर विभाग वित्त विभाग, कार्मिक विभाग, राजस्व, स्कूल शिक्षा, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, गृह, नगरीय प्रशासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम, जनसंपर्क, जनजातीय कार्य विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, सहकारिता विभाग एवं जेल विभाग में पदस्थ होंगे।

**11 फरवरी तक चलेगा खिचड़ी महोत्सव**

## राधा वल्लभ मंदिर में श्रीकृष्ण की 42 लीलाओं के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुराने शहर के राधा वल्लभ मंदिर इब्राहिमपुरा और हित रसिक मंडली मंदिर इतवारा में खिचड़ी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह 11 फरवरी तक मंदिर में यह उत्सव आयोजित किया जाएगा।



इस बीच भगवान श्रीकृष्ण का श्रृंगार अलग-अलग स्वरूपों में कर रहे हैं। मंदिर के पंडित भूपेश आचार्य ने बताया कि राधा वल्लभ संप्रदाय में पौष मास की अमावस्या से माघ की अमावस्या तक खिचड़ी उत्सव मनाने की परंपरा है। इस उत्सव में राधा-रानी से मिलने और उन्हें रिझाने के लिए श्रीकृष्ण ने 42 लीलाएं की हैं। उत्सव के दौरान मंदिर में कई रूपों में भगवान दर्शन देते हैं। इसी के तहत 29 दिनों तक भजनों की प्रस्तुति के साथ ही राधा-कृष्ण के भजन और पदों का संगीतमय गायन हो रहा है। उत्सव में सांवरिया सेठ, माखन चोरी, पणिहारिन लीला व नानी बाई का मायरो प्रसंग की प्रस्तुति करेंगे। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण की 42 लीलाओं का वर्णन झांकी लगाकर किया जा रहा है।

## संप्रेक्षण गृह पहुंचे कलेक्टर ने भोजन की परखी गुणवत्ता

**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण ने बुधवार को सरकंडा स्थित बाल संप्रेक्षण गृह, प्लेस ऑफ सेफ्टी, विशेष गृह, बालिका गृह और सखी वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने इन संस्थाओं में निवासरत बच्चों से चर्चा कर रहन-सहन, खान-पान की जानकारी ली। रसोई में बन रहे भोजन की गुणवत्ता भी परखी। उन्होंने बच्चों के अनुरोध पर डीएमएफ मद से कंप्यूटर सेट की स्वीकृति भी दी। कलेक्टर ने सबसे पहले बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यहां 29 बच्चे निवासरत है। कलेक्टर ने इत्मीनान से बच्चों से चर्चा की और उन्हें दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उनके अनुरोध पर पांच कंपयूटर सेट प्रिंटर सहित एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उनसे चर्चा के दौरान कहा कि अपने भविष्य के लिए कुछ मकसद बनाएं और उसे पूरा करने में जुट जाएं।

## पेज एक का शेष

### आपकी जनरेशन जेन...

से कहा कि आपकी जनरेशन को (जेन जेड) कहा जाता है, लेकिन मैं आपको अमृत पीढ़ी कहूंगा। आप देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। बता दें कि जेन जेड 1995 से 2012 के बीच पैदा हुए लोगों को कहा जाता है। पीएम ने आगे कहा कि बुधवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस है। बेटियों में समाज और देश को बेहतर बनाने की क्षमता होती है। इतिहास के अलग-अलग दौर में भारत की बेटियों ने अपने फौलादी इरादों और समर्पण की भावना से कई बड़े परिवर्तनों की नींव रखी है। साथ ही पीएम ने बिहार के पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर को भी याद किया। उन्होंने कहा कि देश ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का बड़ा निर्णय लिया है। युवाओं को उनके बारे में पढ़ना चाहिए। कर्पूरी ठाकुर हमेशा अपनी सादगी के लिए जाने जाते रहे। उनका पूरा जीवन सामाजिक न्याय और वंचितों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। आज भी उनकी ईमानदारी की मिसाल दी जाती है।

### रिकॉर्ड 2.26 करोड़ रजिस्ट्रेशन...

रजिस्ट्रेशन हुआ है। शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस वर्ष, परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 29 जनवरी को सुबह 11 बजे से भारत मंडपम, आईटीपीओ, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में टाउन-हॉल प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में लगभग 3000 प्रतिभागी प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे।

### इससे पहले हुई देश ...

अनूठी पहल 'परीक्षा पे चर्चा 2024' के क्रम में मंगलवार को देश भर के 774 जिलों के 657 केंद्रीय विद्यालयों और 122 नवोदय विद्यालयों (एनवीएस)में एक राष्ट्रव्यापी पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लिखित पुस्तक एग्जाम वॉरियर्स के परीक्षा मंत्रों पर आधारित इस मेगा इवेंट में 60 हजार से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

### दिग्वजय : 40 प्रतिशत ...

प्रतिशत वोटों में हेरफेर हो सकता है। इस पर भाजपा ने उनसे सवाल पूछ लिया कि क्या कर्नाटक, हिमाचल और तेलंगाना में ईवीएम हैक कर सरकारें बनाई हैं, दिग्विजय सिंह इसे स्पष्ट करें।

**दिग्विजय ने कहा-क्या हम ऐसे लोगों के हाथ में ये सब तय करने का अधिकार दे दें ?:** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में एक पत्रकार वार्ता में दिग्विजय सिंह ने मीडिया के सामने ईवीएम एक्सपर्ट अतुल पटेल से पूरी मतदान प्रक्रिया का डेमो कराया। इस दौरान एक ईवीएम में 10 वोट डाले गए। चुनाव चिह्न के तौर पर सेब, केला और तरबूज था। इस दौरान अधिकांश पत्रकारों ने केला चिह्न पर वोट दिया। अंतिम नतीजे में सेब को ज्यादा मत प्राप्त हुए। दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया कि 140 करोड़ आबादी वाले देश में जहां 90 करोड़ मतदाता हैं तो क्या हम ऐसे लोगों के हाथ में ये सब तय करने का अधिकार दे दें? पूरी इलेक्शन प्रोसेस का मालिक न मतदाता है, न अधिकारी-कर्मचारी हैं। इसका मालिक सॉफ्टवेयर बनाने और सॉफ्टवेयर डालने वाला है। राज्य सभा सासंद सिंह ने कहा कि पहले कौन-सा ईवीएम कौन से बूथ पर जाएगा ये कलेक्टर तय करते थे, अब ये रेंडमाईजेशन के नाम पर इलेक्शन कमीशन के सेंट्रल ऑफिस से लोड होता है। मशीन सॉफ्टवेयर की बात मानेगी ऑपरेट करने वाले की नहीं मानेगी। पूर्व सीएम ने केंद्रीय निर्वाचन आयोग को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं है, दबाव में है। चुनाव आयोग ने खुद आरटीआई के जवाब में कहा है कि उनके पास कोई भी टेक्निकल टीम नहीं है।

### ईवीएम के सॉफ्टवेयर को ...

*का वोट मिल रहा है। ईवीएम से इतना प्रेम है तो हमें ईवीएम से निकलने वाली वीवीपैट पर्ची हाथ में दे दीजिए।*

### कांग्रेस ने लोकसभा...

उन्होंने कहा कि वे अपने नकारा नेतृत्व और गांधी परिवार को हार के कलंक से बचाना चाहते हैं। सच्चाई यह है कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की रीति-नीति के साथ पूरा देश खड़ा है। राष्ट्रविरोधी, धर्मविरोधी, महिला विरोधी और गरीब विरोधी कांग्रेस को जनता ने लोकसभा चुनाव में सबक सिखाने का मन बना लिया है।

### ईवीएम कांग्रेस की...

उसी समय कोसते हैं। जब वे जीतते हैं, उस समय ईवीएम की चर्चा नहीं करते। इनके मुताबिक, यह कितना हास्यास्पद है कि इन दलों और नेताओं के लिए इनकी जीत इनकी पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों की जीत होती है, जबकि भाजपा की जीत ईवीएम की जीत होती है। शर्मा ने कहा कि हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना में कांग्रेस को जीत मिली है, क्या दिग्विजय सिंह कांग्रेस की इस जीत को भी ईवीएम की जीत मानते हैं? दिग्विजय सिंह ने उस समय ईवीएम को दोष क्यों नहीं दिया, जब कांग्रेस ने तीन राज्यों के चुनाव जीते थे।

### सुरक्षा नियमों के उल्लंघन ...

की एक व्यापक जांच की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि टाटा समूह द्वारा संचालित एयर इंडिया के खिलाफ मिली शिकायत की जब डीजीसीए ने जांच की तो प्रथम दृष्टया एयरलाइन्स को सुरक्षा मानकों के अनुपालन में दोषी पाया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर नियामक ने एयरलाइन्स मैनेजमेंट को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। डीजीसीए ने कहा है कि चूंकि पट्टे पर दिए गए विमानों का संचालन नियामक मानदंडों के साथ-साथ विमान निर्माता द्वारा सुझाई गई प्रदर्शन सीमाओं के अनुरूप नहीं था,इसलिए डीजीसीए ने प्रवर्तन कार्रवाई शुरू की है और एयर इंडिया पर 1.10 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। हाल ही में डीजीसीए ने इंडिगो एयरलाइंस पर भी 1.20 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया था क्योंकि उसकी एक फ्लाइट के यात्री रनवे की सड़क पर आकर खाना खाने लगे थे। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी और कहा था कि यह किसी भी सूरत-ए-हाल में स्वीकार्य नहीं है।

### रेप पीड़िता की पहचान ...

तरन्नुम चीमा ने दिल्ली हाई कोर्ट में कहा कि विवादास्पद ट्वीट हटा दिया गया है। वकील ने इस बात पर प्रकाश डाला कि ट्वीट को न केवल भारत में रोक दिया गया था, बल्कि इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हटा दिया गया था। एक्स के वकील ने इस बयान की पुष्टि की। दिल्ली पुलिस ने सितंबर 2021 में राहुल गांधी के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करने का विवरण देते हुए एक सीलबंद कवर रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट में मामले से जुड़ी कानूनी कार्रवाई के बारे में बताया गया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ के समक्ष ये दलीलें दी गईं। साल 2021 में दिल्ली छावनी क्षेत्र में 9 वर्षीय दलित लड़की के साथ बलात्कार और उसके बाद मौत का मामला सामने आया था। लड़की एक श्मशान घाट से पानी लेने गई थी। चौंकाने वाली बात यह है कि श्मशान घाट के पुजारी ने तीन अन्य लोगों के साथ मिलकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया और जान से मार डाला था।

### पुरानी पेंशन भूल...

ऐलान होने की उम्मीद है। पेंशन फंड रेगुलेटर पीएफआरडीए ने ईपीएफओ यानी कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय से कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे योगदान के लिए टैक्सेशन के मोर्चे पर समानता की बात कही है। और इस बारे में आने वाले अंतरिम बजट में कुछ घोषणाएं होने की उम्मीद है। बता दें कि फिलहाल कर्मचारियों के कॉर्पस यानी कोष निर्माण में कर्मचारियों के योगदान में असमानता है। इसमें कॉर्पोरेट द्वारा बेसिक सैलरी और महंगाई भत्ते का 10 प्रतिशत तक योगदान को टैक्स में छूट दी गई है जबकि ईपीएफओ के मामले में यह दर 12 प्रतिशत है।

### राम मंदिर में एक...

और पुलिस विभाग के बीच तालमेल और अंतरराज्यीय/ अंतर्जनपदीय संवाद और समन्वय बनाए रखने के निर्देश देते हुए अयोध्या आने के लिए अतिरिक्त बसों का संचालन अभी स्थगित रखने की हिदायत दी है।

राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन 10 दान काउंटर खोले गए थे। इसके अलावा देश-दुनिया से तमाम राम भक्तों ने ऑनलाइन दान प्रभु श्रीराम को भेजा है। अनिल मिश्रा के अनुसार, मंगलवार 23 जनवरी को 5 लाख से ज्यादा रामभक्तों ने दर्शन किया है। दर्शन सुव्यवस्थित हो इसके लिए प्रशासन से वार्ता करके व्यवस्था की जा रही है। दूसरी तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी के साथ बैठक करके नई रणनीति तैयार की है। उन्होंने अयोध्या के आसपास के संघ के कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया है कि वह मंदिर में साफ-सफाई की जिम्मेदारी स्वीकार कर लें और सुव्यवस्थित मंदिर दर्शन जारी करने में सहयोग करें।

### रामलला की तीसरी ...

भगवान राम के चरणों में हनुमान जी भी विराजित हैं, वहीं, भगवान विष्णु के अवतारों को चारों तरफ बनाया गया है। तीसरी मूर्ति में भी भगवान राम को बाल स्वरूप में दर्शाया गया है। मूर्ति को बेंगलुरु के शिल्पकार जी एस भट ने बनाया है।

### 'माया' मिली...

कहा, अब, हमने तय किया है कि बंगाल में कांग्रेस के साथ कोई संबंध नहीं है।

सूत्रों के अनुसार, ममता की पार्टी की ओर से कांग्रेस के 2019 के लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन को देखते हुए उसे केवल दो सीट देने की पेशकश की गयी है जिसके लेकर दोनों दलों के बीच खींचतान बढ़ गयी है। टीएमसी, कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) 28 विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' का हिस्सा हैं। बनर्जी ने यह भी कहा कि पार्टी का राज्य में कांग्रेस से कोई रिश्ता नहीं होगा।

उनकी ये टिप्पणियां कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के पश्चिम बंगाल में प्रवेश करने के एक दिन पहले आई है। उन्होंने कहा, कांग्रेस को अपने दम पर 300 सीटों पर चुनाव लड़ने दीजिए। क्षेत्रीय दल एकजुट हैं और बाकी सीटों पर चुनाव लड़ सकते हैं। हालांकि, हम उनके (कांग्रेस) किसी हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं करेंगे। टीएमसी सुप्रीमो ने कोलकाता में हाल में हुई एक रैली में भी ऐसी ही टिप्पणी की थी जहां उन्होंने कुछ क्षेत्रों में भाजपा के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व करने के क्षेत्रीय नेताओं के विचार का समर्थन करते हुए सुझाव दिया था कि कांग्रेस अकेले अपने दम पर 300 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। विपक्षी गठबंधन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता जताते हुए बेनर्जी ने बुधवार को कहा, राष्ट्रीय स्तर पर हम 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा होने के तौर पर चुनाव के बाद अपनी रणनीति पर फैसला लेंगे। भाजपा को हराने के लिए जो भी हो सकता है, हम वह करेंगे। राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत न्याय यात्रा के बारे में उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने उन्हें राज्य में यात्रा के कार्यक्रम के बारे में सूचित नहीं किया है। यह यात्रा बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल में प्रवेश करेगी। उन्होंने कहा, शिष्टाचार के नाते, क्या उन्होंने (कांग्रेस) मुझे बताया कि वे यात्रा के लिए बंगाल आ रहे हैं? मुझे इसकी जानकारी नहीं है। अभी असम में चल रही इस यात्रा के 25 जनवरी को कूच बिहार जिले में बशीरहाट के जरिए पश्चिम बंगाल में प्रवेश करने की संभावना है। दो दिन 26-27 जनवरी को विश्राम करने के बाद यात्रा 29 जनवरी को बिहार पहुंचने से पहले जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार, उत्तर दिनाजपुर और दार्जीलिंग से गुजरेगी। यह एक फरवरी को राज्य से रवाना होने से पहले मालदा के जरिए 31 जनवरी को पश्चिम बंगाल में पुनः प्रवेश करेगी और मुर्शिदाबाद से गुजरेगी। मालदा और मुर्शिदाबाद दोनों ही कांग्रेस के गढ़ माने जाते हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और टीएमसी के मुखर आलोचक माने जाने वाले अधीर चौधरी ने कहा कि उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी से सीटों के लिए 'भीख' नहीं मांगेगी। टीएमसी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में राज्य में 22 सीटें, कांग्रेस ने दो और भाजपा ने 18 सीटें जीती थी।

भाजपा ने कहा-'इंडिया' के लिए मौत की घंटीः भाजपा ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बेनर्जी का लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने का फैसला उनकी 'हताशा' का संकेत और विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के लिए 'मौत की घंटी' है। भाजपा के सह-प्रभारी और पार्टी के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने का ममता बेनर्जी का फैसला हताशा का संकेत है। अपनी राजनीतिक जमीन बचाने में असमर्थ होने के कारण वह सभी सीट पर चुनाव लड़ना चाहती है ताकि चुनाव के बाद भी उनकी प्रासंगिकता बनी रहे। मालवीय ने कहा, विपक्षी गठबंधन का चेहरा बनने की उनकी इच्छा के विपरीत, किसी ने कभी उनके नाम का प्रस्ताव नहीं किया। राष्ट्रीय छवि बनाने के लिए दिल्ली की कई यात्राएं करने के बावजूद कोई फायदा नहीं हुआ। वह चुनाव-पश्चात हिंसा के दाग और तुष्टीकरण की राजनीति की दुर्गंध को दूर नहीं कर सकीं। ममता शेरनी की तरह लड़ रहीं : ठाकरेः शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 'शेरनी' की तरह लड़ रही हैं। उनकी लड़ाई राज्य के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, वह शेरनी की तरह लड़ रही हैं और उनकी लड़ाई पश्चिम बंगाल के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें ममता के फैसले के बारे में जानकारी नहीं है। शिवसेना (यूबीटी) 'इंडिया' में घटक दल है।

### कांग्रेस बोली- ममता के बिना 'इंडिया' की कल्पना नहीं

कांग्रेस ने कहा कि ममता के बिना विपक्षी गठबंधन इंडिया की कल्पना नहीं की जा सकती। पार्टी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान असम के उत्तरी सलमारा में कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने यह उम्मीद भी जताई कि पश्चिम बंगाल में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' एकसाथ चुनाव लड़ेगा। रमेश ने कहा, आपने ममता जी का पूरा बयान नहीं पढ़ा है। पूरा बयान है कि हम भाजपा को हराना चाहते हैं और भाजपा को हराने के लिए कोई कदम पीछे नहीं लेंगे। उसी भावना के साथ हम (भारत जोड़ो न्याय यात्रा) पश्चिम बंगाल में प्रवेश कर रहे हैं। उनका कहना था, रास्ते में कभी कभी स्पीड ब्रेकर आ जाता है, कभी कभी लाल बत्ती आ जाती है।

## चिंतन

# टीएमसी का अलग होना इंडि गठबंधन को धक्का

विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) को एक और बड़ा झटका लगा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने घोषणा कर दी है कि उनकी पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव राज्य में अकेले लड़ेगी। इससे पहले बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने यूपी में अेकेले सभी सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया था। इंडि गठबंधन बनने से लेकर अब तक सबकुछ ठीक नहीं है। तीन बैठकों के बाद भी न ही इंडिया ने अपना नेता चुना, न ही राज्यों में सीटों के बंटवारे को फाइनल किया। इंडिया के अंदर खटास मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के समय ही शुरू हो गया, जब समाजवादी पार्टी (सपा) कांग्रेस से नाराज हो गई। अभी जहां कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में बिजी हैं, वहीं पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इंडिया के सहयोगियों के साथ सीट को अंतिम रूप नहीं दे पा रहे हैं। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के कांग्रेस अपने दम पर सक्षम वाले बयान के बाद ही ममता ने एकला चलो का ऐलान किया। इंडिया के घटक दलों की शिकायत है कि कांग्रेस न ही तेजी से फैसला कर रही है और न ही सहयोगियों की स्थिति स्पष्ट कर रही है। महाराष्ट्र में शिवसेना उद्धव, एनसीपी के साथ कांग्रेस सीटों का फार्मूला तय नहीं कर पाई, यही स्थिति उत्तर प्रदेश में सपा के साथ है। दिल्ली व पंजाब में कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के बीच सीट बंटवारे का कोई फार्मूला नहीं निकल सका। आज ही पंजाब के सीएम भगवंत मान ने ऐलान किया है कि पंजाब में आप सभी 13 सीटों पर लोकसभा का चुनाव लड़ेगी। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ भी अभी तक कांग्रेस ने सीट शेयरिंग पर कोई बात नहीं कर सकी है। इसको लेकर एनसी की तरफ से नाराजगी व्यक्त की जा चुकी है। कश्मीर में इंडिया में पीडीपी की स्थिति को लेकर भी कोई सीन स्पष्ट नहीं है। नॉर्थ ईस्ट में छोटे छोटे दलों के साथ भी कांग्रेस ने इंडिया में स्थिति स्पष्ट नहीं की है। करीब डेढ़ महीने बाद लोकसभा चुनाव का ऐलान होने वाला है, भाजपा नीत राजग अपनी चुनावी योजना को जमीन पर उतार रहा है, भाजपा प्रत्याशियों को फाइनल कर रही है, सहयोगियों के साथ सीट शेयरिंग को अंतिम रूप दे रही है, वहीं कांग्रेस यात्रा में व्यस्त है और सहयोगी असमंजस में हैं। कांग्रेस इंडिया का नेतृत्व भी करना चाहती है और सीटों शेयरिंग के फार्मूले को भी समय से स्पष्ट नहीं कर रही है। बिहार में नीतीश कुमार महागठबंधन में छटपटा रहे हैं, राजद व कांग्रेस के साथ सीट शेयरिंग का मामला सुलझ नहीं पा रहा है। कांग्रेस की तरफ से उत्तर बनाम दक्षिण बयान पहले दिया जा चुका है। कांग्रेस दक्षिण भारत में अधिक फोकस कर रही है। अभी कर्नाटक व तेलंगाना में सरकार है, तमिलनाडु में वह डीएमके के साथ गठबंधन में है। केरल में उसकी वामपंथी नीत एलडीएफ के साथ तगड़ी फाइट है। यहां भी इंडि गठबंधन के अंदर भारी पेंच है। केरल, पंजाब में कांग्रेस का मुकाबला क्रमशः एलडीएफ और आप के साथ है, जो इंडिया के हिस्सा भी हैं। बंगाल में टीएमसी कांग्रेस को दो सीट देना चाहती है, इससे कांग्रेस खुश नहीं है। बंगाल में अगर इंडिया लड़ेगा तो ममता को वामदलों के लिए भी सीट देने होंगे, ऐसे में राजनीतिक नुकसान टीएमसी को होगा। बंगाल में टीएमसी और भाजपा के बीच सीधी फाइट है, इसलिए ममता कांग्रेस व वामदल को सीट देने के प्रति उदार नहीं हैं। इंडिया के अंदर असमंजस की स्थिति, दलों का अलग होना और नीति, नेता व एजेंडा पर खामोशी इस नवेले विपक्षी गठबंधन को अप्रासंगिक बना देंगे। राहुल गांधी की मुहब्बत की दुकान सजने से पहले ही बिखर जाएगी।

## गणतंत्र दिवस
विवेक शुक्ला



# क्यों बदलती रही परेड की शक्ल

गणतंत्र दिवस परेड को कल (26 जनवरी) को करोड़ों लोग अपने घरों में टीवी पर देख रहे होंगे। इसी तरह से लाखों लोग परेड को उन मार्गों पर बैठकर या फिर किसी घर या बिल्डिंग की छत से देखेंगे जिधर से यह गुजरेगी। आप कह सकते हैं कि पंजाब में आतंकवाद के दौर से पहले राजपथ ( अब कर्तव्यपथ) पर आम इंसान भी मजे में पहुंच जाता था। पुलिस की सांकेतिक उपस्थिति रहती थी। उधर खोमचे वाले भी दिखाई देते थे और लोग खाने पीने की चीजें लेकर पहुंचते थे, पर पंजाब में आतंकवाद के पनपने के बाद सब कुछ बदल गया। फिर सुरक्षा व्यवस्था इतनी सख्त हो गई कि आमजन राजपथ जाने से ही बचने लगा। मशहूर कमेंटेटर जसदेव सिंह ने 1963 से लेकर 2013 तक लगातार गणतंत्र दिवस परेड का देश-दुनिया को आंखों देखा हाल आकाशवाणी और दूरदर्शन से सुनाया था। यानी वे आधी सदी तक 26 जनवरी पर परेड की कमेंट्री करते रहे। उन्होंने इस दौरान परेड के विस्तार और बदलते चेहरे को देखा। वे बताते थे कि चीन से 1962 में हुए युद्ध में उन्नीस रहने के कारण देश उदास था। उसकी अभिव्यक्ति 1963 की गणतंत्र दिवस परेड के फीकेपन में भी कहीं ना कहीं नजर आ रही थी। राजपथ से लेकर परेड के शेष हिस्सों जैसे कस्तूरबा गांधी मार्ग, कनॉट प्लेस, मिन्टो रोड, थामसन रोड वगैरह में जनता की भागेदारी कम रही थी। उस साल बाल वीर पुरस्कार भी नहीं दिए गए थे। ये 1959 में दिए जाने चालू हुए थे और सिर्फ उसी वर्ष इस पुरस्कार से किसी बच्चे को नवाजा नहीं गया था। यूं तो तो गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति रहे बराक ओबामा से लेकर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन मुख्य अतिथि रहे हैं, पर दक्षिण अफ्रीका के मुक्ति योद्धा नेल्सन मंडेला और मुक्केबाज मोहम्मद अली का राजपथ पर सबसे गर्मजोशी से उपस्थित अपार जनमसूह ने स्वागत किया। मंडेला 1995 में गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि थे। मंडेला जब तक परेड का आनंद ले रहे थे, तब वहां मैजूद दर्शक मंडेला के नारे लगा रहे थे। गणतंत्र दिवस पर राजपथ पर किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष का मंडेला से अधिक उत्साह से स्वागत नहीं हुआ है। जसदेव सिंह बताते थे मंडेला की तरह राजपथ पर उपस्थित अपार जनसमूह ने मुक्केबाज मोहम्मद अली का भी करतल ध्वनि से अभिनंदन किया था। वे 1978 के गणतंत्र दिवस समारोह में खास अतिथि थे। उस गणतंत्र दिवस समारोह में कहने को मुख्य अतिथि आयरलैंड के राष्ट्रपति प्रेट्रिक हिलेरी थे, पर राजपथ पर सबकी निगाहें मोहम्मद अली को तलाश कर रही थीं। मोहम्मद अली परेड के शुरू होने से चंदेक मिनट पहले ही अपने स्थान पर विराजमान हो गए थे। वे अपने चाहने वालों के अभिवादन का उत्तर अपने मुक्के को हवा में घुमाते भी दे रहे थे। उनके इस तरह के करतब दिखाते ही दर्शक झूमने लगते थे। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी मोहम्मद अली को देख-देखकर मुस्करा रही थीं। जसदेव सिंह को इस बात का अफसोस भी था कि किस तरह गणतंत्र दिवस की परेड आम आदमी से दूर होती चली गई। उसके वहां तक पहुंचने में अवरोध खड़े किए जाते रहे। गणतंत्र दिवस पर सुनाई जाने वाली जसदेव सिंह की कमेंट्री को सुन-सुनकर कई पीढ़ियां बढ़ी हुईं। उन्होंने कुछ साल निजी खबरिया चैनलों पर भी परेड का आंखों देखा हाल सुनाया। जसदेव सिंह ने बाल वीर विजेता बच्चों को पहले हाथी पर परेड में गुजरता हुए देखा था। ये सिलसिला 2010 में खत्म हो गया था। फिर बच्चों को जीप में बैठाकर परेड में लेकर जाया जाने लगा। उन्हें ये बदलाव भी समझ नहीं आता था। उन्होंने परेड की समाप्ति के बाद पंडित जवाहर लाल नेहरु को लोगों से घुलते-मिलते देखा था। जसदेव सिंह 26 जनवरी को सुबह चार-साढ़े बजे राजपथ पहुंच जाते थे। वे देखते थे कि परेड के रूट पर लोग अल सुबह बैठ जाते थे। इनमें दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के गांवों के लोग भी होते थे। तब गणतंत्र दिवस की परेड को देखना मानो किसी पर्व पर व्रत रखने के समान ही होता था। दिल्ली वालों में गजब का जोश और उत्साह रहता था। कड़ाके की सर्दी के बावजूद वे अपने सुबह की परेड के रूट पर आग जलाकर बैठ जाते थे। 13 दिसंबर, 2001 को संसद पर हुए हमले के बाद साल 2002 की गणतंत्र दिवस परेड के रूट को सरकार ने बदल दिया था। इस तरह से पहली बार परेड का रूट बदला गया था। परेड के रूट को छोटा कर दिया। तब से परेड इंडिया गेट से आईटीओ, दरियागंज होते हुए लाल किले पर समाप्त होने लगी। इस तरह परेड ने कनॉट प्लेस में आना बंद कर दिया। राजधानी के दिल से गणतंत्र दिवस परेड देखने से लोग वंचित हो गए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विश्लेषण
ओ. पी. चौधरी

# सांस्कृतिक पुनर्जागरण के ध्वजवाहक मोदी

> नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में सांस्कृतिक भावना को पुनर्जीवित करने के लिए विगत 10 वर्षों में कई अहम प्रयास किए। 20 मई 2014 को जब प्रधानमंत्री मोदी पहली बार संसद पहुंचे तो उन्होंने संसद की सीढ़ियों पर माथा टेक कर लोकतंत्र के मंदिर में प्रवेश किया। यूपीए शासनकाल में छद्म सेक्युलरिज्म को हिंदुओं पर थोपा जा रहा था, लेकिन प्रधानमंत्री ने स्वयं को हिंदू राष्ट्रवादी बताकर देश में गर्वित हिंदू की भावना को उद्वेलित कर दिया। एक भारत, श्रेष्ठ भारत के ध्येय के साथ प्रधानमंत्री मोदी सम्पूर्ण भारत को संस्कृति के धागे से पिरोने में जुटे हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने धार्मिक, सांस्कृतिक रहे धरोहरों का पुनर्विकास कराया।

आज हमारा देश राममय वातावरण में मग्न है। दुनियाभर के सनातनी बंधुओं ने एकता के सूत्र में बंधकर प्रभु श्रीराम के पुनरागमन का मंगल उत्सव मनाया, मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही देश में राम युग की शुरुआत हो गई। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा, 'आज हमें सदियों की धरोहर मिली है, श्रीराम का मंदिर मिला है। गुलामी की मानसिकता को तोड़कर उठ खड़ा होता राष्ट्र ऐसे ही नवइतिहास का सृजन करता है। श्रीराम की कितनी बड़ी कृपा है कि हम सब इस पल को घटित होते देख रहे हैं। ये हिंदू पुनरुत्थान का अमृतकाल है क्योंकि अब रामलला टेंट में नहीं रहेंगे, वे अब दिव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं।'

पीएम मोदी ने श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 11 दिनों एक तपस्वी की भांति कठिन व्रत किया। वे यम नियम का पालन करते हुए मात्र 1 कम्बल के सहारे धरती पर सोए, प्रतिदिन दो नारियल पानी का सेवन एवं दिन में 108 बार राम रक्षास्त्रोतम का पाठ किया एवं देश के विभिन्न मंदिरों के अनवरत विग्रह दर्शन किया। लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में निकाली गई राम मंदिर जन्मभूमि आंदोलन की यात्रा से लेकर मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा तक होने वाली इस संघर्षपूर्ण यात्रा में नरेंद्र मोदी केंद्र बिंदु रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है मानो प्रभु श्रीराम ने स्वयं मोदी को मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कराने का माध्यम बनाया हो।

नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में सांस्कृतिक भावना को पुनर्जीवित करने के लिए विगत 10 वर्षों में कई अहम प्रयास किए। 20 मई 2014 को जब प्रधानमंत्री मोदी पहली बार संसद पहुंचे तो उन्होंने संसद की सीढ़ियों पर माथा टेक कर लोकतंत्र के मंदिर में प्रवेश किया। यूपीए शासनकाल में छद्म सेक्युलरिज्म को हिंदुओं पर थोपा जा रहा था, लेकिन प्रधानमंत्री ने स्वयं को हिंदू राष्ट्रवादी बताकर देश में गर्वित हिंदू की भावना को उद्वेलित कर दिया। एक भारत, श्रेष्ठ भारत के ध्येय के साथ प्रधानमंत्री मोदी सम्पूर्ण भारत को संस्कृति के धागे से पिरोने में जुटे हुए हैं। किसी भी देश के विकास और उत्थान के लिए उसकी सांस्कृतिक विरासत सबसे अहम नींव होती है, प्रधानमंत्री मोदी ने इनके महत्व को समझते हुए प्राचीनकाल में भारत की धार्मिक, सांस्कृतिक रहे धरोहरों का पुनर्विकास कराया। बाढ़ के कारण तबाह हो चुके केदारनाथ धाम को फिर से संवारा। गंगा नदी को स्वच्छ, अविरल बनाने के लिए देशव्यापी नमामि गंगे अभियान की शुरूआत की। केंद्र सरकार वेद विद्या को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जल्द ही महर्षि संदीपनी राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान के पांच क्षेत्रीय केंद्र द्वारका (गुजरात), रामेश्वरम(तमिलनाडु), जगन्नाथ पुरी(ओडिशा), बद्रीनाथ (उत्तराखंड) और गुवाहाटी में मां कामाख्या देवी में स्थापित हो रही हैं। मनुष्य जीवन में योग के महत्त्व समझाकर को प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय योग पद्धति को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई। कोरोना में शारीरिक दूरी बेहद आवश्यक थी, ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किए जा रहे नमस्ते के अभिवादन को विश्व के अन्य राजनेताओं ने भी आत्मसात किया। आजादी के बाद देश को पहली बार जी20 की अध्यक्षता करने का अवसर मिला। मोदी ने देश की कला और संस्कृति से उन्होंने विश्व को परिचित



कराया। राजधानी दिल्ली के एयरपोर्ट से निकलते ही शीर्ष राष्ट्राध्यक्षों को यक्ष-यक्षिणी की नमस्कार मुद्रा में लगी प्रतिमाएं मिलीं तो भारत मंडपम के गेट के बिल्कुल सामने तमिलनाडु के स्वामीमलाई जिले के शिल्पकारों द्वारा तैयार भगवान शिव के नटराज स्वरूप की अष्टधातु मूर्ति दिखी। भारत मंडपम में प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्राध्यक्षों का स्वागत कर रहे थे तब कोणार्क सूर्य मंदिर और नालंदा विश्वविद्यालय की तस्वीरें भी पीछे लगी हुई थीं।

अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर का निर्माण हो या फिर केदारनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर हो या महाकाल का महालोक, चारधाम परियोजना हो जम्मू-कश्मीर में मंदिरों का जीर्णोद्धार या फिर भारतीय संस्कृति और सभ्यता के केंद्र, सभी फिर से अपना पुराना वैभव अर्जित कर रहे हैं। 500 वर्ष के कठिन संघर्ष के बाद आज हिंदू समाज आख़िरकार श्री राम जन्मभूमि पर राम लला को विराजमान होते देखा। राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने के लिए शांतिपूर्ण विधि व्यवस्था और सामजिक सौहार्द बनाए रखना बेहद जरूरी था। 2010 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा मंदिर भूमि के स्वामित्व को लेकर होने वाले फैसले के समय देश में एक अनिश्चितता और असुरक्षा की भावना पैदा हो गई थी। यूपीए सरकार के तुष्टिकरण और राम विरोधी सरकार को देखकर किसी अनहोनी की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो चुका था। उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में विधि व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रही। प्रधानमंत्री मोदी के लिए यह विषय कितने महत्व का था, इसे इसी बात से समझा जा सकता है कि उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में अपने पूर्व प्रधान सचिव नृपेन्द्र मिश्रा को मंदिर निर्माण समिति का अध्यक्ष बनाया। अयोध्या धाम में विश्वस्तरीय आधारभूत संरचनाएं विकसित की गई। एयरपोर्ट, रेलवे और सड़क आवागमन बढ़ाने के साथ शहर का सुव्यवस्थित रूप से विकास किया गया। आधारभूत संरचनाओं के लिए केंद्र सरकार ने लगभग 85,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। भारत के टूरिज्म क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन बहुत बड़ा योगदान देता है। प्रतिष्ठित संस्था जेफरीज ने अपने रिपोर्ट में दावा किया है कि अयोध्या एक नए पर्यटक स्थल के रूप में उभरा है, रिपोर्ट के अनुसार वहां हर दिन 1-1.5 लाख श्रद्धालु पहुंचेंगे। अयोध्या में राम मंदिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब शहर में हर साल पांच करोड़ पर्यटकों के आने की संभावना है। यह संख्या विश्व के प्रमुख धार्मिक स्थल वेटिकन सिटी और मक्का में जाने वाले श्रद्धालुओं से कहीं अधिक है। वेटिकन सिटी में हर साल करीब 90 लाख पर्यटक आते हैं, जबकि सऊदी अरब के मक्का में सालाना करीब दो करोड़ पर्यटक आते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सुविचारित दृष्टिकोण राम मंदिर को राष्ट्रीय एकात्मता का परिचायक बना दिया है। मोदी का दृष्टिकोण था कि जिस तरह इस देश के लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर संसद भवन के निर्माण में राष्ट्रीयता समाविष्ट हुई, उसी प्रकार मानवीय मूल्य और आदर्श का सबसे बड़ा मंदिर यानी राम मंदिर भी राष्ट्रीयता का संवाहक बने। यह भाव-भावना राम मंदिर की नींव में भी निहित ह। 22 जनवरी का यह दिन देश के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित हो चुका है। धार्मिक, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और प्रभु श्री राम के अयोध्या धाम में पुनरागमन के लिए यह दिन सदैव स्मरण किया जाएगा। श्रीराम के आदर्शों, उनके असीम ऊर्जा के स्त्रोतों और जीवन मूल्यों का अनुसरण देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए सदैव ही प्रासंगिक हैं। राम को किसी मजहब विशेष से नहीं बांधा जा सकता,राम सबके हैं। उनके मूल्य पूरी दुनिया को श्रेष्ठ व्यवस्था दे सकते हैं और दुनिया को विश्व युद्ध जैसी भयावहता से बचा सकते हैं और राम के उदात्त मूल्यों के कारण ही भारत को विश्व गुरु का दर्जा मिलता है।

(लेखक छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सजगता से दूर होती है चिंता



संकलित
दर्शन

जब तुम चिंता का अनुभव करो, बहुत चिंताग्रस्त हो जाओ, तब इस विधि का प्रयोग करो। इसके लिए क्या करना होगा? जब साधारणतः तुम्हें चिंता घेरती है, तब तुम क्या करते हो? तुम उसका हल ढूंढ़ते हो। उसके उपाय खोजते हो। लेकिन ऐसा करके तुम और भी चिंताग्रस्त हो जाते हो। तुम उपद्रव को बढ़ा लेते हो, क्योंकि विचार से चिंता का समाधान नहीं हो सकता है। विचार के द्वारा चिंता का विसर्जन नहीं हो सकता है, क्योंकि विचार स्वयं एक तरह की चिंता है। यह विधि बहुत आसान है। यह कहती है कि चिंता के साथ कुछ मत करो। सिर्फ सजग हो जाओ। मैं तुम्हें एक दूसरे जेन गुरु बोकोजू के संबंध में एक पुरानी कहानी सुनाता हूं। वह एक गुफा में अकेले रहते थे, बिल्कुल अकेले। लेकिन दिन में या कभी-कभी रात में भी वह जोरों से कहता थे, 'बोकोजू'। यह उनका अपना नाम था। और फिर वह खुद कहते, 'हां महोदय, मैं मौजूद हूं।' जबकि वहां कोई दूसरा नहीं होता था। उनके शिष्य उससे पूछते थे, 'क्यों आप अपना ही नाम पुकारते हैं और फिर खुद कहते हैं, हां, मैं उपस्थित हूं?' बोकोजू ने कहा, 'जब भी मैं विचार में डूबने लगता हूं तो मुझे सजग होना पड़ता है। इसीलिए मैं अपना नाम पुकारता हूं। जिस क्षण मैं बोकोजू कहता हूं और कहता हूं कि हां महाशय, मैं मौजूद हूं, उसी क्षण विचारणा, चिंता विलीन हो जाती है।' फिर अपने अंतिम दिनों में, आखिरी दो-तीन वर्षों में उन्होंने कभी अपना नाम नहीं पुकारा और न ही यह कहा कि हां, मैं मौजूद हूं। तब शिष्यों ने पूछा, 'गुरुदेव, अब आप ऐसा क्यों नहीं करते?' बोकोजू ने कहा, अब बोकोजू सदा मौजूद रहता है। *-ओशो*

## गुरु का स्थान श्रेष्ठ



संकलित
प्रेरणा

एक राजा को पढ़ने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद् के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की व्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। गुरु तो रोज खूब मेहनत करते थे परन्तु राजा को उस शिक्षा का कोई लाभ नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिद्ध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिये। राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरूजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर क्षमा कीजियेगा, मैं कई महिनो से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूँ पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है। ऐसा क्यों है ? गुरु जी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दियाः राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है.. गुरूजी ने कहाः राजन बात बहुत छोटी है परन्तु आप अपने बड़े होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं परन्तु यहाँ पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है।.. गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परन्तु आप स्वंय ऊँचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बैठाते हैं। बस यही एक कारण है जिससे आपको न तो कोई शिक्षा प्राप्त हो रही है और न ही कोई ज्ञान मिल रहा है। आपके राजा होने के कारण मैं आप से यह बात नहीं कह पा रहा था।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### गरीबी उन्मूलन की योजनाएं जनता तक पहुंचे

हाल में नीति आयोग ने देश की गरीबी के लिए आंकड़ा प्रस्तुत किया है, जिसमें यह बताया गया है कि देश में पिछले लगभग 9 वर्षों में लगभग 24 करोड़ से ऊपर के लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं, मुख्यत: तीन राज्यों मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार का आंकड़ा सकारात्मक है। इसका आकलन लोगों के जीवन स्तर, इनके रहन-सहन और शिक्षा के आधार से किया गया है। हमारे देश में गरीबी के वैसे तो बहुत से कारण हो सकते हैं, लेकिन जनसंख्या वृद्धि और पर्यावरण के कारण भी गरीबी बढ़ाने के लिए जिम्मेदार हैं। मौसम चक्र के बिगड़ने के कारण दुनिया भर में इसका कृषि पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है, इससे खाने-पीने की चीजों की कीमतों में बढ़ोतरी हो रही है, इससे महंगाई व गरीबी बढ़ेगी। *-विद्याधर शर्मा, बलौदाबाजार*

## करंट अफेयर

# उत्तर कोरिया ने समुद्र में दागीं कई मिसाइल

दक्षिण कोरिया की सेना ने बुधवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने उसके पश्चिमी तट के समीप समुद्र में कई क्रूज मिसाइल दागी हैं। इस बीच, वाणिज्यिक सेटेलाइट तस्वीरों से यह भी पता चला है कि उत्तर कोरिया ने अपनी राजधानी प्योंगयांग में दक्षिण कोरिया के साथ सुलह का प्रतीक 'विशाल तोरण' गिरा दिया है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने पिछले हफ्ते इस स्मारक को 'आंख की कांटा' करार दिया था और उसे गिराने का आह्वान किया था। उन्होंने घोषणा की थी कि उत्तर कोरिया, दक्षिण कोरिया के साथ शांतिपूर्ण एकीकरण के पुराने लक्ष्य का परित्याग कर रहा है। उन्होंने दक्षिण कोरिया को सबसे बड़ा शत्रु घोषित करने के लिए संविधान के पुनर्लेखन का आदेश दिया था। मिसाइल का दागा जाना उत्तर कोरिया का इस साल का दूसरा ज्ञात (मिसाइल) लांच है। उससे पहले उसने 14 जनवरी को ठोस ईंधन वाली देश की पहली मध्यवर्ती बैलेस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया था। यह जापान और गुआम में अमेरिकी सैन्य अड्डों को लक्षित कर हथियारों के जखीरे में वृद्धि के उसके प्रयास को प्रदर्शित करता है। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ' ने बुधवार को कहा कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाएं इन नवीनतम मिसाइल परीक्षणों का विश्लेषण कर रही हैं।



## ऑफ बीट

# आप धन देकर अपनी राख चंद्रमा पर दफना सकते हैं

जब नासा ने 8 जनवरी को 50 वर्षों बाद एक बार फिर चंद्रमा पर लौटने का प्रयास किया, तो 10 करोड़ 80 लाख अमेरिकी डॉलर मूल्य के विकास और उपकरणों के अलावा भी बहुत कुछ दॉव पर लगा था। एजेंसी को इस दौरान कुछ मूल अमेरिकी नवाज लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ा, जिन्होंने पेलोड में एक असामान्य सामग्री होने के कारण लांच को रोकने का प्रयास किया। दरअसल पेरेग्रीन लैंडर (जिसने पिछले सप्ताह के अंत में वायुमंडल में अपना नियंत्रित पुन: प्रवेश पूरा किया) अपने साथ मानव राख ले जा रहा था, जिसमें प्रसिद्ध विज्ञान कथा लेखक आर्थर सी. क्लार्क की राख भी शामिल थी। एक व्यावसायिक साझेदारी के तहत भुगतान करने वाले ग्राहकों को चंद्रमा पर अपने स्मृति चिन्ह भेजने की अनुमति दी गई है। जैसे-जैसे अंतरिक्ष अन्वेषण तेजी से निजीकृत और व्यावसायिक होता जा रहा है, अब आप अपना पसंदीदा सामान चंद्रमा पर भेज सकते हैं। डील के तहत कोई भी व्यक्ति 500 अमेरिकी डॉलर से कम कीमत पर ढाई सेंटीमीटर गुणा पांच सेंटीमीटर का पैकेज चंद्रमा की सतह पर भेज सकता है। आकार के अलावा, प्रत्येक पैकेज में क्या हो सकता है, इस पर कुछ अन्य सीमाएँ थीं।



## ट्रेंड

### शांति का एकमात्र तरीका



दशकों से, दो-राज्य समाधान को कई बार अपनाया गया, ख़त्म किया गया और मृत अवस्था में छोड़ दिया गया। हालांकि, यह इज़राइल, फ़िलिस्तीन और क्षेत्र में टिकाऊ और न्यायसंगत शांति प्राप्त करने का एकमात्र तरीका है।
-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### हमले रोकने का आग्रह



हम लाल सागर में हमलों को चुनौती दिए बिना नहीं रहने दे सकते। मैं हूतियो से हमले रोकने का आग्रह करता हूं। ब्रिटेन निर्दोष लोगों की जान की रक्षा और नेविगेशन की स्वतंत्रता को संरक्षित करने के लिए फिर से प्रतिक्रिया देने में संकोच नहीं करेगा।
-ऋषि सुनक, ब्रिटिश पीएम

### हम रुकेंगे नहीं



अग्निपथ घोटाले ने भारत के देशभक्तों के साथ धोखा किया है-1.5 लाख युवाओं को पुरानी भर्ती से नियुक्ति का वादा कर बदले में बेरोज़गारी दी है। सरकार उन्हें या तो भर्ती दे या मुआवज़ा। हम रुकेंगे नहीं जब तक नहीं मिलेगा 'युवा न्याय'।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### आश्चर्यचकित हूं



मैं थोड़ा आश्चर्यचकित हूं कि इंग्लैंड ने तीन स्पिनरों के साथ उतरने का विकल्प चुना है। तीन स्पिनरों के लिए काफी काम करना होगा। स्पष्ट रूप से, उन्होंने पिच को एक बड़े, शुरुआती टर्नर के रूप में पढ़ा है। रूट के साथ इंग्लैंड के लिए अच्छा रहेगा।
-हर्षा भोगले, क्रिकेट विशेषज्ञ

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# स्वयं 'हनुमान जी' पहुंचे गर्भगृह और प्रभु के दर्शन कर लौट गए

अयोध्या में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने बताया

## श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने एक्स पर पोस्ट किया

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में राम मंदिर जब दर्शन के लिए खोला गया तो एक बंदर गर्भ गृह के अंदर उस जगह पर पहुंच गया जहां श्री रामलला की प्रतिमा विराजमान है। सुरक्षाकर्मियों को लगा कि कहीं बंदर श्री रामलला की मूर्ति को गिरा न दे। इसलिए वे बंदर की तरफ गए। हालांकि बंदर ने बिना कुछ नुकसान पहुंचाए दर्शन किया और फिर वहां से शांति से चला गया। मंदिर ट्रस्ट ने दावा किया है कि बंदर गर्भगृह के अंदर राम लला की मूर्ति के पास पहुंच गया और फिर प्रभु श्री राम के दर्शन किए। घटना उस दिन की है जब मंदिर को आम लोगों के दर्शन के लिए खोल दिया गया।





### मंदिर में सुंदर घटना घटी

मंगलवार शाम 5:50 बजे एक बंदर दक्षिणी द्वार से गूढ़ मंडप से होते हुए गर्भगृह में मूर्ति के पास तक पहुंचा। सुरक्षाकर्मियों ने देखा, वे बंदर की ओर भागे कि कहीं यह मूर्ति को जमीन पर न गिरा दे परंतु जैसे ही पुलिसकर्मी बंदर की ओर दौड़े, बंदर शांतभाव से भागते हुए उत्तरी द्वार की ओर गया। द्वार बंद होने से पूर्व की ओर बढ़ा। दर्शनार्थियों के बीच से बिना किसी को कष्ट पहुंचाए पूर्वी द्वार से बाहर निकल गया।

### राम जन्मभूमि पथ के सभी रास्ते बंद किए

## 200-200 के जत्थे में श्रद्धालुओं को कराए जा रहे दर्शन



रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन बुधवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए पहुंचे। बुधवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। अब 200-200 के जत्थे में श्रद्धालुओं को भेजा जा रहा है। राम जन्मभूमि पथ पर जाने वाले सभी अन्य मार्गों को बंद कर दिया गया है।

### दर्शन करने पहुंचे तोगड़िया




## अयोध्या, मथुरा और विश्वनाथ तीनों लेंगे 'एक साथ' का दिया नारा

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष प्रवीण भाई तोगड़िया समर्थकों के साथ बुधवार दोपहर अयोध्या पहुंचे। उन्होंने परमहंस रामचंद्र दास को नमन किया है। इस अवसर पर उन्होंने नारा दिया कि अयोध्या, मथुरा और विश्वनाथ तीनों लेंगे एक साथ।

## खबर संक्षेप

### कोटा में नीट की तैयारी स्टूडेंट ने की आत्महत्या




**कोटा।** शिक्षा नगरी कोटा में कोचिंग छात्र द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। यूपी निवासी मोहम्मद जैद पिछले एक साल से कोटा स्थित हॉस्टल में रहकर नीट यूजी की तैयारी कर रहा था। हॉस्टल संचालक की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्र के शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

### 30 जनवरी को होंगे चंडीगढ़ मेयर चुनाव



**चंडीगढ़।** मेयर चुनाव 30 जनवरी को सुबह दस बजे होंगे। पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट ने आप और कांग्रेस की याचिका मंजूर करते हुए कहा कि पार्षदों के साथ समर्थक या बाहरी राज्य की सुरक्षा नहीं होगी। 6फरवरी को चुनाव करवाने के आदेश को चुनौती देते हुए आप व कांग्रेस के गठबंधन के दावेदार ने हाईकोर्ट में याचिका दी थी।

### टीएमसी नेता शाहजहां के घर ईडी का छापा



**नई दिल्ली।** पश्चिमी बंगाल स्थित ममता बेनर्जी के गढ़ में ईडी ने बुधवार को एक बार फिर छापा मारा। इस बार भी टीएमसी के बड़े नेता शाहजहां शेख के घर ही छापेमारी की। पिछली गलती को नहीं दोहराया। ईडी पर हमले के बावजूद पुलिस से कोई सहायता नहीं मिली थी। शेख पर आरोप है कि राशन वितरण में घोटाला किया था।

### न्याय यात्रा को लेकर खरगे की शाह को चिट्ठी



**नई दिल्ली।** असम में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान हुई झड़पों को लेकर कांग्रेस ने राज्य की सरमा सरकार पर जुबानी हमले जारी रखे हैं।अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी है। खरगे ने राहुलकी सुरक्षा के बार-बार खतरे में पड़ने की बात कही है। इसे लेकर असम पुलिस पर भी आरोप लगाए हैं।

एसबीआई की ताजा रिसर्च में दावा- उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था और बढ़ेगी

# अयोध्या से प्रदेश के विकास को लगेंगे पंख, पर्यटन से मिलेंगे 4 लाख करोड़




एजेंसी ▶▶ अयोध्या

### राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से भक्तों का हुजूम उमड़ा

### भगवान के दर्शन को इतनी भीड़ उमड़ी, मार्ग तक बंद करने पड़े

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से भक्तों की हुजूम उमड़ रहा है। पहले ही दिन 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन दिए। भारी संख्या में भक्त अयोध्या पहुंच रहे हैं। इसका असर उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर भी देखने को मिलेगा।

एसबीआई की ताजा रिसर्च में दावा किया गया है कि राम मंदिर और अन्य पर्यटन केंद्रों से यूपी को 5 हजार करोड़ रुपए तक टैक्स के रूप में मिल सकते हैं। इस साल यूपी में पर्यटन से जुड़ा कारोबार 4 लाख करोड़ को पार कर सकता है। पिछले दिनों फर्म जेफरीज ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा था कि अयोध्या पर्यटकों की संख्या के हिसाब से वेटिकन सिटी और मक्का को भी पीछे छोड़ देगा। अयोध्या में हर साल करीब 5 करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। यह उत्तर प्रदेश ही नहीं भारत का सबसे बड़ा पर्यटन स्थल बन जाएगा।

### अयोध्या की 25 हजार करोड़ होगी अर्थव्यवस्था

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अयोध्या में हर दिन एक लाख से अधिक भक्त दर्शन करने पहुंचेंगे। यह संख्या कुछ ही दिनों में बढ़कर 3 लाख प्रतिदिन तक पहुंच जाएगी। इस रिपोर्ट में कहा गया कि अगर एक व्यक्ति 2500 रुपए भी अपनी यात्रा पर खर्च करेगा तो अकेले अयोध्या में स्थानीय अर्थव्यवस्था 25,000 करोड़ रुपए तक बढ़ जाएगी।




### तिरुपति बालाजी और वैष्णो देवी से ज्यादा पहुंचेंगे श्रद्धालु

अयोध्या जल्द ही भारत का सबसे बड़ा धार्मिक केंद्र बन सकता है। फिलहाल आंध्र प्रदेश में तिरुपति बालाजी में हर साल 2.5 करोड़ भक्त पहुंचते हैं। इससे 1,200 करोड़ का सालाना राजस्व होता है। वैष्णो देवी में सालाना 80 लाख पर्यटक आते हैं। इससे हर साल 500 करोड़ का राजस्व प्राप्त होता है। आगरा में ताज महल देखने हर साल 70 लाख पर्यटक पहुंचते हैं जिससे 100 करोड़ की कमाई होती है। आगरा किला में 30 लाख पर्यटक आते हैं। इससे 27.5 करोड़ का सालाना राजस्व मिलता है। मथुरा और वाराणसी से भी अर्थव्यवस्था में भारी इजाफा हो रहा है।

### एक और सौगात जल्द मिलेगी

### 6 महीने में तैयार होगा 'बो स्ट्रिंग स्टील गर्डर रेलवे ब्रिज'



अयोध्याधाम को आधुनिक विकास एवं त्रेतायुगीन वैभव से सुशोभित करने के प्रयास में उत्तर प्रदेश सरकार ने एक और अध्याय जोड़ दिया है। प्रदेश को रेल कनेक्टिविटी के लिहाज से जल्द ही एक और सुविधा मिलने वाली है। अयोध्या क्षेत्र में बाराबंकी-अकबरपुर रेल रूट पर बो स्ट्रिंग स्टील गर्डर रेलवे ब्रिज के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। उत्तर प्रदेश सेतु निगम लिमिटेड ने तैयारी शुरू कर दी है और प्रक्रिया को कॉन्ट्रैक्टर्स एवं एजेंसी को आबद्ध करके 6 माह में पूरा किया जाएगा। इस प्रक्रिया को इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एवं कंस्ट्रक्शन बेसिस पर पूरा किया जाएगा।

### विस्तृत कार्ययोजना तैयार

अयोध्या के समेकित विकास के दृष्टिगत एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है और इसी के क्रियान्वयन के जरिए अयोध्या में इस रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण का रास्ता साफ हुआ है। कार्ययोजना के अनुसार, बो स्ट्रिंग स्टील गर्डर रेलवे ओवरब्रिज के वास्तुशिल्प व संरचनात्मक डिजाइन की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा। सभी आवश्यक सेवाओं के डिजाइन, काम शुरू करने के लिए आवश्यक स्थानीय निकायों और प्राधिकरणों से अनिवार्य अनुमोदन प्राप्त करने, काम और सेवाओं के निष्पादन और संपत्तियों को सभी पहलुओं में रहने योग्य बनाने के बाद सौंपने की प्रक्रिया को लेकर कार्ययोजना को क्रियान्वित किया जा रहा है।

**भाजपा शासित** राज्यों के सीएम का पूरी कैबिनेट के साथ दर्शन करने का शेड्यूल जारी

## 31 जनवरी को त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा कैबिनेट संग करेंगे दर्शन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान पीएम नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में सकुशल संपन्न हो चुका है। श्रीराम लला के दर्शन के लिए लाखों भक्त पहुंच रहे हैं। मंगलवार को अयोध्या राम मंदिर में लगभग 5 लाख लोगों ने दर्शन किया था।

इसी बीच भाजपा ने भाजपा शासित प्रदेशों के लिए राम मंदिर दर्शन के लिए योजना बनाई है। जिसके अनुसार, जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है वहां के सीएम पूरे कैबिनेट के साथ प्रभु रामलला के दर्शन करेंगे। इस शेड्यूल के मुताबिक त्रिपुरा के सीएम माणिक साहा अपनी पूरी कैबिनेट सहित श्रीरामलला के दर्शन करेंगे। गौर हो कि शीर्ष नेतृत्व ने पहले ही निर्धारित कर दिया है कि केंद्रीय मंत्री और राज्यों के मुख्यमंत्री बाद में दर्शन करने को जाएं।

### ये है राज्यों का पूरा शेड्यूल

- 31 जनवरी को त्रिपुरा सीएम माणिक साहा कैबिनेट के साथ श्री राम लला के दर्शन करेंगे।
- 1 फरवरी को सीएम आदित्यनाथ योगी पूरी कैबिनेट सहित दर्शन करेंगे।
- 2 फरवरी को उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी अपनी कैबिनेट के साथ दर्शन करेंगे।
- 5 फरवरी को महाराष्ट्र कैबिनेट दर्शन करेगी।
- 6 फरवरी को अरुणांचल के सीएम अपनी कैबिनेट के साथ दर्शन करने वाले हैं।
- 9 फरवरी को हरियाणा कैबिनेट दर्शन करेगी।
- 12 फरवरी को राजस्थान कैबिनेट सीएम के साथ दर्शन करेगी।
- 15 फरवरी को गोवा के सीएम अपनी कैबिनेट सहित दर्शन करेंगे।
- 22 फरवरी को असम के सीएम कैबिनेट सहित दर्शन करेंगे।
- 24 फरवरी को गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल कैबिनेट के साथ दर्शन करेंगे।
- 4 मार्च को मप्र के सीएम मोहन यादव पूरी कैबिनेट सहित दर्शन करेंगे।

### पीएम ने कहा- केंद्रीय मंत्री मार्च में अयोध्या जाएं

पीएम नरेंद्र मोदी ने सुझाव दिया है कि भारी भीड़ के कारण और प्रोटोकॉल वाले वीआईपी की वजह से जनता परेशान होगी। इस असुविधा को रोकने के लिए केंद्रीय मंत्रियों को मार्च में अयोध्या की अपनी यात्रा की योजना बनानी चाहिए। कैबिनेट की बैठक में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर एक धन्यवाद प्रस्ताव भी लाया गया। इस दौरान पीएम मोदी भावुक दिखाई दिए। उनके साथ-साथ कैबिनेट के सभी साथी भी भावुक नजर आए।

पीएम मोदी नए मतदाताओं से आज करेंगे संपर्कः सूर्या

# भाजपा करीब 5,000 जगहों पर करेगी नमो नव मतदाता कार्यक्रम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा युवा मोर्चा (भाजयुमो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बेंगलुरु से सांसद तेजस्वी सूर्या ने बताया है कि गुरुवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पीएम नरेंद्र मोदी करीब एक करोड़ नए मतदाताओं से संपर्क करेंगे।

मीडिया को को दिए बयान में भाजयुमो राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कल नेशनल वोटर डे है। ऐसे में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अगुवाई में पार्टी देशभर में नए मतदाताओं से संपर्क अभियान चला रही है। बता दें भाजपा इस अभियान में नए मतदाताओं को जोड़ने का



काम करेगी। भाजयुमो राष्ट्रीय अध्यक्ष के अनुसार इस बार देश में सात करोड़ नए मतदाता है। उनका कहना था कि इससे पहले साल 2019 में हुए लोकसभा चुनावों में भी युवा मतदाताओं ने अपनी अहम भूमिका निभाई थी। ऐसे में इस बार भी पार्टी युवाओं को ही आगे रखने पर काम कर रही है। युवा वर्ग देश का भविष्य हैं और यही वर्ग तीसरी बार मोदी जी को दोबारा पीएम बनाएगा।

सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा कि 25 जनवरी को भाजपा करीब 5000 जगहों पर नमो नव मतदाता कार्यक्रम कर रही है। जिसके तहत पीएम मोदी पहली बार मतदाता बनने जा रहे तकरीबन एक करोड़ युवाओं से संपर्क करेंगे। भाजयुमो राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने आगे इंडिया गठबंधन पर बोलते हुए कहा कि वह बहुत ही अननेचुरल अलायंस है। इस गठबंधन का जमीन पर कोई अस्तित्व नही है। यह सांप और नेवले का गठबंधन है।

### 30 फीट नीचे रामगंगा में गिरी कार, 4 की मौत



**बिजनौर।** जनपद में शेरकोट थाना क्षेत्र के गांव हरेवली स्थित रामगंगा बैराज पर मंगलवार रात करीब 8:30 बजे गेट नंबर-20 की रेलिंग को तोड़ते हुए ऑल्टो कार 30 फीट गहरे पानी में जा गिरी। इस दौरान सिकंदर पुत्र रऊफ प्रधान नूरपुर छीपरी ने किसी तरह कूदकर जान बचाई। उसे भर्ती कराया गया है। सिकंदर के अलावा कार में सवार अन्य 4 लोगों की मौत हो गई।

## कौशल भवन का उद्घाटन



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नई दिल्ली में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की एक नई इमारत कौशल भवन का उद्घाटन किया।

सीएम नीतीश कुमार के 24 घंटे में तीन संकेत!

# मन की थाह पाना कठिन, पहले भी वे कई 'बड़े कदम' उठा चुके



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के सीएम नीतीश कुमार के 'मन' में क्या है? यह सवाल इन दिनों सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल, नीतीश कुमार ने बिहार की राजनीति के इतिहास में कई बार 'बड़े कदम' उठाए हैं। करीब-करीब हर बार उनके इन 'बड़े फैसलों' के 15-20 दिन पहले प्रदेश में सियासी हलचल तेज दिखाई दे रही है। ऐसे में अब इस साल होने वाले लोकसभा चुनावों का समय भी नजदीक आ रहा है और इन दिनों बिहार की सियासी आबोहवा कुछ-कुछ वैसी ही बनी हुई है। यही वजह है कि सियासी गलियारों में नीतीश कुमार के 'मन' की थाह लेने के कयास और प्रयास जारी हैं।

### राज्यपाल से मिले, कर्पूरी के गांव पहुंचे व परिवारवाद पर साधा निशाना

इतना ही नहीं, बीते 24 घंटे में नीतीश कुमार ने ऐसे तीन संकेत भी दिए हैं, जिनसे एक बार फिर उनके बड़ा कदम उठाने के कयास तेज हो गए हैं। सीएम नीतीश मंगलवार को प्रदेश के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात करने के लिए अचानक राजभवन पहुंच गए थे। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने के फैसले को लेकर नीतीश ने सोशल मीडिया पर पीएम नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया था। इसके बाद नीतीश कुमार पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर की जयंती के मौके पर बुधवार को उनके पैतृक गांव समस्तीपुर के कर्पूरीग्राम पहुंचे थे। यहां उन्होंने राजनीति में परिवारवाद को लेकर निशाना साधा। इसके साथ ही उन्होंने कई ऐसी बातें कहीं, जिनसे तीसरा संकेत मिलता है कि नीतीश कुमार कोई बड़ा कदम उठा सकते हैं।

## ज्ञानवापी मामले में जिला जज ने सुनाया फैसला

परिसर की सीलबंद सर्वे रिपोर्ट हुई पेश

# सर्वे रिपोर्ट की हार्ड कॉपी सार्वजनिक की जाएगी

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

ज्ञानवापी परिसर की सीलबंद सर्वे रिपोर्ट को लेकर जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाया। जिला जज ने सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक करने का आदेश दिया है।



भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने पहले ही रिपोर्ट अदालत में दाखिल की थी। हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा अदालत ने दोनों पक्षों को सुना और सहमति बनी कि एएसआई की रिपोर्ट की हार्ड कॉपी दोनों पक्षों को दी जाएगी। एएसआई-मेल के माध्यम से रिपोर्ट देने पर आपत्ति जता रही थी, इसलिए दोनों पक्ष रिपोर्ट की हार्ड कॉपी प्राप्त करने पर सहमत हुए। नकल के लिए पक्षकार कोर्ट में आवेदन देंगे।



### मां श्रृंगार गौरी केस की चारों वादिनी ने किया था अनुरोध

मां श्रृंगार गौरी केस की वादिनी सीता साहू, रेखा पाठक, मंजू व्यास और लक्ष्मी देवी की तरफ से सर्वे रिपोर्ट की प्रति दिए जाने का अनुरोध अदालत से किया गया था। वादिनी महिलाओं का कहना था कि यह जनहित का मुद्दा है। इसे गोपनीय बनाकर हौव्वा बनाया जा रहा है। हिंदू पक्ष की ही एक अन्य वादिनी राखी सिंह का कहना था कि अदालत में दाखिल रिपोर्ट के अध्ययन का अधिकार वादी पक्ष को है।

### मसाजिद कमेटी ने भी की मांग

अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी का कहना है कि यदि सर्वे रिपोर्ट वादिनी महिलाओं को दी जाती है तो उन्हें भी उपलब्ध कराई जाए। उधर, एएसआई का कहना है कि जब तक प्राचीन मूर्ति स्वयंभू ज्योतिर्लिंग लॉर्ड विश्वेश्वरनाथ के मुकदमे में ज्ञानवापी सर्वे की रिपोर्ट की प्रति वह दाखिल न कर दे, तब तक उसे सार्वजनिक न किया जाए।

## एक फरवरी को पेश होने वाले बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा

# अंतरिम बजट : कृषि क्षेत्र की योजनाओं के लिए आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि संभव

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करने वाली हैं, जो वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का आखिरी प्रमुख आर्थिक दस्तावेज होगा।

### पीएम किसान निधि बढ़ सकती है

वर्ष 2019 के आम चुनाव से पहले पेश अंतरिम बजट में सरकार ने पीएम-किसान सम्मान निधि की घोषणा की थी, जिसके तहत छोटे किसानों को सालाना 6,000 रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। चुनावी साल में ऐसी उम्मीदें हैं कि आगामी बजट में सहायता की मात्रा बढ़ सकती है।

### कृषि ऋण का 82 फीसदी लक्ष्य हासिल

चालू वित्त वर्ष के लिए सरकार का कृषि-ऋण लक्ष्य 20 लाख करोड़ रुपये है। चालू वित्त वर्ष में दिसंबर, 2023 तक 20 लाख करोड़ रुपये के कृषि-ऋण लक्ष्य का लगभग 82 प्रतिशत हासिल कर लिया गया है।

### भंडारण को दिया जाना चाहिए बढ़ावा

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि अंतरिम बजट में समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों को प्रमुख प्राथमिकता दी जानी चाहिए। कृषि में बर्बादी या नुकसान को कम करने के लिए भंडारण को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

*सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए एक फरवरी को पेश होने वाली अंतरिम बजट में कृषि क्षेत्र की योजनाओं के लिए आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकती है और ऋण पर जोर दे सकती है। वित्त वर्ष 2023-24 में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर एक साल पहले के चार प्रतिशत से घटकर 1.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है।*





- सरकार कृषि क्षेत्र में ऋण पर जोर दे सकती है
- वृद्धि दर एक साल पहले के चार फीसदी से घटकर 1.8 फीसदी रहने का अनुमान
- आगामी बजट में किसानों को दी जा रही वित्तीय सहायता बढ़ सकती है

*विदेशी निवेश को मिल सकती है सुरक्षा : राणा ने कहा, 'इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि उत्पादकता और किसानों की आय में सुधार के लिए, हमें और अधिक नवाचार की आवश्यकता है।*

### 11 करोड़ किसानों को मिली किसान सम्मान निधि

पिछले बजट में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के लिए 60,000 करोड़ रुपये रखे गए थे। योजना के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से 30 नवंबर, 2023 तक 11 करोड़ से अधिक किसानों को 2.81 लाख करोड़ रुपये से अधिक जारी किए जा चुके हैं।

### ग्रामीण खर्च में बढ़ोतरी की उम्मीद

2013-14 में यह आवंटन 27,662.67 करोड़ था। धानुका एग्रीटेक के प्रबंध निदेशक एम के धानुका को उम्मीद है कि आगामी अंतरिम बजट में सरकार कृषि को बढ़ावा देने के लिए की गई पहल को जारी रखेगी। उन्होंने कहा, ''विशेष रूप से, हम पीएम-किसान सम्मान निधि में कुछ वृद्धि और ग्रामीण खर्च में बढ़ोतरी की उम्मीद कर रहे हैं।''

### एफपीओ की आवश्यकता पर होगा जोर

उद्योग चैंबर ने किसानों को सीधे नकद हस्तांतरण के रूप में उर्वरक सब्सिडी देने की दिशा में आगे बढ़ने का भी मुद्दा उठाया है। 'द ऑर्गेनिक वर्ल्ड' के संस्थापक और प्रबंध निदेशक गौरव मनचंदा ने कहा कि भारत को संचालन को अनुकूलित करने और उभरते बाजार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए बजटीय समर्थन और मजबूत किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की आवश्यकता है।

### ग्रामीण बुनियादी ढ़ांचे में आ सकता है अंतर

मनचंदा ने कहा, 'उच्च कृषि बीमा परिव्यय, ग्रामीण रोजगार योजनाओं में अधिक निवेश, बेहतर सिंचाई सुविधाएं और बेहतर ग्रामीण बुनियादी ढांचे से बड़ा अंतर आ सकता है।' वित्त वर्ष 2023-24 के केंद्रीय बजट में, सीतारमण ने कृषि शिक्षा और अनुसंधान सहित कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय को 1.25 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए थे।

## तुषार कांत पाण्डेय बने संबलपुर मंडल के नए मंडल रेल प्रबंधक

**संबलपुर।** मंडल के नए मंडल रेल प्रबंधक तुषार कांत पाण्डेय ने आज मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व तट रेलवे, संबलपुर का कार्यभार ग्रहण किया। मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर का कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व वे मध्य रेलवे, नागपुर के मंडल रेल प्रबंधक के पद पर पदासीन रहे। वे 1992 बैच के भारतीय रेलवे इंजीनियर सेवा के अधिकारी हैं। उन्होंने आईआईटी रुड़की से सिविल इंजीनियरिंग, आईआईटी दिल्ली से एम.टेक, दिल्ली विश्वविद्यालय के एफएमएस संस्थान से एमबीए की डिग्री प्राप्त की है। उन्हें विभिन्न क्षेत्रीय रेलवे और रेलवे बोर्ड में विभिन्न क्षमताओं में कार्य करने का अनुभव है।



उन्होंने वर्ष 1995 में सहायक मंडल अभियंता के रूप में फतेहपुर से अपने कार्य की शुरुआत की और रेलवे में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), उप मुख्य अभियंता एवं मुख्य अभियंता के रूप में विभिन्न पर रहकर अपनी भूमिका का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। उन्होंने रेलवे बोर्ड एवं आरडीएसओ में निदेशक व कार्यकारी निदेशक होने की जिम्मेदारी भी निभाई है। उन्होंने आईसीएलआईएफ/मलेशिया, आईएनएसईएडी /सिंगापुर, और आईएसबी/हैदराबाद जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)**

क्रमांक/लो.क.वि./2024/1897 रिसाली, दिनांक 24/01/2024

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारो से 01 कार्य हेतु निविदा क्र. 152166 (2nd Call) ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

(नोट : ई टेण्डर में ऑफलाईन धरोहर राशि एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकार की निविदा अमान्य किया जावेगा तथा दर को नहीं खोला जावेगा)

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रिसाली

**उत्तर रेलवे**

ई–निविदा (ई–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | एडीईएन/डीएलआई के तहत एसएसई/डब्ल्यू/डीएलआई/ लाइन के अनुभाग में पीटीएनआर स्टेशन पर गुड्स शेड का विकास।। |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) | Rs. 5,68,88,958.96/– (रुपये पांच करोड़ अड़सठ लाख अट्ठासी हजार नौ सौ अट्ठावन और छियानबे पैसे मात्र) |
| 3. | बयाना राशि (रूपये) | Rs. 4,34,500/ (रूपये चार लाख चौंतीस हजार पांच सौ मात्र) |
| 4. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0.00 |
| 5. | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 16.02.2024 को 15.00 बजे तक |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं: 128–W/280/ई–निविदा सूचना/77/ 2023–24/ W–III दिनांक: 23.01.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 269/24

## बाजार में तेजी लौटी सेंसेक्स 690 अंक चढ़ा

एजेंसी ▸▸ मुंबई




घरेलू शेयर बाजारों में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 690 अंक का उछाल आया। मुख्य रूप से धातु, जिंस और दूरसंचार शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में गिरावट के साथ खुला लेकिन बाद में इसमें तेजी आई। अंत में यह 689.76 उछलकर 71,060.31 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 215.15 अंक यानी 1.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,453.95 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'मंगलवार की बिकवाली के बाद आज बाजार संभला। पीबीओसी (पीपुल बैंक ऑफ चाइना) के आर्थिक वृद्धि को गति देने तथा नकदी बढ़ाने के लिए आरक्षित अनुपात में 0.5 प्रतिशत की कटौती की। इससे धारणा मजबूत हुई। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की नुकसान में रहा जबकि हांगकांग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक लाभ में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों...जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन... में शुरूआती कारोबार में तेजी का रुख रहा। अमेरिकी बाजारों में मंगलवार को मिला-जुला रुख रहा।

*लाभ में रहे शेयर : सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा स्टील सर्वाधिक 3.77 प्रतिशत मजबूत हुआ। इसके अलावा एचसीएल टेक (3.62 प्रतिशत), इंडसइंड बैंक (3.60 प्रतिशत), पावरग्रिड (3.34 प्रतिशत) भी लाभ में रहे। टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फिनसर्व और भारतीय एयरटेल भी चढ़कर बंद हुए।*

*नुकसान में रहे शेयर : दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस और टीसीएस शामिल हैं। इनमें 2.94 प्रतिशत तक की गिरावट आई।*

## सोना 50 रुपए टूटा, चांदी 300 रुपये मजबूत



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 50 रुपये की गिरावट के साथ 63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 300 रुपये की मजबूती के साथ 76,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। इससे पूर्व यह 75,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में जिंस मामलों के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय बाजार से संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 50 रुपये की गिरावट के साथ 63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं।' वैश्विक बाजारों में सोना पिछले बंद भाव के मुकाबले दो डॉलर की गिरावट के साथ 2,026 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

## झटके से साल भर में काफी हद तक उबरा अदाणी समूह

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हिंडनबर्ग रिसर्च की साल भर पहले आई प्रतिकूल रिपोर्ट में लगाए गए कई आरोपों से अदाणी समूह की कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में तगड़ी गिरावट आ गई थी लेकिन समय बीतने के साथ अदाणी समूह काफी हद तक इस नुकसान की भरपाई करने में सफल रहा है। अमेरिकी शॉर्ट सेलिंग एवं शोध फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने 24 जनवरी, 2023 को जारी एक रिपोर्ट में अदाणी समूह की कंपनियों पर शेयरों के भाव में हेराफेरी और वित्तीय गड़बड़ियां करने के आरोप लगाए थे। हालांकि, समूह ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया था।

### बाजार मूल्यांकन में 150 अरब डॉलर की गिरावट आई थी

हिंडनबर्ग की तरफ से लगाए गए आरोपों की वजह से समूह की कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली होने लगी थी। निवेशकों का भरोसा कम होने से समूह के सम्मिलित बाजार मूल्यांकन में एक समय लगभग 150 अरब डॉलर तक की गिरावट आ गई थी।



### कंपनी का लाभ 47 फीसदी उछला

चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में समूह की कंपनियों का कर-पूर्व लाभ 47 प्रतिशत उछलकर 43,688 करोड़ रुपये हो गया। अदाणी समूह ने अगले दशक में अपने बुनियादी ढांचे के कारोबार विस्तार के लिए सात लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की योजना बनाई है। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, अदाणी समूह का इस समय कुल बाजार पूंजीकरण करीब 14.52 लाख करोड़ रुपये है। हालांकि, यह हिंडनबर्ग रिपोर्ट से पहले के 19.23 लाख करोड़ रुपये के पिछले रिकॉर्ड से अब भी करीब 24 प्रतिशत कम है।

**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति (फोटो में प्रदर्शित) जिसका **नाम:** आज्ञत, **पुत्र:** आज्ञत, **पता:** आज्ञत, **उम्र:** 60 साल, **लिंग:** पुरूष, **कद:** 5 फुट 5 इंच, **रंग:** सांवला, **पहनावा:** नीले रंग का स्वेटर व काले रंग का लोअर पहने हुए है, दिनांक 20.01.2024 समय 03.33 बजे पूर्वान्ह को राजन बाबू टीबी हास्पिटल, किंग्सवे कैम्प, दिल्ली थाना अन्तर्गत सिविल लाइन, दिल्ली पर मृत अवस्था में पाया गया।

इस संदर्भ में **DD No. 64A, dated 20.01.2024** थाना सिविल लाइन्स दिल्ली में दर्ज है।

हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना– सिविल लाइन, दिल्ली
DP/964/N/2024 (UIDB) फोन: 011- 23815444, 8750870127

## गिफ्ट आईएफएससी में अब भारतीय कंपनियां होगी सीधे सूचीबद्ध

*नई दिल्ली। सरकार ने विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को 'गिफ्ट-आईएफएससी' के अंतरराष्ट्रीय एक्सचेंज पर भारतीय कंपनियों द्वारा प्रतिभूतियों को सीधे सूचीबद्ध करने की अनुमति दे दी। वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) ने विदेशी विनिमय प्रबंधन (गैर-ऋण उत्पाद) नियमों में संशोधन किया है और 'अंतरराष्ट्रीय एक्सचेंज योजना पर भारत में शामिल कंपनियों के इक्विटी शेयरों की सीधी सूचीबद्धता' को अधिसूचित किया है। इसके अलावा, कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) ने कंपनी (अनुमेय क्षेत्राधिकार में इक्विटी शेयरों की सूची) नियम, 2024 जारी किए हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पहले चरण में पिछले साल 28 जुलाई को, गिफ्ट-आईएफएससी एक्सचेंजों में भारतीय कंपनियों की सीधी सूचीबद्धता के संबंध में एक घोषणा की थी। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा, 'ये मिलकर सार्वजनिक भारतीय कंपनियों को अनुमति प्राप्त अंतरराष्ट्रीय एक्सचेंजों में अपने शेयर जारी करने और सूचीबद्ध करने में सक्षम बनाने के लिए एक व्यापक नियामकीय ढांचा प्रदान करते हैं।'*

**ज्योतिष**

इंडिया के नं 1 तांत्रिक
गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289240

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## फोपो कार्यकारिणी की बैठक

**नई दिल्ली।** फ़ैडरेशन ऑफ ऑइल पीएसयू ऑफिसर्स (फोपो) की कार्यकारी समिति के सदस्यों की बैठक का आयोजन दिल्ली में किया गया जिसमे इन पीएसयू के कार्य निष्पादन पर प्रभाव डालने वाले विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गयी। ज्ञातव्य रहे कि फोपो के संघटक सदस्यों में अधिकांश पीएसयू महारत्ना कंपनियों (आईओसीएल, ओएनजीसी, बीपीसीएल,एचपीसीएल,गेल एवं ऑइल इण्डिया), की श्रेणी में आते हैं जिनका हमारे देश की पिछले कुछ वर्षों की विकास गाथा में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। साथ ही ये संस्थाएं भारत सरकार की कुछ महत्वपूर्ण समाज कल्याण योजनाओं (यथा उज्ज्वला, स्किल इण्डिया, मेक इन इण्डिया एवं कई अन्य) के सफलतापूर्वक कार्यान्वन में विशेष भूमिका निभा रही हैं जिनसे देश के आर्थिक विकास का लाभ समाज में साम्य रूप से एवं विशेषतया पिछड़े वर्गों तक पहुंचे।

**कोर्ट नोटिस**

ब- अदालत,
श्री अशोक कुमार-IV, सिविल जज सीनियर डिवीजन-XVIII, व्यवहार न्यायालय, राँची

मूल वाद संख्या - 571 वर्ष 2022

जितेन्द्र सिंह वगैरह ...वादीगण
बनाम
कान्ति सिंह एवं अन्य ... प्रतिवादीगण

नोटिस बनाम :
धनेश्वर साहू, पिता - फीरू साहू, निवासी - हाउस नंबर- 1096, हाउसिंग बोर्ड, सेक्टर- 31, गुड़गाँव, हरियाणा, पिन - 122001

चूंकि बजरिये इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मूल वाद वादीगण के द्वारा मेरे न्यायालय में विचारण हेतु दायर किया गया है। जिसकी अगली सुनवाई की तिथि 23.02.2024 मुकर्रर है पूर्व में आपके विरुद्ध नजारत से नोटिस व निबंधित डाक से नोटिस भेजा गया था परन्तु आप आज तक अनुपस्थित हैं।

अतः आपको आगाह किया जाता है कि उक्त मूल वाद में अगर अपना पक्ष रखना चाहते हैं तो नियत तिथि को 11:00 AM बजे सुबह आप स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में वाद की सुनवाई एकपक्षीय की जाएगी। इसे सख्त ताकीद जानें।

यह नोटिस आज दिनांक 23.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं अदालत के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर श्री अशोक कुमार-IV, सिविल जज सीनियर डिवीजन-XVIII, व्यवहार न्यायालय, राँची

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **ग्याम, पुत्र अयूब (उपयोगकर्ता) निवासी डेयरी, प्लॉट नंबर 167, पोल नंबर डीडब्ल्यूकेडी 942, काकरोला डेयरी, साहब सिंह वर्मा स्टेडियम के सामने, नई दिल्ली-110059 ने सीटी. केस/1092/2019 धारा 135 इंडियन इलेक्ट्रिसिटी एक्ट, थाना द्वारका नॉर्थ, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **ग्याम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **ग्याम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि सीटी. केस/1092/2019 धारा 135 इंडियन इलेक्ट्रिसिटी एक्ट, थाना द्वारका नॉर्थ, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **ग्याम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.03.2024** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री विनोद कुमार मीना
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (दक्षिण-पश्चिम) स्पेशल कोर्ट (इलेक्ट्रिसिटी)
दि.पु./895/द्वारका/2024 कोर्ट नं.609, द्वारका जिला कोर्ट, नई दिल्ली

## राशिफल

**मेष** — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार के स्वास्थ का ध्यान रखें। कारोबार में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में कठिनाई हो सकती है। सचेत रहें। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार के लिए विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**कन्या** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कोई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। आत्मसंयत भी रहे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पिता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परन्तु जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। आय में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। क्रोध से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**मीन** — शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## शब्द पहेली - 5405



**बाएँ से दाएँ**
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना, धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य, गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र,बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान,जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह,जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

**शब्द पहेली- 5404 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | त | था | क | थि | त | | क | या | म | त |
| ना | प | | ह | | र | का | बी | | त | र |
| मु | | त | वा | य | फ | | ला | वा | | खा |
| ना | पा | क | | | दा | नी | | दा | म | न |
| सि | | दी | | प | र | | सा | | हि | |
| ब | ह | र | हा | ल | | नि | य | ला | प | न |
| | र | | नि | | आ | शा | | ज | | ज |
| अ | म | र | | अ | तं | | | वा | न | र |
| मा | | मा | न | | क | र | त | ब | | बं |
| न | या | | ज | ल | वा | | ना | | क | द |
| त | क | दी | र | | द | शा | व | ता | र | |

## सूडोकु नवताल - 5415

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5414 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

# आस्ट्रेलियन ओपन : बोपन्ना सेमीफाइनल में पहुंचे, बने सबसे उम्रदराज वर्ल्ड नंबर-1 खिलाड़ी



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

भारत के रोहन बोपन्ना अपने जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं और पुरुष युगल रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज होने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने। 43 वर्ष के बोपन्ना टूर्नामेंट से पहले विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर थे। उन्होंने आस्ट्रेलिया के एबडेन के साथ छठी वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेस और आंद्रेस मोल्तेनी को करीब पौने दो घंटे तक चले क्वार्टर फाइनल में 6-4, 7-6 से हराया। अब उनका सामना थॉमस माचाक और झिंझेन झांग की गैर वरीय जोड़ी से होगा। टूर्नामेंट के आखिर में सोमवार को बोपन्ना युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच जाएंगे। इससे पहले अमेरिका के राजीव राम अक्टूबर 2022 में 38 वर्ष की उम्र में शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचे थे। एबडेन रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचेंगे।

**43 साल के बोपन्ना ने एबडेन के साथ 6-4 7-6 से जीता मैच**



### तीसरे भारतीय खिलाड़ी

बोपन्ना 2013 में पहली बार विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचे थे। वह युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले लिएंडर पेस, महेश भूपति और सानिया मिर्जा के बाद तीसरे भारतीय होंगे। वह अमेरिका के आस्टिन क्राइजेक से शीर्ष स्थान लेंगे जो क्रोएशिया के इवान डोडिज के साथ दूसरे दौर में हार गए थे।

### 2017 में जीता था फ्रेंच ओपन

बोपन्ना ने 2017 में कनाडा की गैब्रियला डाब्रोवस्की के साथ फ्रेंच ओपन मिश्रित युगल खिताब जीता। वह पुरुष युगल में 2010 अमेरिकी ओपन में पाकिस्तान के ऐसाम उल हक कुरैशी के साथ और 2023 में एबडेन के साथ उपविजेता रहे थे। बोपन्ना मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में पुरुष युगल खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी रहे। उन्होंने पिछले साल एबडेन के साथ इंडियन वेल्स टूर्नामेंट जीता था।

### *नंबर एक रैंकिंग भारतीय टेनिस की अगली पीढ़ी को प्रेरित करेगी : बोपन्ना*

*रोहन बोपन्ना को लगता है कि करियर के अंतिम पड़ाव में उनका युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचना भारतीय टेनिस के लिए इस समय प्रेरणादायी रहेगा क्योंकि इस समय वह खराब दौर से जूझता दिख रहा है। बोपन्ना ने इंटरव्यू में कहा, 'यह उपलब्धि सिर्फ मेरे लिए ही नहीं बल्कि भारतीय टेनिस के लिए भी काफी अहमियत रखती है। अगली पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए आपको किसी चीज की जरूरत होती है। सुमित नागल का भी आस्ट्रेलियाई ओपन शानदार रहा। उसने एक दौर का मैच जीता। पुरुष युगल में नंबर एक रैंकिंग पर बहुत गर्व है। यह काफी विशेष क्षण है। पर इसके लिए काफी कुर्बानी दी हैं। मेरे कोच और परिवार सभी ने। मेरा परिवार मेरे साथ ही यात्रा कर रहा है इसलिए यह बिलकुल अलग अहसास है।'*

### मेदवेदेव की शानदार जीत

*रूस के दानिल मेदवेदेव ने नौवीं वरीयता प्राप्त हुबर्ट हुरकाज को करीब साढे चार घंटे तक चले मुकाबले में 7-6, 2-6, 6-3, 5-7, 6-4 से हराकर चार साल में तीसरी बार आस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली। करीब चार घंटे तक चले मैराथन मुकाबले में मेदवेदेव ने हुरकाज की वापसी के हर प्रयास को नाकाम कर दिया। इससे पहले यूक्रेन की डायना यास्त्रेम्स्का ने लिंडा नोस्कोवा को हराकर महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया और वह पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के अंतिम चार में पहुंची है। यूक्रेन की 93वीं रैंकवाली डायना ने क्वालीफायर के जरिए मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया था।*

## खबर संक्षेप



### रोहतक की दीक्षा ने जीता कांस्य पदक

**रोहतक।** ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024में सुनारिया गांव की दीक्षा बुधवार ने 60 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता लवली यूनिवर्सिटी प्रोफेशनल पंजाब में हुई। इस प्रतियोगिता में प्रदेश कई बच्चों ने भाग लिय। दीक्षा का गांव पहुंचने पर भव्य स्वागत किया जाएगा।

### नागल को बेंगलुरु ओपन में सीधे प्रवेश मिला

**बेंगलुरु।** सुमित नागल बुधवार को एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट बेंगलुरु ओपन में सीधे प्रविष्टि हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय बने ।



टूर्नामेंट यहां 10 फरवरी से शुरू होगा। पिछले हफ्ते नागल ने सोमदेव देववर्मन के बाद आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने वाला दूसरा भारतीय पुरुष खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया था। बेंगलुरु ओपन के लिए 'कट-ऑफ' 257 रैंकिंग का है। 137वीं रैंकिंग के खिलाड़ी नागल एटीपी 100 चैलेंजर टूर्नामेंट के मुख्य ड्रा के लिए क्वालीफाई करने वाले 11 देशों के 21 खिलाड़ियों में शामिल होंगे।

### खावर होंगे पीसीबी के कार्यवाहक चेयरमैन

**लाहौर।** जका अशरफ के इस्तीफे के बाद पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट के वकील शाह खावर ने बुधवार को देश के क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के कार्यवाहक चेयरमैन की जिम्मेदारी संभाली।



पीसीबी के संरक्षक प्रधानमंत्री अनवर उल हक कक्कड़ ने जफा अशरफ का इस्तीफा स्वीकार कर लिया था। खावर ने एक बयान में कहा, 'मेरी मुख्य जिम्मेदारी जल्द से जल्द पीसीबी चेयरमैन के स्वतंत्र और पारदर्शी तरीके से चुनाव कराना होगी।' खावर पीसीबी के चुनाव आयुक्त भी रह चुके हैं।

### ऑफ स्पिनर बशीर को मिला वीजा

**हैदराबाद।** इंग्लैंड के पाकिस्तानी मूल के ऑफ स्पिनर शोएब बशीर को भारत के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में खेलने के लिए बुधवार को वीजा मिल गया।



इससे दौरा करने वाली टीम का हताशाजनक इंतजार खत्म हुआ जिसके कप्तान बेन स्टोक्स ने इस विलंब को निराशाजनक बताया था। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने यह घोषणा की। ईसीबी ने हैदराबाद में गुरुवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर 'एक्स' पेज पर लिखा, 'शोएब बशीर को अब वीजा मिल गया है।

## क्रिकेट : इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला का पहला मैच आज 9.30 बजे

# भारत 12 साल से अजेय, स्पिन बॉल और बैजबॉल से टेस्ट होगा रोमांचक

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

अपनी सरजमीं पर पिछले 12 साल से टेस्ट क्रिकेट में चले आ रहे भारत के दबदबे को कड़ी चुनौती मिलेगी जब आक्रामकता की नई परिभाषा गढ़ने वाली इंग्लैंड टीम से गुरुवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में रोहित शर्मा की टीम का सामना होगा। भारत को आखिरी बार अपनी धरती पर 2012 में एलेस्टेयर कुक की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम ने टेस्ट श्रृंखला में 2-1 से हराया था। उसके बाद से भारत ने लगातार 16 श्रृंखलाएं जीती हैं जिनमें सात में 'क्लीन स्वीप' किया है। इस दौरान भारत ने अपनी मेजबानी में 44 टेस्ट खेले और सिर्फ तीन में पराजय का सामना किया। अगर दबदबे की बात की जाये और अस्सी के दशक की वेस्टइंडीज या उसके बाद की आस्ट्रेलियाई टीम भी कहीं नहीं ठहरती। पिछले एक दशक में इस प्रदर्शन के पीछे अनुकूल पिचों और गेंदबाजों का भी योगदान रहा जिन्हें पता था कि इन पिचों का फायदा कैसे उठाना है। भारत की कामयाबी की गाथा लिखने में आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा की भी अहम भूमिका रही।





### अश्विन, जडेजा देंगे चुनौती

टर्न लेने वाली पिच पर पहले मैच में अश्विन और जडेजा एक बार फिर भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। इंग्लैंड टीम अतीत में दोनों का सामना कर चुकी है और खास तौर पर अश्विन को लेकर काफी चिंतित होगी। सैंतीस वर्ष के अश्विन में अभी भी 17 साल के युवा जैसा जोश है। वह 2012 से अब तक 46 टेस्ट में 283 विकेट ले चुके हैं। जडेजा को उनका सहयोगी कहा जा सकता है लेकिन अपने आप में भी वह काफी खतरनाक गेंदबाज हैं। उनकी सटीक पड़ती गेंदें टर्निंग पिच पर बल्लेबाजों को चकमा देने के लिए काफी है। उन्होंने इस दौरान 39 टेस्ट में 191 विकेट लिए हैं। दोनों मिलकर 21 की औसत से 500 के करीब विकेट ले चुके हैं। भारतीय टीम में तीसरे स्पिनर के तौर पर अक्षर पटेल का कुलदीप यादव को उतारा जा सकता है।

### 'बैजबॉल' ने इंग्लैंड को दिलाई सफलता

कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान स्टोक्स की आक्रामक शैली 'बैजबॉल' के दम पर इंग्लैंड ने काफी कामयाबी हासिल की है । उसे एक बार फिर एक ईकाई के रूप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा जिसमें जो रूट और स्टोक्स पर रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। इंग्लैंड ने बायें हाथ के स्पिनर जैक लीच की अगुवाई में तीन स्पिनरों को टीम में जगह दी है। बायें हाथ के स्पिनर टॉम हार्टली पदार्पण करेंगे जबकि लेग स्पिनर रेहान अहमद भी टीम में हैं। तेज गेंदबाजी का जिम्मा मार्क वुड पर होगा चूंकि जेम्स एंडरसन टीम में नहीं हैं।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, केएस भरत, ध्रुव जुरल, रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह, आवेश खान।

**इंग्लैंड :** बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, जेम्स एंडरसन, गुस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, डान लॉरेंस, जाक क्राली, बेन डकेट, बेन फोक्स, टॉम हार्टली, जैक लीच, ओली पोप, ओली रॉबिनसन, जो रूट, मार्क वुड।

## किरण और लक्ष्य ने दर्ज की जीत, प्रणय-श्रीकांत बाहर



एजेंसी ▶▶| जकार्ता

लक्ष्य सेन और किरण जॉर्ज ने बुधवार को यहां इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन स्टार खिलाड़ी एच एस प्रणय और किदाम्बी श्रीकांत शुरुआती दौर में हारकर बाहर हो गए।

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश में जुटे दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी सेन ने चीन के वेंग होंग यांग से मलेशिया ओपन के पहले दौर में मिली हार का बदला चुकता किया। उन्होंने चीन के खिलाड़ी पर 24-22, 21-15 से जीत हासिल की। 2022 ओडिशा ओपन और 2023 डेनमार्क मास्टर्स में सुपर 100 खिताब जीतने वाले 23 साल के जॉर्ज ने पहले दौर में एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को 18-21, 21-16, 21-19 से हरा दिया। दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को पहले दौर में सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यिऊ से 18-21, 21-19, 10-21 से हार गए। पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने मलेशिया के 10वीं रैंकिंग के ली जि जिया को कड़ी चुनौती दी लेकिन वह 54 मिनट तक चले मुकाबले में 21-19, 14-21, 11-21 से हार गए।

### अक्षर और कुलदीप में से एक को चुनना मुश्किल

***हैदराबाद।*** *भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को स्वीकार किया कि इंग्लैंड के खिलाफ शुरूआती टेस्ट के लिए तीसरे स्पिनर के तौर पर अक्षर पटेल और कुलदीप यादव के बीच किसी एक को चुनने के लिए टीम प्रबंधन के सामने बहुत मुश्किल थी। लेकिन उन्होंने संकेत दिया कि हो सकता है कि अक्षर बाजी मार ले। इंग्लैंड के खिलाफ यहां गुरुवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के बाद भारत को तीसरा स्पिनर चुनना है।*

## मैक्सवेल को अपना ध्यान रखना चाहिए

एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि ग्लेन मैक्सवेल सफेद गेंद के प्रारूप की आस्ट्रेलियाई टीम के अहम सदस्य हैं लेकिन एडिलेड में हुई घटना के बाद उन्हें वही करना चाहिए जिसका उन्होंने वादा किया है।

पिछले हफ्ते मैक्सवेल को एडीलेड में अस्पताल में भर्ती कराया गया था क्योंकि वह पूर्व आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ब्रेट ली के बैंड 'सिक्स एंड आउट' कंसर्ट में शिरकत करने के बाद नशे में धुत



होकर गिर गए थे। हालांकि वह ज्यादा लंबे समय तक अस्पताल में नहीं रहे, उन्हें जल्द ही अस्पताल से छुट्टी दी गयी और अब वह ट्रेनिंग में जुटे हैं।

### अंडर 19 विश्व कप : भारत के सामने आयरलैंड की चुनौती

***लोमफोंटेन।*** *भारत की युवा ब्रिगेड आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के दूसरे लीग मैच में गुरुवार को आयरलैंड से खेलेगी तो आने वाले कठिन मुकाबलों से पहले बल्लेबाजी का अच्छा अभ्यास करने पर उसकी नजरें होंगी।*




*भारत ने एकतरफा रहे पहले मैच में बांग्लादेश को 84 रन से हराया। अब आयरलैंड के खिलाफ उसके पास प्रयोग का मौका है क्योंकि अगले सप्ताह से सुपर सिक्स चरण में कठिन प्रतिद्वंद्वियों का सामना करना होगा। आयरलैंड ने पहले मैच में अमेरिका को हराया लेकिन दूसरे मैच में बांग्लादेश से पराजय का सामना करना पड़ा। भारत के सामने चुनौती विरोधी टीम नहीं बल्कि अपने ही प्रदर्शन का स्तर बेहतर करने की होगी।*

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने फ्रांस से 2-2 से खेला ड्रा

एजेंसी ▶▶| केपटाउन

*भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार को यहां चार देशों के टूर्नामेंट के दूसरे मैच में उम्मीदों पर खरा उतरने में विफल रही और उसे फ्रांस से 2-2 से ड्रा से अंक बांटने पड़े।*

*भारत के लिए मंदीप सिंह ने आठवें मिनट में और अमित रोहिदास ने 19वें मिनट में गोल दागा। फ्रांस ने वापसी करते हुए टिमोथी क्लेमेंट के 37वें मिनट और बी गैस्पर्ड के 59वें मिनट में किए गए गोल से बराबरी हासिल की। भारतीय टीम ने सोमवार*



*को टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में फ्रांस को 4-0 से हराया था। मैच शुरू होते ही दोनों टीमों ने अपनी रक्षण दक्षता से प्रतिद्वंद्वी को अपने गोल से दूर रखा। मंदीप ने भारत के लिए गोल कर बढ़त दिला दी। रोहिदास ने दूसरे क्वार्टर में इसे दोगुना कर दिया जिससे टीम ने दबदबा बनाया हुआ था।*

### तीन स्पिनरों को चुना गया : बेन स्टोक्स

***हैदराबाद।*** *इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने भारत के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए एक तेज गेंदबाज और तीन स्पिनरों को अंतिम एकादश में शामिल किया। मार्क वुड को अनुभवी जेम्स एंडरसन की जगह इस मैच के लिए चुना गया और स्टोक्स ने कहा कि डरहम के इस गेंदबाज को 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने की काबिलियत के कारण ही तरजीह दी गयी। स्टोक्स ने कहा, 'निश्चित रूप से, वह काफी रफ्तार से गेंदबाजी करता है। वह काफी प्रभावी गेंदबाजी करता है। 90 मील प्रति घंटे की रफ्तार से रिवर्स होती गेंद के खिलाफ खेलना निश्चित रूप से बहुत मुश्किल होगा।'*



## 50 के औसत और 150 के स्ट्राइक रेट से बनाए रन

# सूर्यकुमार बने आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेटर

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को लगातार दूसरे साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने वर्ष का सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेटर चुना है। आईसीसी ने उन्हें इस प्रारूप में भारत के मध्यक्रम की रीढ़ कहा है। यादव ने 2023 में 50 के करीब औसत और 150 से अधिक की स्ट्राइक रेट से टी20 क्रिकेट में रन बनाए। वह फिलहाल जर्मनी में ग्रोइन की सर्जरी के बाद रिहैबलिटेशन में हैं। वह मार्च में आईपीएल में वापसी कर सकते हैं जिसमें वह मुंबई इंडियंस के लिए खेलेंगे। आईसीसी ने कहा, 'भारतीय मध्यक्रम की रीढ़ इस बल्लेबाज ने कई मैच जिताए हैं।

लगातार दूसरी बार उन्हें यह पुरस्कार दिया जा रहा है।' यादव ने साल की शुरुआत श्रीलंका के खिलाफ सात रन बनाकर की



लेकिन उसके बाद लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। आईसीसी ने कहा, 'वह लगातार 20-40 में रन बनाते रहे और वेस्टइंडीज के खिलाफ 44 गेंद में 83 रन बनाए। उन्होंने फ्लोरिडा में वेस्टइंडीज के खिलाफ 45 गेंद में 61 रन बनाए।

साल के आखिर में कप्तानी का बोझ होने पर भी उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की।' उन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 42 गेंद में 80 और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 36 गेंद में 56 रन बनाए। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी टी20 में 56 गेंद में 100 रन की पारी खेली। उन्होंने जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ 51 गेंद में 112 रन बनाए। यह टी20 क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज का दूसरा सबसे तेज शतक था। रोहित शर्मा ने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ 35 गेंद में शतक जड़ा था।

## भारत ने हॉकी-5 वर्ल्ड कप में पोलैंड को हराया

एजेंसी ▶▶| मस्कट

दीपिका सोरेंग और मुमताज खान के दो-दो गोल की मदद से भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी-5 महिला विश्व कप में बुधवार को पूल सी के पहले मैच में पोलैंड को 5-4 से हराया। मुमताज ने चौथे और 23वें मिनट में गोल किया जबकि दीपिका ने छठे और 29वें मिनट में गोल दागा।



मरियाना कुजूर ने 33वें मिनट में गोल किया। पोलैंड के लिए जूलिया के (आठवां), कप्तान मारलेना रिबाचा (10वां), पाउला स्लाविंस्का (27वां) और मोनिका पोलव्जाक (29वां) ने गोल दागे। भारत ने चौथे ही मिनट में मुमताज के गोल पर बढ़त बना ली। इसके दो मिनट बाद दीपिका ने भारत की बढ़त दुगुनी कर दी। पोलैंड ने जवाबी हमले में दो मिनट में दो गोल किए। मुमताज के दूसरे गोल के दम पर पहले हाफ में स्कोर 3-2 था। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने रक्षात्मक खेल दिखाया। भारत के लिए कुजूर ने शानदार मूव को अंजाम देते हुए गोल किया। स्लाविंस्का ने 27वें मिनट में पोलैंड के लिए गोल दागा लेकिन दीपिका ने दो मिनट बाद गोल करके भारत को दो गोल की बढ़त दिला दी। एक मिनट बाकी रहते पोलैंड के लिए मोनिका ने गोल किया लेकिन भारत ने अपनी बढ़त बरकरार रखी। अब भारत का सामना अमेरिका से होगा।




# आसमान में रशियन मिलिट्री प्लेन धू-धू कर जला

- रूस के पश्चिमी बेलगोरोड क्षेत्र में हुआ हादसा
- यूक्रेन के 65 पीओडब्ल्यू एस लेकर जा रहा था
- हादसे में सभी की मौत की जताई जा रही आशंका
- विमान के गिरने के बाद बड़ा धमाका और लगी आग




एजेंसी ▶▶ मास्को

रूस-यूक्रेन युद्ध से एक बड़ी खबर है। यूक्रेन के 65 युद्धबंदियों को लेकर जा रहा आईएल-76 मिलिट्री ट्रांसपोर्ट प्लेन क्रैश हो गया है। यह हादसा पश्चिमी बेलगोरोड शहर के उत्तर-पूर्व में क्षेत्र के कोरोचांस्की जिले में घटना हुई है। प्लेन में यूक्रेन के 65 सैनिक सवार थे। उन्हें यूक्रेन को सौंपने के लिए ले जाया जा रहा था। इसके अलावा प्लेन में 6 क्रू मेंबर और तीन एस्कॉर्ट्स थे।




- प्लेन में सवार थे रियो टिंटो कंपनी के मजदूर
- उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में फोर्ट स्मिथ के पास हुआ दुर्घटनाग्रस्त
- रियो टिंटो के सीईओ ने जताया दुख

## मजदूरों को ले जा रहा विमान कनाडा में क्रैश

*कनाडा। मजदूरों को ले जा रहा एक छोटा विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद कनाडा के सुदूर उत्तर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है। यह घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 8 बजकर 50 मिनट पर हुआ। एक खदान में श्रमिकों को ले जाने वाली यह चार्टर उड़ान थी।*

## खबर संक्षेप

### हमले में 21 इजराइली सैनिकों की मौत



**तेल अवीव।** इजराइल और गाजा के बीच युद्द जारी है। इसी बीच मंगलवार को गाजा में हमास से लड़ते हुए कम से कम 21 और इजराइली सैनिक मारे गए हैं। आईडीएफ के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा कि सैनिक दो इमारतों को ध्वस्त करने विस्फोटक तैयार कर रहे थे, जब आतंकवादियों ने टैंक पर रॉकेट से ग्रेनेड हमला कर दिया, जिसके चलते विस्फोट हो गया। इमारतें पूरी तरह ढह गईं।

### चीन के जियांग्शी प्रांत में आग से 25 की मौत



**बीजिंग।** चीन के दक्षिणी जियांग्शी प्रांत के युशुई जिले में बुधवार को कुछ दुकानों में भीषण आग लगने की वजह से 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। आनन-फानन में घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, सरकार ने यह नहीं बताया कि कितने लोग घायल हो गए। 3 बजकर 24 मिनट पर एक शॉपिंग एरिया के बेसमेंट में आग लग गई।

## दुनिया आज भारत की विविधता और क्षमताओं को बड़े उत्साह से देख रही

# दुनियाभर में कई तरह से मनाया जा रहा गणतंत्र दिवस... दुबई में 'भारत उत्सव'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया आज भारत की विविधता और क्षमताओं को बड़े उत्साह से देख रही है। विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र और देश के 140 करोड़ परिवारजन आज आजादी का पर्व मना रहे हैं। गणतंत्र दिवस पर विश्व के तमाम देश आज भारत के साथ इस पर्व की खुशी मना रहे हैं। लेकिन भारत इस मुकाम तक यूं ही नहीं पहुंचा। इसके लिए देश को अनेक कठिनाइयां उठानी पड़ी और एक लंबी यात्रा तय करनी पड़ी।

भारतीय कला और विरासत का जश्न मनाने वाला तीन दिवसीय कार्यक्रम 'भारत उत्सव' दुबई में शुरू हुआ। संयुक्त अरब अमीरात में भारतीयों की संख्या 3.554 मिलियन है। इस प्रकार भारतीयों को रोजगार देने में विश्व में यूएई का पहला स्थान है।

*देश ने बीते 76 वर्षों में एक लंबा रास्ता तय किया। पिछले 76 साल में भारत ने आर्थिक स्वतंत्रता को अपनाया और निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने पंचवर्षीय योजनाओं को तैयार किया।*

### विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र बना भारत

**खास बातें**

- महोत्सव का मुख्य लक्ष्य भारतीय संस्कृति के आकर्षण को उजागर करना
- 'भारत उत्सव' विभिन्न कलात्मक विषयों में छिपी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करता

◆ देश के 140 करोड़ परिवारजन मनाएंगे गणतंत्र का पर्व



### पूरी दुनिया की निगाहें भी भारत पर

गौरतलब हो, देश ने बीते 76 वर्षों में एक लंबा रास्ता तय किया और एक मील का पत्थर स्थापित किया। पिछले 76 साल में भारत ने आर्थिक स्वतंत्रता को अपनाया और निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पंचवर्षीय योजनाओं को तैयार करने के साथ-साथ आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में काम किया। मगर आज भी हम एक विकासशील देश के रूप में जाने जाते हैं। यानी भारत को विकसित राष्ट्र बनने के लिए अभी एक रास्ता और तय करना है, और ये भी सही है कि आने वाले समय में देश के सामने कई चुनौतियां भी होंगी।



**इस साल गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम महिलाओं पर केंद्रित**

### फुल ड्रेस रिहर्सल में सेना ने दिखाया शौर्य का दमकार ट्रेलर

भारतीय सेना से लेकर अन्य राज्यों की झांकियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस साल गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम महिलाओं पर केंद्रित है। पहली बार भारतीय सेना की आर्टिलरी रेजिमेंट में शामिल होने वाली पांच महिला अधिकारियों में से 4 परेड में हिस्सा ले रही हैं। परेड में भारतीय वायु सेना के 51 एयरक्राफ्ट हिस्सा लेंगे, जिसमें 29 लड़ाकू विमान, 8 परिवहन विमान और 13 हेलीकॉप्टर शामिल रहेंगे।



इन सभी एयरक्राफ्ट को 6 अलग-अलग बेस से संचालित किया जाएगा। महिला फाइटर पायलटों को भी गणतंत्र दिवस परेड में शामिल किया गया है। परेड में 48 महिला अग्निवीर भी हिस्सा ले रही हैं। परेड के दौरान स्वदेशी हथियार जैसे एलसीएच प्रचंड हेलीकॉप्टर, पिनाका मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर और एंटी टैंक मिसाइल नाग का प्रदर्शन किया जाएगा।

## संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष बोले

# समय की है मांग...अब यूएनएससी में हो सुधार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पांच दिवसीय यात्रा पर भारत आए संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सुरक्षा परिषद की मौजूदा संरचना विश्व की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करता है, हमें इसमें सुधार करने की जरूरत है।

गौरतलब है कि सुरक्षा परिषद सुधार पर अंतरसरकारी वार्ता में कोई खास प्रगति नहीं होने से भारत नाराज है। खास बात है कि पूरी दुनिया से उठ रही सुधार की मांग में भारत को स्थाई सदस्य का प्रबल दावेदार माना जाता है। वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र महासभा में पांच स्थाई सदस्य (रूस, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस और अमेरिका)। वहीं 10 अस्थाई सदस्य देश शामिल हैं, जो संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा दो साल के कार्यकाल के लिए चुने जाते हैं। पांच स्थाई सदस्य किसी भी देश के प्रस्ताव पर वीटो कर सकते हैं।

◆ अभी यूएनएससी में पांच स्थाई सदस्यों का दबदबा



### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद पर उठाए सवाल

डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि कुछ वर्षों में सुरक्षा परिषद वैश्विक शांति और सुरक्षा को मजबूत करने में असमर्थ रहा है। भारत पहुंचते ही उन्होंने यूएनएससी में सुधार की वकालत की है। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री जयशंकर के साथ उनकी बातचीत में यह मुद्दा उठा था। गौरतलब है कि वर्तमान वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रासंगिकता कम हुई है। जिसके बाद से लगातार इसमें सुधार की मांग उठ रही है।

### भारत ने कई सराहनीय कदम उठाए

वहीं डेनिस फ्रांसिस ने जी20 में अफ्रीकी संघ को पूर्ण सदस्य बनाने को लेकर भारत की सराहना की है। फ्रांसिस ने कहा कि किसी को संदेश नहीं है कि भारत की अफ्रीका तक पहुंच हैं। जी20 में अफ्रीकी संघ को शामिल करके भारत ने इसको दिखाया है। साथ ही उन्होंने कहा कि इससे कहीं अधिक ग्लोबल साउथ के विकास में सहायता और सुविधा देने की भारत की प्रतिबद्धता सराहनीय है।

## वीजा को लेकर नए नियम बेहद सख्त

# कनाडा में अब पढ़ना और रहना हुआ बहुत मुश्किल

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा सरकार ने छात्र वीज़ा जारी करने के नियमों को सख्त कर दिया है। इसका सीधा असर उन भारतीय छात्रों पर पड़ सकता है।

कनाडा के इमिग्रेशन मामलों के मंत्री मार्क मिलर ने यह घोषणा की है कि 1 सितंबर, 2024 से शुरू होने वाले शैक्षणिक सत्र के लिए छात्र वीज़ा में 35% कटौती कर दी गई है। साल 2023 में वहां 5 लाख 79 हजार वीजा जारी किए गए थे। लेकिन नए नियमों के तहत यह संख्या इस इस साल 3 लाख 64 हजार रह जाएगी। भारत एशिया से कनाडा जाने वाले देशों की सूची में चीन के बाद सबसे ऊपर है। पंजाब के छात्रों के लिए कनाडा एक पसंदीदा जगह है।



### इसलिए बनाया नियम

नियम बनाने की वजह बड़ी तादाद में छात्रों के वहां पहुंचने से आ रही समस्याओं से जुड़ी है। इसका असर वहां के आवास और बाजारों पर दिख रहा है। मंत्री मार्क मिलर ने ट्वीट कर जानकारी दी है कि यह बंदिश अगले 2 साल रहेगी, क्योंकि नए नियम 2025 में आएंगे। इसके अलावा पोस्ट-ग्रेजुएशन वर्क परमिट प्रोग्राम (पीजीडब्ल्यूपी) में बदलाव की भी घोषणा की गई। पीजीडब्ल्यूपी अंतरराष्ट्रीय छात्रों को कनाडा में पढ़ाई पूरी करने के बाद काम करने की अनुमति देता है।

## जयशंकर ने नाइजीरिया में 30 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई

# अफ्रीका के उदय को लेकर आश्वस्त है भारत, मिलना चाहिए उचित स्थान

*भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि अफ्रीका का उदय हो रहा है और भारत उसके उदय को लेकर आश्वस्त है। उन्होंने कहा कि भारत को अफ्रीका के उदय पर भरोसा है।*

एजेंसी ▶▶ अबुजा

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत अफ्रीका के उदय को लेकर आश्वस्त है और जब तक इस महाद्वीप को उसका उचित स्थान नहीं मिल जाता तब तक दुनिया का पुनर्संतुलन नहीं होगा और बहुध्रुवीय स्थिति नहीं बनेगी।

जयशंकर ने नाइजीरिया-भारत व्यापार परिषद (एनआइबीसी) को संबोधित करते हुए कहा कि नई वैश्विक व्यवस्था का पुनर्संतुलन और इसकी पुनर्व्यवस्था तभी होगी जब आर्थिक स्थिति इसके मूल में होगी यानी अफ्रीका का आर्थिक उत्थान होना चाहिए।

- जयशंकर ने नाइजीरिया-भारत व्यापार परिषद को किया संबोधित
- संसाधनों और महत्वाकांक्षा के मामले में अफ्रीका तेजी से आगे बढ़ रहा
- जयशंकर नाइजीरिया की यात्रा करने वाले भारत के पहले विदेश मंत्री



### भारत और अफ्रीका के बीच बढ़ेगी साझेदारी

उन्होंने कहा कि यह कम समय में स्पष्ट रूप से बहुत अलग, अधिक सकारात्मक भविष्य की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा, हरित एवं स्वच्छ विकास, पानी, कृषि स्थिरता एवं सुरक्षा और समुद्री अर्थव्यवस्था ऐसे कुछ क्षेत्र हैं जहां भारत और अफ्रीका के बीच साझेदारी बढ़ सकती है। जयशंकर युगांडा में आयोजित गुटनिरपेक्ष आंदोलन शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद नाइजीरिया पहुंचे। वह नाइजीरिया की यात्रा करने वाले भारत के पहले विदेश मंत्री हैं।

### 15 अरब अमेरिकी डॉलर का सालाना व्यापार

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारत और नाइजीरिया के बीच लगभग 13 से 15 अरब अमेरिकी डालर का सालाना व्यापार होता है और भारत ने नाइजीरिया में लगभग 30 अरब अमेरिकी डालर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने कहा कि नाइजीरिया अफ्रीका में भारत का प्रमुख आर्थिक भागीदार है और आगे भी रहेगा।

### कई मामलों में अफ्रीका तेजी से आगे बढ़ रहा

उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था स्पष्ट रूप से यह विकल्प पेश करती है क्योंकि दूसरों के लिए बाजार बनकर या केवल संसाधनों का प्रदाता बनकर वैश्विक व्यवस्था में ऊपर जाना बहुत कठिन है। जयशंकर ने कहा कि अफ्रीका का उदय हो रहा है और भारत उसके उदय को लेकर आश्वस्त है। उन्होंने कहा कि भारत को अफ्रीका के उदय पर इसलिए भरोसा है क्योंकि आज किसी भी वस्तुनिष्ठ आकलन के अनुसार जनसांख्यिकी के मामले में, संसाधनों के मामले में, महत्वाकांक्षा के मामले में अफ्रीका तेजी से आगे बढ़ रहा है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109